RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 267
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 5 अगस्त, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





मनिका बत्रा को कारण बताओ नोटिस

स्पोर्ट्स-10

# रवि दहिया ने जगायी स्वर्ण की उम्मीद

- प्रतिद्वंदी को चित कर फाइनल में पहुंचा भारतीय पहलवान
- जैवलीन थ्रोअर नीरज चोपड़ा भी खिताबी दौड़ में
- अर्जेंटीना से हार महिला हॉकी टीम का फाइनल का सपना टूटा


**भाषा।** टोक्यो



रवि दहिया (बाएं) ने कजाकिस्तान के पहलवान को दी पटखनी



भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने जगाई उम्मीद



हार कर भी कांस्य पदक की दौड़ में हैं दीपक पुनियां (बाएं)

**पहलवान** रवि दहिया और भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा ने बुधवार को यहां तोक्यो ओलंपिक खेलों में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से इतिहास रचने की तरफ कदम बढ़ाए लेकिन लवलीना बोरगोहेन को सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा जबकि महिला हॉकी टीम भी फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही। दहिया कुश्ती में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में कजाखस्तान के नूरइस्लाम सानाएव को पिन फॉल पर हराकर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बने। उनके पास अब स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने का मौका है।

चोपड़ा ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता की भाला फेंक स्पर्धा में 86.65 मीटर भाला फेंककर फाइनल में जगह बनाई। उनके पास भी पदक जीतकर इतिहास रचने का अवसर है क्योंकि अभी तक कोई भी भारतीय एथलेटिक्स में पदक नहीं जीत पाया है। लवलीना और हॉकी टीम के पास भी ऐसे मौके थे लेकिन वे सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए। लवलीना को महिलाओं के 69 किग्रा भार वर्ग में तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली से हार गई जबकि अर्जेंटीना ने महिला हॉकी टीम को 2–1 से पराजित किया। गोल्फ में हालांकि अदिति अशोक ने अच्छी शुरुआत करके उम्मीद बंधाई है। वह पहले दौर के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। भारत के नाम पर अभी एक रजत और दो कांस्य सहित तीन पदक दर्ज हैं और वह पदक तालिका में 65वें स्थान पर है।

भारतीयों में बुधवार का दिन निश्चित तौर पर दहिया के नाम पर था। कुश्ती में वैसे भारत के लिए यह दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। दीपक पूनिया सेमीफाइनल में हार गए लेकिन कांस्य पदक की दौड़ में बने हुए जबकि अंशू मलिक अब रेपाशॉज के जरिए पदक के लिए अपना भाग्य आजमाएगी। हरियाणा के एक किसान के बेटे दहिया से पहले सुशील कुमार ओलंपिक कुश्ती के फाइनल में पहुंचने वाले अकेले भारतीय थे जिन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक जीता था। चौथी वरीयता प्राप्त दहिया सेमीफाइनल में एक समय 2–9 से पीछे थे लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अपने विरोधी के दोनों पैरों पर हमला किया और उसे कसकर पकड़ लिया। इसके बाद उसे जमीन पर पटखनी देकर पिन फॉल से मुकाबला जीत लिया। इसमें अगर कोई पहलवान विरोधी के दोनों कंधे जमीन पर लगा दे तो मैच वहीं खत्म हो जाता है। दहिया ने इससे पहले दोनों मुकाबले तकनीकी दक्षता के आधार पर जीते थे। फाइनल में उनका सामना मौजूदा विश्व चैम्पियन रूस के जावुर युगुएव से होगा। दहिया ने जीत के बाद कहा, मैं उसे दो बार पहले भी हरा चुका हूं तो मुझे पता था कि पिछड़ने के बावजूद वापसी कर सकता हूं। यह करीबी मुकाबला था और मुझे बढत गंवानी नहीं चाहिए थी। पूनिया पुरुषों के 86 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में हालांकि अमेरिका के 2018 विश्व चैम्पियन डेविड मौरिस टेलर से एकतरफा मुकाबले में हार गए। पूनिया का सामना अब माइलेस एमिने और अली शाबानाउ के बीच होने वाले रेपेशॉज मुकाबले के विजेता से होगा। महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में 19 वर्षीय अंशु मलिक पहले मुकाबले में यूरोपीय चैम्पियन बेलारूस की इरिना कुराचिकिना से 2–8 से हार गई। उन्हें हालांकि पदक जीतने का एक और मौका मिलेगा क्योंकि इरिना फाइनल में पहुंच गई है। अब अंशु गुरुवार को रेपेशॉज खेलेगी और कांस्य की दौड़ में होगी। एथलेटिक्स में ओलंपिक में पदार्पण कर रहे चोपड़ा ने अपने पहले ही प्रयास में भाले को 86.65 मीटर की दूरी तक फेंककर 83.50 मीटर का स्वत: क्वालीफिकेशन स्तर हासिल करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन चोपड़ा ग्रुप ए और ग्रुप बी में 32 खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। उनका निजी और सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.07 मीटर है जो उन्होंने मार्च 2021 में पटियाला में इंडियन ग्रां प्री 3 में बनाया था। शिवपाल ने हालांकि निराश किया। वह अपने पहले प्रयास में 76.40 मीटर, दूसरे में 74.80 मीटर और तीसरे प्रयास में 74.81 मीटर की दूरी ही तय कर पाए और ग्रुप बी में 16 खिलाड़ियों के बीच 12वें और कुल 27वें स्थान पर रहे। मुक्केबाजी में लवलीना को सेमीफाइनल में तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही तोक्यो ओलंपिक में भारतीय मुक्केबाजों का अभियान एक कांस्य पदक के साथ खत्म हुआ। ओलंपिक में पदार्पण कर रही विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना के खिलाफ बुसेनाज ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और सर्वसम्मति से 5–0 से जीत दर्ज ( शेष पेज 9 )

# संसद में गतिरोध खत्म करने की जिम्मेदारी केंद्र की: विपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पेगासस विवाद और किसानों के मुद्दे पर चर्चा की मांग स्वीकार कर संसदीय लोकतंत्र का सम्मान करे सरकार

**14** विपक्षी दलों के नेताओं ने बुधवार को कहा कि संसद में गतिरोध खत्म करने की जिम्मेदारी केंद्र की है। इन दलों ने सरकार से पेगासस विवाद और किसानों को मुद्दों पर चर्चा कराने की उनकी मांग को स्वीकार कर संसदीय लोकतंत्र का सम्मान करें। इन दलों ने एक संयुक्त बयान जारी कर सरकार पर विपक्ष के खिलाफ दुष्प्रचार करने और अहंकार दिखाने का आरोप लगाया तथा कहा कि संसद में पेगासस जासूसी मामले पर चर्चा के तत्काल बाद किसानों और तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कराई जाए।

राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, द्रमुक के टीआर बालू, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, शिवसेना के संजय राउत, राजद के मनोज झा, माकपा के ई. करीम, आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता, आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर, नेशनल कांफ्रेंस के हसनैन मसूदी, भाकपा के विनय विश्वम, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन और लोकतांत्रिक जनता दल के एमवी श्रेयांश कुमार की ओर से यह बयान जारी किया गया है। इस संयुक्त बयान में कहा गया है कि विपक्षी पार्टियां इस मांग को लेकर अडिग और एकजुट हैं कि पेगासस मामले पर संसद में चर्चा हो और गृह मंत्री इसका जवाब दें क्योंकि इस मामले से राष्ट्रीय सुरक्षा के आयाम जुड़े हैं।

विपक्षी दलों ने यह भी कहा कि पेगासस पर चर्चा के ठीक बाद किसानों के मुद्दों और तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन को लेकर चर्चा कराई जाए। उन्होंने दावा किया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने एकजुट विपक्ष को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार अभियान चलाया है और संसद में व्यवधान के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा रही है। इस गतिरोध की जिम्मेदारी सरकार पर है जो अहंकार में है और दोनों सदनों में चर्चा कराने की विपक्ष की मांग को मानने से इनकार कर रही है। विपक्षी सदस्यों ने कहा कि विपक्ष एक बार ( शेष पेज 9 )

# बीआरओ ने बनाई दुनिया की सबसे ऊंची सड़क




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पूर्वी लद्दाख में 19,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है यह रोड

**लद्दाख** स्थित भारत-चीन सीमा पर सेना की अग्रिम पंक्ति के सैनिकों को रसद सहायता पहुंचाने के लिए, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने 19,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर एक सड़क बनाई है। यह दुनिया की सबसे ऊंची सड़क है।

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि बीआरओ ने पूर्वी लद्दाख में उमलिंगला दर्रे पर 19,300 फुट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची मोटर वाहन योग्य सड़क का निर्माण किया है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि बीआरओ ने उमलिंगला दर्रे पर 52 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया है। इसके साथ ही उमलिंगला दर्रा अब ब्लैकटॉप रोड से जुड़ गया है। इस सड़क ने बोलिविया में 18,953 फुट की ऊंचाई पर बनी सड़क का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उमलिंगला दर्रे की यह सड़क पूर्वी लद्दाख के चुमार सेक्टर के महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ती है। यह स्थानीय आबादी के लिए एक वरदान साबित होगी क्योंकि यह लेह से चिसुमले और ( शेष पेज 9 )

# विलय के बाद से एयर इंडिया को 71 हजार करोड़ का घाटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इंडियन** एयरलाइंस में विलय होने के बाद भी एयर इंडिया को भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। देश की इस प्रतिष्ठित विमानन कंपनी का विलय 2007 में हुआ था और तब से उसे 31 मार्च, 2020 तक लगभग 70,820 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। सार्वजनिक क्षेत्र की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया की वर्तमान वित्तीय स्थिति और इसके विनिवेश के लिए सरकार की पहल के बारे में राज्यसभा में सांसद महेश पोद्दार के प्रश्न के लिखित उत्तर में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने कहा कि एयर इंडिया के लिए वित्तीय बोलियां 15 सितंबर तक प्राप्त होने की संभावना है। सरकार ने कंपनी की नाजुक वित्तीय स्थिति और इसके लगातार नुकसान के कारण रणनीतिक विनिवेश का फैसला लिया है। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड में 100 फीसद तथा एयर इंडिया एसएटीएस में 50 फीसद हिस्सेदारी के लिए भारत सरकार ने रणनीतिक विनिवेश के लिए रुचि की अभिव्यक्ति ( शेष पेज 9 )

# सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज अरुण मिश्रा और कई वकीलों के नाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पेगासस टेपिंग**

**पेगासस** फोन टेपिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले बुधवार को निशाने पर लिए गए फोन नंबरों की एक और सूची सामने आई है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरुण मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार और कई हाई प्रोफाइल वकीलों के फोन नंबर हैं, जिन्हें जासूसी के लिए चुना गया। द वायर पोर्टल द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अरुण मिश्रा ने पुष्टि करते हुए कहा कि यह नंबर 2013–2014 के दौरान उनके पास था, लेकिन वह अब नंबर का उपयोग नहीं कर रहे हैं। जिस दिन द वायर ने पेगासस खुलासे वाली अपनी श्रंखला शुरू की थी, उस दिन जारी फोन नंबरों में एक सिटिंग जज से जुड़े नंबर का जिक्र भी किया गया था। पोर्टल ने उस समय उनका नाम उजागर नहीं किया था। अब उनसे पुष्टि करने के बाद नाम जाहिर किया गया है। सितंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट से सेवानिवृत्त हुए जस्टिस मिश्रा के नाम पर राजस्थान में पंजीकृत मोबाइल नंबर को 2019 में जासूसी के लिए डेटाबेस में जोड़ा गया था। बीएसएनएल के रिकॉर्ड तक पहुंच रखने वाले एक गोपनीय सूत्र ने बताया कि न्यायमूर्ति मिश्रा के नाम पर यह फोन नंबर 18 सितंबर, 2010 को दर्ज कराया गया था और यह 19 सितंबर, 2018 तक उनके नाम पर रहा। हालांकि जस्टिस अरुण मिश्रा ने द वायर को बताया कि टेपिंग के निशाने पर आया फोन नंबर वर्ष 2013–14 से उनके पास नहीं है।

पेगासस की ताजा सूची में एनके गांधी और टीआई राजपूत भी हैं। दोनों ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के बेहद महत्वपूर्ण रिट सेक्शन में काम किया है। इस सूची में सुप्रीम कोर्ट में दो जूनियर कर्मचारियों तपन कुमार चक्रवर्ती और मानव शर्मा का भी नाम है। इन दोनों को रिलायंस एडीएजी समूह के अनिल अंबानी के खिलाफ अदालत की अवमानना ??के एक मामले में फैसले की गोपनीयता से छेड़छाड़ करने के आरोप में तत्कालीन सुप्रीम कोर्ट ( शेष पेज 9 )

# कंपनियां व वाहन निर्माता जारी कर सकेंगे डीएल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वाहन निर्माता संघों समेत गैर लाभकारी संगठनों और निजी कंपनियों को मान्यता प्राप्त चालक प्रशिक्षण केंद्र चलाने और निर्धारित प्रशिक्षण पूरा करने पर ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की अनुमति दी है। मंत्रालय की तरफ से बुधवार को जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार इस नई सुविधा के साथ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया भी जारी रहेगी। मंत्रालय ने दो अगस्त, 2021 को जारी बयान में कहा, वैध संस्थाएं जैसे कंपनियां, गैर सरकारी संगठन, निजी प्रतिष्ठान, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन, वाहन निर्माता संघास्वायत्त निकायानिजी वाहन निर्माता चालक प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) की मान्यता के लिए आवेदन करने के लिए योग्य होंगे। इसके अलावा बयान में कहा गया कि वैध संस्थाओं के पास केंद्रीय मोटर वाहन (सीएमवी) नियम, 1989 के तहत निर्धारित ( शेष पेज 9 )

# तृणमूल के छह रास सांसद दिन भर के लिए निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पेगासस मुद्दे पर विपक्ष के सांसदों के मिलकर कर रहे थे नारेबाजी और हंगामा, राज्यसभा लॉबी के द्वार का शीशा टूटा

**राज्यसभा** में अशोभनीय व्यवहार के कारण तृणमूल कांग्रेस के छह सदस्यों को एक दिन के लिए निलंबित करने के बाद उन्होंने उच्च सदन की लॉबी में विरोध प्रदर्शन किया जिससे एक द्वार का शीशा टूट गया और एक महिला सुरक्षा अधिकारी को चोट आई। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

राज्यसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि निलंबित किए जाने के बाद जब सचिवालय ने इन सदस्यों से सदन की कार्यवाही में भाग नहीं लेने को कहा तो उन्होंने राज्यसभा की गैलरी में प्रवेश करने का प्रयास किया किंतु उन्हें सुरक्षा अधिकारियों ने रोक दिया। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद उन सदस्यों ने केंद्रीय कक्ष के समीप गैलरी के प्रवेश स्थल पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और वे गाना गाने लगे। उन्होंने बताया कि बुधवार को जब सदन की बैठक को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया तो निलंबित सदस्यों ने कथित रूप से जबरदस्ती राज्यसभा के सदन कक्ष में प्रवेश करने का प्रयास किया। इसी दौरान सांसद अर्पिता घोष ने लॉबी के द्वार के शीशे को कथित तौर पर तोड़ दिया जिससे सुरक्षा अधिकारी को चोट लग गई।

सूत्रों ने बताया कि इस समूची घटना के बारे में रिपोर्ट तैयार की जा रही है जिसे राज्यसभा के महासचिव को सौंपा जाएगा। इससे पहले राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने पेगासस जासूसी मुद्दे पर तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन करने को लेकर तृणमूल कांग्रेस के छह सांसदों को दिन भर के लिए निलंबित कर दिया था। सुबह शून्यकाल में तृणमूल कांग्रेस ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 54,369 ↑ 546 | |
| निफ्टी | 16,258 ↑ 128 | |
| सोना | 46,992 ↑ 123 | /10g |
| चांदी | 66,926 ↑ 766 | /kg |

## क्विक न्यूज

### एनसीपीसीआर ने बच्ची मामले का लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** नांगल राय में नौ साल की मासूम बच्ची से रेप के बाद हत्या का मामला तूल पकड़ रहा है। बुधवार दिन भर यहां नेताओं का तांता लगा रहा। इस बीच राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मामले का संज्ञान लिया है। उसने दिल्ली पुलिस से विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

### दिल्ली में कोविड जांच का तय हुआ शुल्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के निजी अस्पतालों, लैब (प्रयोगशाला) में कोविड-19 की जांच के लिए बुधवार को अधिकतम शुल्क तय किया, जिसके मुताबिक अब आरटी-पीसीआर जांच के लिए 500 रुपये और रैपिड एंटीजन जांच के लिए 300 रुपये देने होंगे।

# स्वदेशी पोत विक्रांत का परीक्षण शुरू

- यह देश में निर्मित सबसे बड़ा और विशालकाय युद्धपोत है, 23,000 करोड़ रुपये की आयी है लागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** के पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक जहाज विक्रांत का समुद्र में बहुप्रतीक्षित परीक्षण बुधवार को शुरू हो गया। यह देश में निर्मित सबसे बड़ा और विशालकाय युद्धपोत है। भारतीय नौसेना ने इस अवसर को देश के लिए गौरवान्वित करने वाला और ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों में शुमार हो गया है, जिसके पास स्वदेश में डिजाइन करने, निर्माण करने और अत्याधुनिक विमानवाहक जहाज तैयार करने की विशिष्ट क्षमता है। विक्रांत का वजन 40,000 टन है और यह पहली बार समुद्र में परीक्षण के लिए तैयार है। गौरतलब है कि इसी नाम के एक जहाज ने 50 साल पहले 1971 के युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी।

इस विमानवाहक जहाज को, इसके विमानन परीक्षण पूरे करने के बाद, अगले साल की दूसरी छमाही में भारतीय नौसेना में शामिल किए जाने की उम्मीद है। इसे करीब 23,000 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया गया है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, यह भारत के लिए गौरवान्वित करने वाला और ऐतिहासिक दिन है क्योंकि 1971 के युद्ध में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले अपने शानदार पूर्ववर्ती जहाज के 50वें साल में आज यह प्रथम समुद्री परीक्षण के लिए रवाना हुआ। उन्होंने कहा कि यह भारत में बना सबसे बड़ा और विशालकाय युद्धपोत है। उन्होंने कहा, आत्मनिर्भर भारत ( शेष पेज 9 )

# दर्शन के लिए 2023 के अंत तक खुल जाएगा राम मंदिर

- ट्रस्ट के सूत्रों के अनुसार संपूर्ण मंदिर 2025 तक तैयार होने की है उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**अयोध्या** में राम मंदिर का निर्माण योजना के तहत हो रहा है और उम्मीद है कि वर्ष 2023 के अंत तक मंदिर को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा। यह जानकारी राम मंदिर ट्रस्ट में मौजूद सूत्रों ने बुधवार को दी। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि पूरा मंदिर परिसर वर्ष 2025 तक तैयार हो पाएगा। वृहद परियोजना की जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मुख्य मंदिर तीन मंजिला होगा जिसमें पांच मंडप होंगे। बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भाजपा का दशकों पुराना वादा था। माना जाता है कि भगवान राम का जन्म उसी स्थान पर हुआ था। सूत्रों ने बताया कि मंदिर की लंबाई 360 फुट, चौड़ाई 235 फुट और प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फुट होगी। उन्होंने बताया, मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति योजना के तहत हो रही है और अनुमान है कि वर्ष 2023 के अंत तक भक्त मंदिर में भगवान राम लला के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर निर्माण का समय राजनीतिक रूप से मायने रखता है क्योंकि अगला लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के पहले पूर्वार्ध में होने वाला हैं। अगर कार्य योजना के तहत होता है तो सत्तारूढ़ भाजपा को चुनाव से पहले प्रचार का एक और मुद्दा मिल जाएगा। सूत्रों ने बताया कि मंदिर के भूतल पर 160 खंभे, पहले तल पर 132 खंभे और दूसरे तल पर 74 खंभे होंगे। मंदिर के गर्भगृह पर बनने वाले शिखर की ऊंचाई जमीन से 161 फंट होगी जिसे राजस्थान से लाए गए पत्थरों और संगमरर से बनाया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि तीन दशकों में हुए बदलाव और जन अकांक्षा के अनुकूल बदलाव कर मंदिर के डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया गया है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर के निर्माण और प्रबंधन के लिए पांच फरवरी 2020 को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट बनाने की घोषणा की थी।

# नोएडा के सरकारी अस्पतालों में बच्चों के सिर्फ 2 डॉक्टर

## कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए 360 बेड तैयार, मगर चिकित्सकों का अभाव

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**




औद्योगिक राजधानी और हाईटेक जिले गौतमबुद्ध नगर प्रशासन का दावा है कि वह कोरोना की तीसरी लहर से निपटने में सक्षम है, जबकि स्वास्थ्य विभाग डॉक्टरों और अस्पतालों की भारी कमी से जूझ रहा है। आंकड़े बताते हैं कि जिला प्रशासन के दावे हवा-हवाई साबित हो सकते हैं। जनपद में पीडियाट्रिक समेत तमाम विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी है, जबकि तीसरी लहर में बच्चों के प्रभावित होने की संभावना ज्यादा है। राज्य सरकार इससे बचाव के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। राजधानी लखनऊ समेत सभी जिला प्रशासन को एलर्ट पर रखा गया है।

गौतमबुद्ध नगर स्वास्थ्य विभाग कोविड की तीसरी लहर से लड़ने की तैयारी कर रहा है, मगर चिकित्सकों की संख्या इतनी कम है कि सारे किए.कराए पर पानी फिर सकता है। इसलिए प्रशिक्षण देकर चिकित्सकों की कमी को दूर किया जा रहा है। तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए पैरामेडिकल स्टाफ को भी पीडियाट्रिक प्रशिक्षण दिया गया है।

वेस्ट यूपी के सभी जनपदों के चिकित्सकों को सेक्टर-39 में स्थित अस्पताल में स्किल लैब में ट्रेनिंग दिया गया है। इससे बच्चों के इलाज में मदद मिलती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक एक हजार की जनसंख्या पर एक डॉक्टर जरूरी है। गौतमबुद्ध नगर में करीब 24 लाख निवासी हैं। आंकड़ों के मुताबिक फिलहाल यहां 18,750 निवासियों पर एक डॉक्टर तैनात है। आबादी के लिहाज से जनपद में 2,400 डॉक्टर होने चाहिए। जबकि गौतमबुद्ध नगर जिला अस्पताल, सभी सीएचसी व पीएचसी में सिर्फ 128 चिकित्सक तैनात हैं। इनमें से 40 विशेषज्ञ हैं।

अन्य 88 डॉक्टर एमबीबीएस हैं। अब तक के शोध के मुताबिक कोरोना वायरस की तीसरी लहर में बच्चों के प्रभावित होने का खतरा ज्यादा है। जिला प्रशासन ने कोरोना महामारी तीसरी लहर को देखते हुए 360 बेड का पीडियट्रिक आइसीयू तैयार करा दिया है। मगर बच्चों के इलाज के लिए यहां महज दो शिशु रोग विशेषज्ञ हैं। जबकि आंकड़ों के मुताबिक जिले में 18 वर्ष तक के बच्चों की आबादी लगभग नौ लाख है।

> "संभावित थर्ड वेव को देखते हुए सभी डॉक्टर को पीडियाट्रिक प्रशिक्षण दिया गया है। जरूरत पड़ने पर कुछ चिकित्सक शासन से मांगे जाएगें। बच्चों के इलाज के लिए एक अत्याधुनिक अस्पताल तैयार है।"
>
> -डॉ सुनील कुमार शर्मा
> **सीएमओ गौतमबुद्ध नगर**

### सीएचसी- पीएचसी में चिकित्सक सूची

| | |
|---|---|
| फिजीशियन: | 00 |
| सर्जन: | 03 |
| रेडियोलाजिस्ट: | 02 |
| गॉयनोलाजिस्ट: | 05 |
| आई सर्जन: | 01 |
| ईएनटी: | 01 |
| एनेस्थेटिस्ट: | 01 |
| पीडियाट्रिशियन: | 01 |
| फार्मासिस्ट: | 32 |
| डेंटल हाइजीनिस्ट: | 05 |
| एक्सरे टेक्नीशियन: | 05 |
| लैब टेक्नीशियन: | 06 |
| हेल्थ विजीटर: | 22 |
| स्टाफ नर्स: | 14 |
| एएनएम: | 58 |

### जिला अस्पताल में डॉक्टर की संख्या

| | |
|---|---|
| फिजीशियन: | 00 |
| आई सर्जन: | 02 |
| पैथोलाजिस्ट: | 02 |
| रेडियोलाजिस्ट: | 03 |
| सर्जन: | 02 |
| स्किन स्पेशलिस्ट: | 01 |
| डेंटल सर्जन: | 01 |
| पीडियट्रिशियन: | 01 |
| आर्थो सर्जन: | 02 |
| एनेस्थेटिस्ट: | 02 |
| गॉयनोलाजिस्ट: | 08 |
| चिकित्साधिकारी: | 01 |
| एमबीबीएस: | 01 |
| चीफ फर्मासिस्ट: | 03 |
| लैब टेक्नीशियन: | 01 |

### स्वास्थ्य सुविधाएं पर नजर

| | |
|---|---|
| जिला अस्पताल | 01 |
| सीएचसी | 06 |
| पीएचसी | 33 |

जिला अस्पताल में चिकित्सकों की जरूरत **40**

तैनात **26**

हर सीएचसी में चिकित्सकों की जरूरत **30**

तैनात **02**



# जिले में बढ़ेंगे सर्किल रेट, मेट्रो और एक्सप्रेसवे से सटे प्लॉट के लिए देना होगा लोकेशन चार्ज




**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

### मेट्रो स्टेशनों के पास ये हैं सेक्टर .

सेक्टर.2, 3, 15, 16, 18, 27, 32, 34, 36, 37, 38ए, 39, 49, 50, 51, 52, 59, 61, 62, 63, 66, 71, 72, 75, 76, 78, 81, 82, 83, 84, 92, 95, 101, 102, 137

### नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से सटे सेक्टर

सेक्टर-44, 91, 93ए, 93 बी, 94, 96, 97, 98, 105, 108, 124, 125, 126, 127, 128, 129, 132, 135, 136, 142, 143 बी, 144, 145, 146, 147, 148, 148ए, 150, 152, 153, 154, 157, 159, 161, 163, 166, 167 व 168

गौतमबुद्ध नगर प्रशासन ने जिले में सर्किल रेट बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके तहत नोएडा के 20 आवासीय सेक्टरों की भूखंड दरों और 8 औद्योगिक संस्थागत भूखंडों के सर्किल रेट में 10 से 70 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। अब सबसे महंगे सेक्टर-14ए, 15, और 44, व बी ब्लॉकद्ध में सर्किल रेट 1 लाख 94 हजार 250 रुपये प्रति वर्ग मीटर हो गया है। इसके अलावा मेट्रो स्टेशन व नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास सेक्टरों में वहां के सर्किल रेट के अलावा लोकेशन चार्ज के रूप में अतिरिक्त शुल्क के हिसाब से रजिस्ट्री करानी होगा।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आवासीय सेक्टरों की भूखंड दरों में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। यहां सबसे ज्यादा जेपी ग्रीन्स में न्यूनतम शुल्क 50 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किया गया है। जोन ए के चार हजार वर्ग मीटर तक के औद्योगिक भूखंड के सर्किल रेट में करीब 45 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है।

यमुना क्षेत्र में सेक्टर-1 से 18 तक, 20, 21, 23, 23ए, 23 बी, 23 सी, 24, 24ए, 27, 28, 29, 33, 34 व 35 के आवासीय सेक्टरों में भूखंड के सर्किल रेट 17800 रुपये प्रति वर्ग मीटर प्रस्तावित किए गए हैं। व्यावसायिक भूखंड के सर्किल रेट 43500 से बढ़ाकर 46000 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय किए गए हैं।

औद्योगिक, संस्थागत व आईटी-आईटीईएस के भूखंडों के सर्किल रेट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। इसके अलावा आवासीय भूखंड के सामने ग्रीन बेल्ट होने पर भी पांच प्रतिशत अतिरिक्त सर्किल रेट के आधार पर रजिस्ट्री करानी होगी। सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची में ये प्रावधान किए गए हैं।

### 18 अगस्त को आपत्तियों का निस्तारण होगा

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में संपत्ति की रजिस्ट्री कराना महंगा होगा। तीनों क्षेत्र में आवासीय, औद्योगिक, व्यावसायिक, ग्रुप हाउसिंग, संस्थागत, आईटी-आईटीईएस श्रेणी की संपत्तियों के सर्किल रेट बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

इसको लेकर जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सर्किल रेट की सूची जारी कर दी है। लोग 16 अगस्त तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद 18 अगस्त को आपत्तियों का निस्तारण कर फाइनल सर्किल रेट जारी कर दिए जाएंगे।

### 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा

निबंधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 18 मीटर से अधिक व 30 मीटर तक चौड़ी सड़क पर स्थित औद्योगिक भूखंड की रजिस्ट्री कराने के लिए 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी सेक्टर में औद्योगिक भूखंड का सर्किल रेट 40 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर है और ये भूखंड 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर है। ऐसे में इस भूखंड के क्षेत्रफल के सर्किल रेट का मूल्याकन 2.5 फीसदी के हिसाब से एक हजार रुपये जोड़ते हुए 41 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से होगा। 30 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित भूखंड की रजिस्ट्री कराते समय 5 प्रतिशत अतिरिक्त, पार्क फेसिंग व ग्रीन बेल्ट होने पर 2.5 और कार्नर का औद्योगिक भूखंड होने पर 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के हिसाब से सर्किल रेट की गणना की जाएगी।

# खाली प्लॉट का चंद मिनटों में पता लगेगा

- तकनीक का लाभ उठाकर नोएडा अथॉरिटी करोड़ों रुपये कमाएगी

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



नोएडा अथॉरिटी की करोड़ों रुपए की जमीन शहर में जहां-तहां पड़ी हुई है। जिसके बारे में प्राधिकरण के कर्मचारी वर्षों से पता लगाने में नाकामयाब रहे हैं। अब अथॉरिटी की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु महेश्वरी ने तकनीक का सहारा लेने का फैसला लिया है।

चंद मिनटों में प्राधिकरण को पता लग जाएगा कि शहर में कहां.कहां खाली प्लॉट पड़े हैं। अथॉरिटी इस जमीन की नीलामी करेगी। उम्मीद है कि इस नीलामी से अरबों रुपए हासिल होंगे।

नोएडा अथॉरिटी जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम के जरिए सर्वे करवाएगी। इससे शहर में खाली भूखंड का पता लगेगा। इसके बाद प्राधिकरण के कर्मचारी मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करेंगे। यह जिम्मेदारी वर्क सर्किलए नियोजन और आवासीय भूखंड विभाग को सौंपी गई है।

यह सर्वे अगले एक सप्ताह में कराया जाएगा। इन खाली मिले भूखंडों को योजना में शामिल करके लोगों को आवंटित किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बैठक में यह आदेश दिया है। सीईओ ने निर्देश दिए कि आवासीय भूखंड योजना.2011 के अंतर्गत सफल आवेदकों और पांच प्रतिशत आबादी के जनवरी-2021 से अब तक नियोजित भूखंडों के अवशेष आवंटन पत्र एक सप्ताह में जारी कर दिए जाएं।

ऋतु महेश्वरी ने कहा, पांच प्रतिशत आबादी मामले में भूलेख विभाग और वर्क सर्किल से साइट प्लान प्राप्त कर लिए जाएं। आवासीय भूखंडों के 40 लाख रुपए से अधिक धनराशि के डिफाल्टरों के भूखंडों का आवंटन निरस्त कर दिया जाए। अधिकारियों का कहना है कि इस श्रेणी के बकाएदारों की सूची बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

# विकास कार्यों का पिटारा, 94 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास



नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन तथा साथ में मेयर आशा शर्मा व अन्य

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

जिले में विकास कार्यों की सौगात का पिटारा लगातार खुलता जा रहा है।

यूपी के नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री आशुतोष टंडन ने हिंदी भवन में आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में लगभग 94 करोड़ 43 लाख रुपए की विकास योजना के शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर 68 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया और तीन विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया गया। महामाया स्टेडियम के पास सिटी फॉरेस्ट बनाने के लिए मंत्री ने शिलान्यास किया। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि यूपी सरकार सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के हमारी सरकार विकास कार्यों को अंजाम दे रही है। इस मौके पर मेयर आशा शर्मा उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग विधायक सुनील शर्मा नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। इससे पूर्व नगर विकास मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ मंत्रणा भी की।

# पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बदमाश और पुलिस के बीच आमने-सामने की मुठभेड़ जारी है। अभी तक 72 घंटे में आधा दर्जन से भी अधिक मुठभेड़ों में कई बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो चुके हैं।

इसी कड़ी में साहिबाबाद और इंदिरापुरम पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में मोहन नगर के पास एक और बदमाशों को मुठभेड़ में गोली लगी जबकि उसका एक अन्य साथी भागने में कामयाब हो गया। बदमाश की पहचान चंदन के रूप में हुई है। इसके खिलाफ दिल्ली और यूपी के विभिन्न थानों के रोज नामचे में दर्जनों अपराधिक मामले दर्ज है । इंदिरापुरम के क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि मोहन नगर इलाके में चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक पर सवार दो बदमाशों को रोका तो उन्होंने फायरिंग कर दी।

# एक दिन में लगे रिकॉर्ड 42 हजार टीके, जारी रहेगा अभियान: डीएम

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

उत्तर प्रदेश में टीकाकरण को रफ्तार देने के लिए 3 अगस्त को महाअभियान चलाया गया था। इसके तहत गौतमबुद्ध नगर में 1 दिन में रिकॉर्ड 41 हजार से ज्यादा टीके लगे।

इसके साथ ही जनपद में सुस्त पड़े वैक्सीनेशन के अभियान को रफ्तार मिला है। डीएम सुहास एलवाई सभी विभागों और मिशन से जुड़े अफसरों.कर्मचारियों तथा अन्य सभी की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि इसी रफ्तार से कोरोना वायरस का टीकाकरण जनपद में जारी रहे। मंगलवार को जनपद में 204 वैक्सीनेशन सेंटर पर खुराक दी गई। बीते दिन अभियान के तहत 42316 लाभार्थियों को कोरोना की वैक्सीन दी गई। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने राज्य सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद के सभी प्रशासनिक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को सेंटर का नोडल अधिकारी बनात हुए ड्यूटी लगाई गई थी।

सभी प्रशासनिक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने.अपने क्षेत्र में नोडल अफसर के रूप में कार्य करते हुए राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों के कार्य की सराहना की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नीरज त्यागी ने इस संबंध में जानकारी दी।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी राजन कुमार का आईडी कार्ड, जिसका आईडी कार्ड नंबर 2111906 है, 28 जुलाई, 2021 को गुम हो गया तथा/अथवा खो गया है। जिस भी व्यक्ति उक्त आईडी कार्ड मिले, तो उस व्यक्ति से उक्त आईडी कार्ड, मैनेजर डेट सर्विसेज ऐंड मैनेजमेंट्स ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस.डी टावर, रोहिणी, सेक्टर-8, नई दिल्ली-110085 को लौटाने का अनुरोध किया जाता है। अतएव आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड नंबर 2111906 के धारक किसी अनधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान नहीं करें। कृपया आगे सूचित हों कि उक्त आईडी कार्ड धारक किसी भी व्यक्ति को कोई भुगतान करने वाला व्यक्ति ऐसा अपनी स्वयं की लागत, जोखिम और खतरे पर ऐसा करेगा तथा आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य नहीं होगा तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली तिथि : 05-08-2021

**कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**
(सीआईएन : एल70109डीएल1980पीएलसी169318)
पंजी. कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
ई-मेल : camaccommercial@gmail.com, फोन नंबर : 7303495374, वेबसाइट : www.camaccommercial.com

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 को इसके पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें, अन्य के साथ, 30 जून, 2021 को समाप्त पहली तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित, अनुमोदित और अभिलेखबद्ध किए जाएंगे।
उपरोक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.camaccommercial.com पर भी उपलब्ध है तथा कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भेजी जा चुकी है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
मोनीशा सराफ
(निदेशक)
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 04-08-2021 डीआईएन-07503642

**गुमशुदा की तलाश**



अमर गुप्ता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) **नाम:** अमर गुप्ता **पुत्र:** बद्री प्रसाद **निवासी:** मकान न. 34, अनाकली गली नं. 1, जगतपुरी दिल्ली जो दिनांक 05.07.2021 से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में डी.डी. सं. 43ए दिनांक 13.07.2021 थाना जगतपुरी, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:-

**उम्र:** 38 वर्ष, **कद:** 5'2" **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लम्बा, **शरीर:** पतला, **कपड़े:** हरे रंग की टी-शर्ट एवं काले रंग की पैन्ट तथा पैरों मे आसमानी रंग की चप्पल पहने हुये है।

यदि किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
ई-मेल आईडी-cic@cbi.gov.in वेबसाईट http://cbi.nic.in

**फोन:**
**011-24368638,24368641**
**फैक्स नं.:011-24368639**
DP/519/SHD/2021

थानाध्यक्ष
थाना जगतपुरी, दिल्ली
शाहदरा जिला, दिल्ली
दूरभाष सं. 011-22420362-63, 7065036022

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240
ई-मेल: pnbfinanceindustries@gmail.com
पंजी. कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
वेबसाइट: www.pnbfinanceandindustries.com
फोन : 91-7303495375

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 12 अगस्त, 2021 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के पृथक्कृत और समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित एवं अनुमोदित किए जाएंगे।
उपरोक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.pnbfinanceandindustries.com पर भी उपलब्ध है तथा कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भेजी जा चुकी है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
श्वेता सक्सेना (निदेशक एवं कम्पनी सचिव)
(डीआईएन-03120958 एवं सदस्यता सं. : ए18585)
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 04-08-2021

जेएम फाइनैंशियल

**जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड**
(पूर्वतः जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
सीआईएन : U67190MH2007PLC174287
पंजी. कार्यालय : 7वां तल, सिनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400025
प्राधिकृत अधिकारी : वैभव शेट्टी मोबाइल: 9820387460
ई-मेल : vaibhav.shetty@jmfl.com वेबसाइट: www.jmfinancialarc.com

**परिशिष्ट -IV-ए**
**अचल सम्पत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना
एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि जेएमएफएआरसी - कर्नाटक बैंक दिसम्बर 2014 - ट्रस्ट ("जेएमएफएआरसी") ("प्रत्याभूत लेनदार") के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("जेएमएफएआरसी") के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, मैसर्स रघु प्राइम मेटल लिमिटेड ("कर्जदार") तथा श्री मनोज सचदेवा, श्री दलजीत सिंह, श्री राकेश गुप्ता, श्री संजीव अरोड़ा , श्री संजीव गुप्ता, सुश्री कुलदीप कौर, श्रीमती शिल्पा सचदेवा, श्रीमती नीरू अरोड़ा तथा ऐम्पी ऑटोमेशन इंडिया (प्रा.) लिमिटेड ("गारंटर") की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की 24-11-2014 तक बकाया राशि रू. 39,01,93,021.39/- (रूपए उन्तालीस करोड़ एक लाख तिरानवे हजार इक्कीस तथा पैसे उन्तालीस मात्र) की वसूली के लिए इस सूचना की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर प्राइवेट ट्रीटी द्वारा बेची जाएगी, जिसका प्रतिफल नीचे तालिका में वर्णित सुरक्षित मूल्य से कम नहीं होगा।

| अचल सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) |
|---|---|
| सम्पत्ति कुल भूमि परिमाप 11,374 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 1186 से 1191, ग्राम खेडा, परगना डासना, तहसील हापुड़, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | रू. 4,10,00,000/- (रूपए चार करोड़ दस लाख मात्र) |

ज्ञात ऋणभार, यदि कोई: जेएमएफएआरसी को ज्ञात नहीं

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
जेएमएफएआरसी - कर्नाटक बैंक दिसम्बर 2014 - ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत
तिथि : 05-08-2021
स्थान : दिल्ली

**सिक्युरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल ॲसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट, 2002 (कानून) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना**

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति (यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए. की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कर्ज खाता क्र.HHLROH00389053 1. सुभाष चंदर 2. सरोज | संपत्ति नं.JJR/W01/0661, खेवत नं. 3819/3578, खाता नं.4333, किला नं.34/2, तडाडी किला नं.34/2, मौजा नगर पाइलिका, झज्जर -124100, हरियाणा | 31.03.2021 | रू.28,01,900.70 /- (रूपये अठ्ठाईस लाख एक हजार नौ सौ और सत्तर पैसे मात्र) 31.03.2021 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला (ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पानेवाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले (लो) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले (लो) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। परिणाम स्वरूप प्रत्येक उधार लेनेवालो को अधिनियम की धारा 13(2)के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी क गई है
उपर्युक्त को द्रष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आह्वन करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अधतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्को सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने/उनके पूर्ण दायित्वोका निर्वहन करे, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप -धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार ," कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की विक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चों, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधी के अंदर सुरक्षित आस्ति को मोचन करनें में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपति का मोचन करने के लिए पात्र नही हो सकता "
सरफेसी अधिनियमन की उपधारा 13 (2) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करनेसे प्रतिबंधित है।

**स्थान:झज्जर (हरियाणा)**

कृते इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी


# ऑपरेशन के दौरान लापरवाही से महिला की मौत, केस दर्ज

**नोएडा।** कोतवाली रबूपुरा क्षेत्र के कस्बे में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती महिला की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई।

महिला की मौत की सूचना मिलते ही बडी संख्या में गुस्सा, परिजन अस्पताल पहुंच गए और दो घंटे तक जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया तथा पति की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

मृतका के पति प्रदीप कुमार का आरोप है कि सोमवार रात उसकी पत्नी की मौत हो गई थी लेकिन अस्पताल ने पैसे वसूलने के लिए मंगलवार सुबह उसकी पत्नी की मौत की सूचना उसको दी। पुलिस ने बताया की आछेपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार की शादी पूनम से वर्ष 2012 में हुई थी।

पूनम के गर्भाशय बच्चेदानी में पीड़ा होने पर एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर ने गर्भाशय में गांठ होने और उसका ऑपरेशन करने की बात कही। आरोप है कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे गर्भाशय का आपरेशन किया गया लेकिन उसके बाद भी महिला का दर्द कम न होने और रक्तस्राव होने के चलते महिला की मौत हो गई।

# जमीन नहीं देने वाले किसानों से होगी बातचीत: जिलाधिकारी

- रैपिड रेल परियोजना का कार्य निर्धारित समय सीमा में हो

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



रैपिड रेल परियोजना के निर्माण में जमीन संबंधी आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए डीएम और रैपिड रेल अधिकारियों के मध्य जिला मुख्यालय पर मैराथन बैठक आहूत हुई।

बैठक में रैपिड रेल परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे लाइन के आसपास कुछ जमीन ऐसी है जिसे अभी तक अधिग्रहण नहीं किया जा सका है और किसान समस्या पैदा कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसानों के साथ वार्ता कर इस मामले को सुलझा दिया जाएगा, लेकिन परियोजना का कार्य तय अवधि के बीच पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी इस परियोजना पर काम पूरा होगा मेरठ गाजियाबाद और दिल्ली के यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिलेगी। जिला अधिकारी आरके सिंह ने रैपिड रेल परियोजना के अधिकारियों को बताया कि परियोजना से संबंधित जो कोई भी परेशानी आ रही है प्रशासन को तुरंत अवगत कराया जाए ताकि उसका निराकरण समय अनुसार हो सके।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

## श्मशान में नाबालिग बच्ची की हत्या का मामला

# मजिस्ट्रेट करेंगे जांच, आप सरकार पीड़ित परिवार को देगी दस लाख

### सीएम धरना स्थल पर परिवार से मिले, दोषियों को सजा दिलाने की बात कही



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली कैंट इलाके में 9 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ कथित रूप से बलात्कार के बाद हत्या मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को पीड़ित परिवार से मिले और न्याय का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने परिवार को दस लाख रुपये देने का भी ऐलान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और परिवार को हर संभव मदद देगी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्र से अपील की है कि राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाए, आप सरकार पूरा सहयोग करेगी। पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री के साथ महिला एवं बाल विकास मंत्री राजेंद्र पाल गौतम, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल, दिल्ली कैंट के विधायक के अलावा आम आदमी पार्टी के कई अन्य विधायक भी थे।

बच्ची के माता-पिता ने स्थानीय लोगों के साथ घटना स्थल पर धरना दिया और दोषियों को मृत्युदंड दिए जाने की मांग की। जब केजरीवाल बच्ची के माता-पिता से मिलने इस इलाके में पहुंचे तो प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री को घेर लिया और उनके खिलाफ नारे लगाए।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली के नांगल गांव में श्मशान घाट के सामने पीड़ित परिवार किराए के घर में रहता है। बीते रविवार शाम साढ़े पांच बजे बच्ची अपनी मां को बताकर



श्मशान घाट में लगे पेयजल कूलर से ठंडा पानी लेने गई थी। शाम छह बजे श्मशान घाट के पुजारी राधेश्याम और बच्ची की मां को जानने वाले दो-तीन अन्य लोगों ने उसे वहां बुलाया और बेटी का शव दिखाकर दावा किया कि कूलर से पानी लेने के दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गई। उसकी बाईं कलाई और कोहनी के बीच जलने के निशान थे और उसके होंठ भी नीले पड़ गए थे। अधिकारी ने बताया कि पुजारी और अन्य लोगों ने उसकी मां को पुलिस को सूचना देने से मना करते हुए कहा कि पुलिस मामला बना देगी और पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक बच्ची के अंगों को चुरा लेंगे, इसलिए उसका अंतिम संस्कार करना बेहतर है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि पुजारी समेत चार आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन पर हत्या और दुष्कर्म के आरोप हैं।

## परिवार से मिल राहुल ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को यहां उस नौ वर्षीय बच्ची के माता-पिता से मुलाकात कर पूरी मदद का भरोसा दिलाया, जिसकी पिछले दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

राहुल गांधी ने बच्ची के माता-पिता से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया कि वह माता-पिता के आंसू सिर्फ एक बात कह रहे हैं- उनकी बेटी, देश की बेटी न्याय की हकदार है। न्याय के लिए इस रास्ते पर वह पीड़ित परिवार के साथ हैं।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना के आरोपी पर पहले भी इस तरह के आरोप लगे हैं। अगर ऐसा है तो पुलिस क्या कर रही थी?

## कांग्रेस शासित राज्यों में रेप केस पर नहीं बोलते राहुल : भाजपा

*पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली*

*भाजपा ने बुधवार को राहुल गांधी पर दक्षिण पश्चिम दिल्ली में दलित बच्ची से कथित बलात्कार और हत्या मामले का अपने राजनीतिक एजेंडा को बढ़ाने में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने के लिए कानून व्यवस्था तंत्र तेजी से काम कर रहा है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार का चयन का तरीका निंदनीय है क्योंकि उन्होंने राजस्थान, पंजाब और छत्तीसगढ़ जैसे कांग्रेस शासित राज्यों में दलित लड़कियों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में कभी न तो ट्वीट किया और न ही एक शब्द बोला है। दूसरी ओर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता भी मृतका के परिवार से मिले और इंसाफ दिलाने का भरोसा दिलाया।*

## लाल किले के पास उड़ता दिखा ड्रोन, एफआईआर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**● शुरुआती जांच में पता चला, वेब सीरीज की शूटिंग में हो रहा था ड्रोन का इस्तेमाल**

राजधानी में स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बावजूद इसके बुधवार को लाल किले के पास ड्रोन उड़ता दिखाई दिया। इसकी खबर मिलते ही पुलिसकर्मी हरकत में आए और ड्रोन जब्त कर उड़ाने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। शुरुआती जांच में पता चला है कि यहां पर किसी वेब सीरीज की शूटिंग चल रही थी और उसमें यह ड्रोन इस्तेमाल हो रहा था।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सुरक्षाकर्मियों ने देखा कि लाल किले के पीछे ड्रोन उड़ रहा है। यह देखते ही पुलिसकर्मी तुरंत हरकत में आ गए। वे जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें एक शख्स ड्रोन उड़ाता हुआ दिखा। पुलिस टीम ने तुरंत उसे मौके से पकड़ लिया और ड्रोन जब्त कर लिया। मामले की छानबीन के दौरान पता चला कि लाल किले के पीछे एक वेब सीरीज की शूटिंग चल रही थी। इस वेब सीरीज की शूटिंग के लिए दिल्ली पुलिस से मंजूरी भी ली गई थी लेकिन इसमें ड्रोन के इस्तेमाल की बात नहीं बताई गई थी। बिना अनुमति के यहां पर वेब सीरीज बनाने वाले ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे थे। इसी वजह से उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। सूत्रों के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए लाल किले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। विशेष रूप से लाल किले के आसपास और नई दिल्ली इलाके में ड्रोन समेत उड़ने वाली सभी चीजों पर पाबंदी लगाई गई है।

## तिहाड़ में गैंगस्टर अंकित गुर्जर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**● कुख्यात बदमाश एक साल से था जेल में बंद**

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद 29 वर्षीय एक कैदी अपनी कोठरी में बुधवार सुबह मृत मिला जबकि उसके साथ इस कोठरी में बंद दो अन्य कैदी जख्मी पाए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मृतक अंकित गुज्जर कई आपराधिक मामलों में शामिल था। घायल कैदी गुरजीत सिंह (22) और उसके भाई गुरप्रीत को यहां दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम की सटीक जानकारी हासिल करने के लिए छानबीन की जा रही है। महानिदेशक (दिल्ली कारागार) संदीप गोयल ने कहा कि गुज्जर तिहाड़ की केंद्रीय जेल संख्या तीन की अपनी कोठरी में मृत पाया गया है। उन्होंने कहा कि वे हत्या और लूट समेत कई आपराधिक मामलों में संलिप्त था।

जेल के अधिकारियों के मुताबिक गुज्जर कई बार जेल आ चुका था और अब उसे जेल में करीब साल भर हो गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें सुबह तकरीबन सवा नौ बजे कैदी अंकित गुज्जर की मौत होने के संबंध में एक कॉल आई। वह उत्तर प्रदेश में बागपत के खेला गांव का रहने वाला था और 2019 में साकेत थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में उसे गिरफ्तार किया गया था। वह पहले 18 मामलों में संलिप्त पाया गया था।

अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो गुज्जर मृत मिला और कोठरी में बंद उसके दो साथी कैदी घायल पाए गए। पश्चिम दिल्ली के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) प्रशांत गौतम ने कहा, मामले में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा जांच की कार्यवाही की जा रही है।

### तबलीगी जमात

## प्राथमिकियां रद्द करने के अनुरोध पर पुलिस से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने पिछले साल कोविड-19 नियमों का कथित रूप से उल्लंघन करने पर तबलीगी जमात में हिस्सा लेने वाले विदेशी नागरिकों को शरण देने के मामले में दर्ज प्राथमिकियों और आपराधिक प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए भारतीय नागरिकों की याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने कहा कि स्थिति रिपोर्ट में प्रत्येक आरोपी की भूमिका, कितने समय के लिए आश्रय दिया गया, उन्हें आश्रय कोविड-19 प्रोटोकॉल लागू होने के पहले से दिया गया या बाद में दिया गया। यह सब कुछ शामिल करना है। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 नवंबर की तारीख तय की है।

## नवविवाहित जोड़े को मिलाकर बोले जज, अंत भला तो सब भला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिला के परिवार द्वारा अलग किए गए नवविवाहित जोड़े को उसके आदेश पर मिलाने और दोनों के राष्ट्रीय राजधानी में खुशी-खुशी रहने पर टिप्पणी की कि अंत भला तो सब भला।

अदालत ने इस मामले में पुलिस की प्रभावी और तत्काल कार्रवाई की भी प्रशंसा की। जानकारी के मुताबिक महिला को उसकी इच्छा के विपरीत उत्तर प्रदेश के पैतृक निवास में रखा गया था और उच्च न्यायालय के निर्देश पर उसे दिल्ली स्थित ससुराल लाया गया। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अनुप जयराम भामभानी की पीठ को सूचित किया गया कि जब महिला उत्तर प्रदेश स्थित एटा जिले के मिरहेची स्थित अपने पैतृक घर से दिल्ली आ रही थी तब करीबी परिजनों ने उसे जाने से रोका और नतीजा भुगतने की धमकी दी। इस पर पीठ ने दिल्ली स्थित आनंद पर्वत पुलिस थाने के प्रभारी को दंपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अदालत को पति के वकील ने बताया कि अब जोड़ा मिल गया है। इस पर अदालत ने कहा, अंत भला तो सब भला, पहले के हालात को देखते हुए, मौजूदा बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में राहत संतुष्ट करने योग्य है। अदालत पति द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकण याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अनुरोध किया गया था कि उसकी पत्नी को उसके परिवार वाले दिल्ली नहीं आने दे रहे हैं।

## साइंस के छात्रों के लिए खुल सकता है डीयू

**नई दिल्ली।** साइंस के छात्रों के लिए खुल सकता है दिल्ली विश्वविद्यालय। डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने बुधवार को कहा कि विश्वविद्यालय विज्ञान के छात्रों के लिए परिसर दोबारा खोलने की संभावना पर विचार कर रहा है और इस बाबत अगले सप्ताह तक दिशा निर्देश जारी किए जा सकते हैं। स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की जानकारी देने के लिए आयोजित एक वेबिनार के दौरान गुप्ता ने यह घोषणा की।

विकास गुप्ता ने कहा कक्षाएं मिश्रित रूप से चलेंगी। विज्ञान के छात्रों के लिए जिस विषय में प्रायोगिक और प्रोजेक्ट कार्य शामिल हैं। डीयू धीरे-धीरे परिसर खोलने की संभावना पर विचार कर रहा है। कला और वाणिज्य के छात्रों को धैर्य रखना होगा। अगले सप्ताह तक दिशा निर्देश जारी किए जा सकते हैं।

## एसडीएमसी बनाएगी दो मल्टी लेवल पार्किंग

### *पंजाबी बाग और ग्रेटर कैलाश-2 में वाहनों की भीड़भाड़ होगी कम*

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पंजाबी बाग और ग्रेटर कैलाश-2 में मुख्य सड़कों के आस-पास भीड़ को कम करने और वहां बेतरतीब पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) वहां स्वचालित बहुस्तरीय पार्किंग का निर्माण करेगा।

नगर निगम अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि इनमें से एक बहुस्तरीय पार्किंग का निर्माण पश्चिमी दिल्ली में रिंग रोड के पास पंजाबी बाग श्मशान घाट की जमीन पर, जबकि दूसरा दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-2 इलाके में बेहद व्यस्त एम-ब्लॉक बाजार में बनाया जाएगा।



अधिकारी ने बताया कि पंजाबी बाग श्मशान घाट दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाटों में से एक है और उसके पास काफी अधिक जमीन है। इन प्रस्तावों को हाल में एसडीएमसी की स्थाई समिति की बैठक में पारित किया गया था। इस संबंध में जानकारी रखने वाले एसडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पंजाबी बाग श्मशान घाट की जमीन पर स्वचालित बहुस्तरीय पार्किंग में 225 कार जबकि जीके-2 में बनने वाली पार्किंग में एक बार में 232 कार खड़ी हो सकेंगी। पंजाबी बाग कार पार्किंग की अनुमानित लागत 33.8 करोड़ रुपए और जीके-2 पार्किंग सुविधा की लागत लगभग 52 करोड़ रुपए रहने की संभावना है।

एसडीएमसी की स्थाई समिति के अध्यक्ष बीके ओबेरॉय ने बताया कि इन पार्किंग सुविधाओं के निर्माण का प्रस्ताव लागू होने से पहले औपचारिक मंजूरी के लिए इसे सदन को भेजा जाएगा। डिजाइनिंग और टेंडरिंग की प्रक्रिया दो महीने में पूरी होने की उम्मीद है।

## मेट्रो ग्रे लाइन विस्तार का उद्घाटन दो सप्ताह टला

### छह अगस्त से करें पिंक लाइन पर त्रिलोकपुरी-मयूर विहार पाकेट एक के बीच सफर

**● नजफगढ़-ढांसा बस स्टैंड तक मेट्रो का परिचालन होना था शुरू**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

छह अगस्त यानि शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन की दो नई लाइनों के विस्तार उद्घाटन होना था। इसमें ग्रे लाइन के नजफगढ़-ढांस बस स्टैंड और पिंक लाइन पर त्रिलोकपुरी-मयूर विहार पाकेट एक कॉरिडोर शामिल था। मगर अब इसमें से सिर्फ एक लाइन ही 6 अगस्त को यात्रियों के लिए खोली जा सकेगी। नजफगढ़-



ढांसा बस स्टैंड का उद्घाटन दो सप्ताह के लिए टाल दिया गया है। डीएमआरसी ने अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी दी है।

इससे पहले डीएमआरसी ने बताया गया था कि इन दोनों कॉरिडोर पर मेट्रो छह अगस्त रफ्तार भरेगी। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए इसका उद्धाटन करेंगे। मगर अब इनमें से सिर्फ एक ही लाइन का उद्घाटन किया जाएगा।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की आपत्ति के बाद डीएमआरसी ग्रे लाइन के विस्तार के उद्घाटन स्थगित कर दिया है। डीएमआरसी का कहना है कि उस दिन सिर्फ पिंक लाइन पर त्रिलोकपुरी-मयूर विहार पाकेट एक कोरिडोर का उद्घाटन होगा।

गहलोत ने गत सोमवार को डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक मंगू सिंह को पत्र लिखकर कहा ढांसा रोड को दुरुस्त करके आवाजाही के लिए जब तक नहीं खोला जाता है तब तक मेट्रो कोरिडोर के उद्धघाटन का फायदा नहीं है क्योंकि लोगों को मेट्रो स्टेशन पहुंचने में दिक्कत होगी। मंत्री की आपत्ति के बाद डीएमआरसी ने उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित करने का फैसला किया है।

### बीस मई को धंस गई थी सड़क

*बीस मई को ढांसा बस स्टैंड के निकट सड़क का एक बड़ा हिस्सा भारी बारिश के बाद धंस गया था। इस घटना के बाद परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इस घटना की जांच के आदेश दिए थे। अगले दिन गहलोत ने दिल्ली मेट्रो रेल निगम ढांसा स्टैंड मेट्रो स्टेशन और खैरा क्रॉसिंग पर घटनास्थल का निरीक्षण किया था।*

*डीएमआरसी के प्रवक्ता ने बताया कि करीब एक किलोमीटर लंबे नजफगढ़-ढांसा बस स्टैण्ड खंड के जरिए मेट्रो को नजफगढ़ के अंदरुनी क्षेत्रों तक ले जाया जाएगा। मयूर विहार फेज एक और त्रिलोकपुरी संजय लेक स्टेशनों के बीच करीब 289 मीटर लंबा त्रिलोकपुरी खंड 59 किलोमीटर लंबी पिंक लाइन से पूरी तरह जुड़ जाएगा।*

## नई आबकारी नीति पर अदालत ने आप सरकार से मांगा जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आम आदमी पार्टी सरकार से उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमे कहा गया है कि उसकी नई आबकारी नीति 2021 संविधान द्वारा निरस्त जमींदारी व्यवस्था को बहाल करती है और एकाधिकार उत्पादक संघ की व्यवस्था को सुगम बनाती है।

मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने दिल्ली मदिरा व्यापारी संघ की याचिका पर दिल्ली सरकार के साथ ही केन्द्र और दिल्ली के उपराज्यपाल को नोटिस जारी किए। डीएलटीए दो शराब लाइसेंस धारकों के साथ राष्ट्रीय राजधानी में 143 लाइसेंस प्राप्त शराब व्यापारियों के प्रतिनिधित्व का दावा करता है। अदालत ने पिछले महीने याचिका पर नोटिस जारी करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कुछ अन्य कंपनियों को प्रतिवादी के तौर पर नामित किया गया है।

## एमसीडी चुनाव में ताल ठोकेंगे आरपीआई के उम्मीदवार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवाले ) के उम्मीदवार अगले साल होने वाले दिल्ली नगर निगम चुनाव में ताल ठोकेंगे।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री मा. रामदास आठवले ने कहा कि वर्ष 2022 के होने वाले एमसीडीचुनाव में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और इन चुनाव में दिल्ली नगर निगम में अपनी उपस्थित दर्ज कराएगी। आठवले ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाएं और जन समस्याओं के निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास करें ।

सफदरजंग रोड स्थित शिविर कार्यालय में आरपीआई दिल्ली प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य अतिथि रामदास अठावले ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से आ अब्बास मालिक मेयर भी रह चुके हैं और पार्टी का स्वर्णिम अतीत रहा है इसलिए आने वाले निगम चुनाव में उसको एक बार फिर से दोहराने की जरूरत है। अठावले ने कहा कि निगम में सभी क्षेत्रों में रणनीति बनाकर मजबूत प्रत्याशियों का चयन किया जाएगा।



# गुरुग्राम-सिरसा रूट पर नहीं मिल रहे वोल्वो को यात्री

तीसरे दिन भी बुधवार को खाली खड़ी रही वोल्वो बस

गुरुग्राम से सिरसा के लिए दो अगस्त को शुरू की गई थी वोल्वो

किराया अधिक होने को भी माना जा रहा यात्रियों के न बैठने का कारण

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम से सिरसा जाने के लिए बस स्टैंड पर यात्रियों के इंतजार में खड़ी वोल्वो बस।

गुरुग्राम से चंडीगढ़ की तर्ज पर सिरसा के लिए शुरू की गई वोल्वो बस सेवा में यात्रियों का रुझान नहीं हो रहा। दो अगस्त 2021 को शुरू की गई इस वोल्वो सेवा के तीसरे दिन भी बस में कोई यात्री नहीं बैठा।

गुरुग्राम से सिरसा रूट पर शुरू की गई वोल्वो बस के गुरुग्राम से चलने का समय 02:10 बजे का रखा गया है। चलने के करीब एक घंटे पहले ही बस को बस अड्डे पर सिरसा के स्टैंड पर स्टार्ट करके खड़ा किया जाता है। पिछले दो दिनों की तरह बुधवार को तीसरे दिन भी वोल्वो बस नंबर-एचआर-68ए-9962 को स्टैंड पर लगा दिया गया। यात्रियों को वोल्वो सेवा के बारे में जानकारी भी दी गई।

वोल्वो बस देखकर ही यात्री समझ रहे थे कि बस का किराया अधिक होगा। इसलिए उनका वोल्वो में कोई रुझान ही नहीं बन रहा। यात्री पास में खड़ी सामान्य बस की टिकट लेकर बस में सवार हो रहे थे। ड्यूटी इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि कम से कम 8-10 यात्री बैठते हैं तो बस को रवाना किया जा सकता है। इससे कम में कोई लाभ नहीं होगा।

## बस चलने का समय भी ठीक नहीं

**स्टाफ** के सदस्यों ने यह भी कहा कि वोल्वो बस के इस समय चलाने का कोई लाभ नहीं है। यह सेवा अप्रैल-मई में शुरू की जानी थी। तब भयंकर गर्मी पड़ रही थी। यात्री इस सेवा का लाभ ले सकते थे। अब गर्मी कम हो चुकी है और मॉनसून आ चुका है। मौसम में गर्मी नहीं है। इसलिए यात्री सामान्य बसों में ही सफर कर रहे हैं।

## स्टाफ ने भी मानी अधिक किराये की बात

**यहां** बस अड्डे पर कार्यरत रोडवेज स्टाफ के कर्मचारियों ने गुरुग्राम से सिरसा तक का वोल्वो का किराया अधिक होने की बात कही। नाम न छापने की शर्त पर कर्मचारियों ने कहा कि गुरुग्राम से सिरसा रूट पर वोल्वो का जो किराया तय किया गया है, वह ज्यादा है। चंडीगढ़ से हिसार करीब 250 किलोमीटर है, जबकि गुरुग्राम से सिरसा 275 के करीब है। चंडीगढ़-हिसार के बीच वोल्वो का किराया 550 रुपये है, जबकि गुरुग्राम से सिरसा का किराया 750 रुपये तय किया गया है। मतलब 25 किलोमीटर अधिक होने पर ही किराया 200 रुपये अधिक तय किया है, जो कि सही नहीं है। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि यह किराया इससे भी कम होना चाहिए। इस रूट पर सभी यात्री सामान्य ही हैं। अगर वे 500 रुपये तक देकर सिरसा का सफर तय करते हैं तो यह जायज होगा। गुरुग्राम से रोहतक का किराया 240 रखा गया है।

## घाटे के साथ बंद करनी पड़ सकती है यह सेवा

**यात्रियों** का अगर वोल्वो की तरफ रुझान नहीं बढ़ा तो गुरुग्राम से सिरसा रूट पर वोल्वो सेवा कुछ घाटे के साथ बंद करनी पड़ सकती है। घाटा इसलिए कि जैसे ही बस वर्कशाप से निकलकर स्टैंड पर आती है तो उसे तय गंतव्य तक पहुंचने से पहले बंद नहीं किया जाता। क्योंकि वोल्वो बस वातानुकूलित (एसी) है। अगर उसे बंद कर देंगे तो बस में गर्मी बढ़ जाएगी और यात्रियों को परेशानी होगी। इसलिए चाहे बस में यात्री बैठे हों या ना बैठे हों, बस स्टार्ट ही रखी जाती है।

बस स्टाफ द्वारा सिरसा के लिए

# मां-बेटे को टेम्पो ने मारी टक्कर, ट्रॉला ने कुचला


नागरिक अस्पताल परिसर में मां व भाई की मौत के बाद रोती बेटियां।

**सोहना।** सोहना घाटी में ट्रॉला व टाटा 407 टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। सिटी थाना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए।

फरीदाबाद के चाचा चौक निवासी 22 वर्षीय गौरव अपने 55 वर्षीय मां रामश्री को बाइक से लेकर सोहना आ रहा था। गौरव की बहन ममता और उसका जीजा चरण सिंह दूसरी बाइक पर थे। ये सभी लोग दो बाइकों पर सुबह छह बजे फरीदाबाद से राजस्थान स्थित धार्मिक स्थल मिलकपुर में पूजा-अर्चना के लिए निकले थे। साढ़े सात बजे सोहना घाटी में चढ़ाई के दौरान घाटी के एक मोड़ पर तावडू की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार टाटा 407 टेम्पो ने गौरव की बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे बाइक समेत सड़क पर गिर गए। जब तक रामश्री और गौरव उठने की कोशिश करते उससे पहले घाटी चढ़ रहा ट्रॉला चालक ने बाइक समेत उन्हें कुचल दिया। रामश्री ने घटना स्थल पर ही दमतोड़ दिया। महिला के दामाद चरण सिंह ने बताया कि राहगीरों की मदद से गंभीर रूप से घायल गौरव को ऑटो द्वारा नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया।

**सपना पूरा न करने का अफसोस :** रामश्री की बेटी ममता ने बताया कि उसकी उसकी मां की इच्छा थी कि वे सब सावन के पावन माह में सोहना के शिव कुंड में स्नान करें, लेकिन वह मां की इच्छा को कुंड के चंद दूरी पर आने के बाद भी पूरी नहीं कर सकी।

**टाटा टेम्पो के खिलाफ मामला दर्ज :** मामले की जांच कर रहे एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि टेम्पो के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टेम्पो चालक अपने वाहन सहित फरार है। हादसे में मरने वालों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिए।

## संक्षिप्त-समाचार

### इनसो स्थापना दिवस समारोह को लेकर युवाओं में उत्साह

**गुरुग्राम।** पांच अगस्त को रोहतक में होने वाले जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो के 19वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर युवाओं में भारी उत्साह है। गुरुवार को जिलेभर से सैकड़ों युवा रोहतक पहुंचेंगे और एमडीयू में आयोजित होने वाले इनसो के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। जजपा के राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनखड़ ने बताया कि जननायक स्व. चौ. देवीलाल की नीतियों और इनसो संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला की प्रेरणा से बनाए गए संगठन इनसो का पांच अगस्त को स्थापना दिवस होता है और इस बार स्थापना दिवस रोहतक में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इनसो स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर जिले के छात्र वर्ग में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और गुरुवार को भारी संख्या में युवा कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इनसो के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में छात्र हित में युवाओं की बेहतर शिक्षा, रोजगार समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

### सोहना रोड पर कब्जों से मुक्त कराई निगम की बेशकीमती जमीन



**गुरुग्राम।** एक बिल्डर द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट और पार्किंग के नाम पर अवैध रूप से कब्जाई गई नगर निगम की बेशकीमती जमीन पर से बुधवार को कब्जे हटाए गए। सोहना रोड पर डेवेलपर ने 200 वर्ग गज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया हुआ था, वहीं 1300 वर्ग गज जमीन पर पार्किंग बना रखी थी। बुधवार को संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार के निर्देश पर जोन-4 क्षेत्र के सहायक अभियंता (इनफोर्समेंट) नईम हुसैन, कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार व मनदीप कुमार तथा पटवारी हरकेश की टीम पुलिस बल के साथ सोहना रोड पर पहुंची। वहां सेक्टर-48 में विपुल डेवेलपर्स द्वारा नगर निगम गुरुग्राम की लगभग 200 वर्गगज भूमि पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया हुआ था तथा 1300 वर्ग गज भूमि को गाड़ियों की पार्किंग के लिए उपयोग किया जा रहा था। इस जमीन की पैमाईश पटवारी हरकेश द्वारा की गई। पटवारी की पैमाईश पर इनफोर्समेंट टीम ने जेसीबी की मदद से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को तथा पार्किंग के लिए उपयोग की जा रही भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाया।

### पौधा वितरण कार्यक्रम में बांटे जाएंगे बीस हजार पौधे

**होडल।** केबीसी वेलफेयर सोसायटी, प्राइवेट स्कूल प्रमोट एसोसिएशन व सिंचाई विभाग गुड़गांवा के तत्वावधान में सात अगस्त को नानक डेरी रोड स्थित अनुपम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बीस हजार पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पीएसपीए ऐसोसिएशन के प्रधान हरद्वारी लाल सौरोत ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में गुडगांवा सिंचाई विभाग के एसई डा. शिव सिंह रावत मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सोसायटी ने अगस्त माह में पलवल जिले में तीन लाख फलदार पौधे वितरण का लक्ष्य रखा है। सोसायटी का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण व किसानों की आमदनी बढाना है। कार्यक्रम के इस मौके पर स्कूल के प्रांगण में पौधा रोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। सौरोत के साथ सोसायटी के प्रधान वेदपाल रावत, सचिव हुकम रावत व विक्रम सौरोत के अलावा सोसायटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।




### रक्तदान शिविर में 76 लोगों ने दिया रक्त

**सोहना।** सोहना लायंस क्लब द्वारा लगाए गए शिविर में 76 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब द्वारा जल्द ही स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। बुधवार को शहर के सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना टाउन ने शहर की लोहिया धर्मशाला में गुरुग्राम स्थित लायंस क्लब रक्त बैंक अस्पताल से आई डॉक्टरों की टीम की मदद से रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 76 लोगों ने रक्तदान किया। क्लब के प्रधान लायन प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जल्द ही संस्था की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ दवाइयां फ्री दी जाएंगी। क्लब द्वारा हाल ही में शहर के अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया गया था। उन्होंने बताया कि आज के शिविर के आयोजक लायन आरके अरोड़ा और कोषाध्यक्ष आर्दश गुप्ता को नियुक्त किया था। क्लब के सभी सदस्य और पदाधिकारियों ने अपना पूरा योगदान दिया।

### बदमाशों ने दो छीनाझपटी की दो वारदातों को अंजाम दिया

**पलवल।** बाइक सवार बदमाशों ने अलग-अलग थानाक्षेत्र अंर्तगत छीनाझपटी की दो वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने दोनों मामलों में पीड़ितों की शिकायतों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार करुण पुत्री शीशराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह तीन अगस्त की शाम को अपने घर के बाहर खड़ी हुई थी तभी बाइक पर दो युवक सवार होकर आए और उसके गले से सोने की चेन को छीनकर फरार हो गए। वहीं अन्य घटना कैंप थाना इलाका की है जिसमें न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी निवासी सचिन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह कपडे की दुकान करता है। सात जुलाई की शाम को वह दुकान को बंद करके अपने घर को जा रहा था तभी रास्ते में उसकी गाड़ी के आगे कुछ लोगों ने बाइक और गाड़ी अडाकर उसके साथ मारपीट कर उसकी जेब से 35 सौ रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एक्सटेंशन लेक्चरर को 58 साल तक रोजगार सुरक्षा का सीएम ने दिया आश्वास

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक्सटेंशन लेक्चरर को 58 साल तक रोजगार सुरक्षा देने का आश्वासन दिया है। एक्सटेंशन लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रति निधिमंडल राज्य प्रधान ईश्वर सिंह के नेतृत्व में हरियाणा निवास पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिला। एक्सटेंशन लेक्चरर को समान काम समान वेतन 57700 प्रति माह करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को स्मृति चिन्ह देकर आभार प्रकट किया। एसोसिएशन ने अवगत कराया कि एक्सटेंशन लेक्चरर को 58 वर्ष तक रोजगार सुरक्षा देने के लिए तीन निदेशकों की एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की थी।

# अब गुरुग्राम में भी ढहाएंगे वन क्षेत्र में अवैध निर्माण

अवैध निर्माणों को चिह्नित करने के लिए ड्रोन कैमरों से किया जाएगा सर्वे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डा. यश गर्ग।

**फरीदाबाद** में जिस तरह से वन क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर बुल्डोजर चला है, उसी तर्ज पर अब गुरुग्राम में भी काम करने की तैयारी शुरू हो गई है। जिले में वन क्षेत्र में बने निर्माणों की पहचान के लिए ड्रॉन कैमरों से सर्वे करवाया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस देकर उन निर्माणों को हटाया जाएगा। इस बाबत उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें मुख्य वन संरक्षक वास्वी त्यागी भी मौजूद थी। बैठक में वन क्षेत्र में अवैध निर्माणों को हटाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि पहले सभी निर्माणों की पहचान करने के लिए बेसलाईन सर्व किया जाएगा। उपायुक्त डॉ. गर्ग ने यह सर्वे एक सप्ताह के भीतर शुरू करने के आदेश दिए हैं। सर्वे के बाद अवैध निर्माणों के लिए व्यक्तियों को वन विभाग द्वारा नोटिस दिए जाएंगे।

# कार में लिफ्ट देकर लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोतवाली सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर 42 में जंगल के पास बुधवार तड़के बदमाशों से हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस ने बताया कि आरोपी बदमाश सवारियों को कार में बैठाने के बाद लूट कर उन्हें फेंक देते थे।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली 39 क्षेत्र के सेक्टर 37 से बदमाश सवारियों को आगरा और मथुरा आदि जगहों के लिए अपनी कार में बैठाने के बाद उन्हें यमुना एक्सप्रेस वे पर लूट लेते थे। बदमाश सवारियों से रुपये, जेवर व अन्य कीमती सामान हथियार के बल पर लूट कर उन्हें किसी सुनसान जगह पर धक्का मारकर गाड़ी से फेंक कर फरार हो जाते थे। बुधवार तडके पुलिस को सूचना मिली कि कार सवार कुछ बदमाश सेक्टर 42 में जंगल के पास खडे हैं जिस पर पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। पुलिस से घिरा देखकर घेराबंदी कर कार सवार तीन बदमाशों को रोकने का प्रयास किया जिस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में कार सवार दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए जबकि एक फरार हो गया। एडीसीपी नोएडा जोन रणविजय सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश की पहचान पंकज मिश्रा और देशराज निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। बदमाशों को पैर में गोली लगने के कारण घायल हालत में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनका का एक साथी मौके से फरार हो गया हैए जिसकी तलाश की जा रही है। पूछताछ में पता चला है कि बदमाशों ने मंगलवार को सेक्टर 37 से अपनी कार में सवारी को बैठा कर 30 हजार रुपये लूट लिए थे। इनके कब्जे से लूटे गए 30 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त वैगन आर कार 2 तमंचे 2 जिंदा कारतूस व 2 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

# अगस्त के आखिर तक खुलेगा सेक्टर-71 का अंडरपास

● सर्फाबाद में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण होगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के लोगों को इस महीने दो बड़ी सौगात मिलने वाली है। नोएडा प्राधिकरण अगस्त के आखिर तक सर्फाबाद में निर्माणाधीन इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण करेगा।

जबकि बहुप्रतीक्षित सेक्टर-71 अंडर पास को भी आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। इंडोर स्टेडियम का काम 100 फीसदी पूरा हो चुका है। जबकि अंडरपास का 95 फीसदी काम कंप्लीट हो चुका है। अब आखिरी चरण का काम बाकी रह गया है और इस महीने के तीसरे हफ्ते तक यह पूरा कर लिया जाएगा।

प्राधिकरण इनके लोकार्पण की तिथियां तय कर रहा है। नोएडा के सर्फाबाद गांव में बनने वाले मिनी इंडोर स्टेडियम बन कर तैयार हो गया है। इसमें 54.16 करोड़ रुपए की लागत आई है। इसे 9300 मीटर में विकसित किया गया है। यहां पार्किंग, इनडोर स्टेडियम कोर्टयार्ड, वीवीआइपी लाउंज, अखाड़ा, स्टाफ क्वार्टर, हॉस्टल ब्लॉक, वेटलिफ्टिंग, ताइक्वांडो के लिए स्थान, स्क्वैश, दर्शकों के बैठने का स्थान, डाइनिंग हॉल, किचन, शौचालय और कई प्रकार के कमरे बनाए गए हैं।

स्टेडियम में चार लिफ्ट लगनी हैं। एक दिन पहले ही नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु महेश्वरी ने इस संबंध में जानकारी दी थी।

उन्होंने कहा था, गांवों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सर्फाबाद गांव में 54 करोड़ की लागत से मिनी इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। प्राधिकरण की देखरेख में बन रहे स्टेडियम में ओपन अखाड़ा समेत कई इनडोर खेलों के लिए प्ले फील्ड और खिलाड़ियों के लिए हॉस्टल समेत तमाम सुविधाएं होंगी। वहीं बहुप्रतीक्षित सेक्टर.71 अंडरपास का काम भी 95 फीसदी पूरा कर लिया गया है। एक मेट्रो पिलर की वजह से अंडरपास के निर्माण कार्य में बाधा आई थी। इस वक्त से लंबे वक्त तक काम बन्द रहा था। लेकिन बाद में मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर के निरीक्षण के बाद काम करने की छूट मिली।

उसके बाद यहां मैनुअल तरीके से काम किया जा रहा है। मशीनों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाई गई थी। इस अंडरपास के खुलने के बाद नोएडा-ग्रेटर नोएडा आने जाने वालों को बेहद सुविधा मिलेगी। रोजाना सफर करने वाले हजारों वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

# ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर हुई लूट का पर्दाफाश

● मामले में दो बदमाश पकड़े गए

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद



थाना लिंक रोड पुलिस ने 14 जुलाई को दिन दहाड़े कोरियर देने के बहाने एक ड्राई फ्रूट व्यापारी के यहां हुई लाखों की लूट के मामले में 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ड्राई फूड व्यापारी आसुतोष गर्ग के यहां 14 जुलाई को सूर्य नगर ए ब्लॉक स्थित उनके मकान पर कोरियर देने के बहाने लूटपाट की थी। इस मामले में सूर्य पुलिस चौकी से रेलवे लाइन की तरफ जाने वाले मार्ग से दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम रमेश तथा संतोष कुमार झा को शकरपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी का कहना है 14जुलाई को शाम करीब 4बजे इन दोनों बदमाशों ने फ्रूट व्यवसाई आसुतोष गर्ग उनकी मां तथा अकाउंटेंट के हाथ पैर बांधकर मुंह पर टेप लगाकर उन्हें बंधक बनाकर लूटपाट की गई थी।

पुलिस ने इस मामले में बदमाशों के पास से लूट का सामान बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष लिंक रोड रण सिंह उप निरीक्षक मनीष कुमार तथा हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार थे।

## चोरी में कंपनी का कर्मचारी था शामिल, पांच गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थाना क्षेत्र स्थित यामहा वेयर हाउस गोदाम में 26 जुलाई की रात्रि में हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने कर दिया है ।

इस चोरी का अंजाम कंपनी के सुपरवाइजर नरेश ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 7 लाख रुपये के स्पेयर पार्ट्स बरामद किए है। इंदिरापुरम क्षेत्राधिकारी अभय ने बताया कि कंपनी के सुपरवाइजर ने ही इस सिलसिले में एफआईआर दर्ज कराई थी।

## युवक की गोली मारकर हत्या, अन्य घायल

**नोएडा।** कोतवाली जेवर क्षेत्र के चाचली गांव में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई जब दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है जिसे इलाज के लिए पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली जेवर प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया की बिसाहडा कांड का आरोपी हरिओम अपने साथी पिंटू और मोनू के साथ चांचली गांव में आया था। यहां पर इन लोगों की रिश्तेदारी थी।

# कटी उंगली को अनूठी माइक्रो सर्जरी ऑपरेशन से जोड़ी

● 100 से ज्यादा लोगों के कटे अंगों को जोड़ चुके हैं डॉ मुकेश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




रोड एक्सीडेंट में कटी हुई एवं कुचली हुई उंगली को यशोदा सुपर स्पेशलिटी कौशांबी में प्लास्टिक सर्जरी विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ मुकेश कुमार एवं टीम ने चार घंटे की अनूठी माइक्रो सर्जरी के बाद पूरी तरह जोड़ दिया। सर्जरी करने वाले चिकित्सक डॉ मुकेश कुमार विगत 15 वर्षों में 100 से ज्यादा लोगों के कटे हुए अंगों को जोड़ चुके हैं।

दिल्ली- एनसीआर के अस्पताल में इस तरह की कुछ ही सर्जरी को अब तक अंजाम दिया गया है और शायद गाजियाबाद शहर के लिए इस तरह की यह पहली सर्जरी होगी। गाजियाबाद के रहने वाले ऋषभ गर्ग का एक्सीडेंट हो गया था। उनकी उंगली कुचल कर कट गई थी । अब ऑपरेशन के बाद उनकी उंगली अच्छी तरह से जुड़ गई है और टांके भी कट गए हैं। डॉ मुकेश ने बताया कि इस सर्जरी में बड़ा चैलेंज होता है।

जहां से उंगली का ऑपरेशन किया जाता है वहां से ब्लड वेसेल्स के साथ नर्व एवं टैंडन्स भी जाती है । कटी हुई उंगली को वापस अपनी जगह पर (पुन: प्रत्यरोपाण) किया जाता है। वेस्सेल्स, नर्व, बोन टैंडन्स को माइक्रोस्कोप के माध्यम से जोड़ना बड़ा चैलेंज होता है।

सर्जरी के बाद डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि शरीर का कोई अंग कट जाने के बाद त्वरित कार्रवाई की जरूरत होती है। माइक्रो वेस्कुलर सर्जरी तकनीक द्वारा कटे हुए अंग के हिस्से को जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि सौ फीसद मामलों में सफलता मिलती है, लेकिन 70-80 फीसद मामले सुलझाए जा सकते हैं। ऐसी दुर्घटना होने पर मरीज के साथ लोगों को सूझबूझ दिखाते हुए उसे जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाना चाहिए। कटे हुए अंगों को प्लास्टिक बैग में रखना चाहिए। ये बैग सील होना चाहिए।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मकान नं 45, नॉर्थ एवेन्यू, पंजाबी बाग (पश्चिमी) नई दिल्ली - 110026 कि सेल डीड कि मूल प्रति जोकि दिनांक 23.04.1963, को रिफ्यूजी को - ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड द्वारा बाबा सुरेंद्र सिंह के पक्ष में कि गई थी, जो नहीं मिला रही है अथवा गुम हो गई है, ये विज्ञापन 11.04.2008, में हिंदुस्तान हिंदी के अखबार में क्लासिफाइड सेक्शन में छपा था किसी भी व्यक्ति को यदि मिले तो कृपया सूचित करे परवीन कुमार नरूला फोन नं : 9811039231

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public that Mrs. Kulwant Kaur is the owner of Property No. 10, area 100 sq., Yds., Rectangle No. 9, Killa No. 24, Village Asalatpur, Indra Park, Najafgarh Road, New Delhi **"Said property"**, All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the **Built up Ground floor, without roof rights of the Said property** to someone who wants to purchase the same by taking Home loan from our client Fullerton India Home Finance Ltd. If anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its Title / Mortgage, Sale, Etc. the kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 14 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

PUBLIC NOTICE

It is informed that the H.No 526 Type-1 Housing Board Colony Saraswati Vihar, Gurugram was allotted in the name of Sh. Ashok Kumar Trion S/o Sh. Kaushal Kumar Alias Kaushal Kumar Trion vide this office letter no. 3305 Dated 06.11.1990. Further transferred (1/2 undivided share) on the basis of transfer deed in blood relation in the name of Mrs. Rita Trion W/o Mr. Ashok Kumar Trion R/o House No. 526, Housing Board Colony, Saraswati Vihar, Gurgaon. Now Sh. Ashok Kumar Trion S/o Sh. Kaushal Kumar Alias Kaushal Kumar Trion, R/o House No. 526, Housing Board Colony, Saraswati Vihar, Gurgaon, Haryana submitted an application seeking transfer of above said house in his favour due to death of his wife Mrs. Rita Trion W/o Mr. Ashok Kumar Trion R/o House No. 526, Housing Board Colony, Saraswati Vihar, Gurgaon on legal heir basis. If any person has an objection against the transfer of the above said house, he/she may submit his/her objection in the office of the Housing Board Haryana 3rd Floor, Saraswati Vihar Chakarpur Gurugram within 30 days after the publication of this notice, the permission for transfer shall be granted after the expiry of 30 days and no objection of any kind will be entertained after 30 days.

**Estate Manager**
**Housing Board Haryana**
**Gurugram**

PUBLIC NOTICE

It is to inform to the public at large that Mr. Pawan Kumar Sharma S/o Late **Mr. Raj Kumar Sharma** who had purchased the **Built up House No. C-89, Area Measuring 75 Sq. Yards., (Out of TOTAL Plot Area Measuring 150 Sq. Yards), Plot No. 320/3, Part of Khasra No. 4/8/2, 6, 7, Situated in the Area of Village Kamalpur Majra Burari, Abadi known as Gali No. 5, C-Block, Tomar Colony, Burari, Delhi-110084 from Mrs. Parkash Wati Sharma** W/o Late Mr. Raj Kumar owner vide of Notarized General Power of Attorney along with ATS and Will dated 12.10.2020 and **Mr. Deepak Kumar Sharma** S/o Late Mr. Raj Kumar Sharma who had purchased the **Built up House No. C-89, Area Measuring 75 Sq. Yards., (Out of TOTAL Plot Area Measuring 150 Sq. Yards), Plot No. 320/3, Part of Khasra No. 4/8/2, 6, 7, Situated in the Area of Village Kamalpur Majra Burari, Abadi known as Gali No. 4, C-Block, Tomar Colony, Burari, Delhi-110084 from Mrs. Parkash Wati Sharma** W/o Late Mr. Raj Kumar owner vide of Notarized General Power of Attorney dated 12.10.2020 along with ATS and Will and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
**Office No.G-03, at Ground Floor, on Plot No.D-61, Sector-2, Noida, UP-201301**
**Contact#0120-4130438**

PUBLIC NOTICE

KNOW ALL MEN THAT, we, (i) Mr. Som Nath, (ii) Mr. Vaibhav Munjal, (iii) Mr. Saurabh Munjal, and (iv) Mr. Anil Bhat, do hereby declare that we are the joint and absolute owners in respect of property i.e. Residential House bearing No. 943, measuring 420 sq. mts.. situated at Sector 17, Urban Estate, Gurugram, Haryana. We further declare that we have lost/misplaced one of the original title document in respect of our said property i.e. Original Deed of Conveyance dated 12/12/1995 executed by HUDA in favour of Sh. Sat Paul Bhatia S/o Sh. Wasanda Ram Bhatia, which is duly registered in Vasika No. 14902, registered on 15/12/1995, with Sub-Registrar, Gurgaon. If anyone finds the said document please contact the undersigned.

**VAIBHAV MUNJAL S/o Sh. Som Nath Munjal, R/o H. No. 943, Sector 17B, Near IFFCO Chowk, Gurgaon, Haryana. Mob.: 9990448686**

Public Notice

**Raman Vihar Coop.Group Housing Society Ltd. Plot No.5A, Sector-11, Dwarka, New Delhi-110075.**

In pursuance to rule 19(2) of DCS rules, 2007,it is to inform publicly that Smt. Kirti Singh (Nominee of Late Om Prakash) has submitted resignation against the member ship No.201 from the membership of Raman Vihar CGHS Ltd(Regd. No.872). Further payment has been made through account payee cheques for his deposited amount. If anyone have any objections he may file his objection in the office of the RCS, Parliament Street, New Delhi or at society office i.e, Plot No.5A,Sector-11, Dwarka, New Delhi-110075 within15 days from the date of publication of the public notice.

**Sd/- Secretary**
**Raman Vihar CGHS Ltd.**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री **लोकेश** को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी कार्ड नं.2110595 खो गया है / गुम हो गया हैं। यदि किसी को वह प्राप्त होता है तो कृप्या उस आई कार्ड को प्रबंधक, डेब्ट सर्विसेज एंड मैनेजमेंट, ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एसडी टॉवर सेक्टर 8 रोहिणी, दिल्ली 110085 को वापस भेज दें।

इसलिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड,के सभी ग्राहको को सूचित किया जाता है कि ऐसे अनाधिकृत व्यक्ति जिनके पास आई डी कार्ड नं.2110595 हो किसी तरह का भुगतान न करें।

आगे यह भी सूचित किया जाता है यदि कोई व्यक्ति ऐसे कार्डधारी व्यक्ति को कोई भुगतान करता है / करती है तो वह स्वयं जिम्मेदारी होगी। और आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, का कोई भी पैनल उसके लिए बाध्य / जिम्मेवार नही होगी


दिनांक : 04/08/2021 आईसीआईसीआई लिमिटेड द्वारा
स्थान नई दिल्ली एस डी टावर रोहिणी

# बोर्ड की गलती : अधर में रिजल्ट लेट वाले स्टूडेंट्स का भविष्य

कविता। फरीदाबाद

## स्कूल संचालकों ने छात्रों को बोर्ड जाने के दे दिए निर्देश

## हॉयर एजुकेशन डिपार्टमेंट ने कर दी दाखिले की घोषणा




**12वीं** का परीक्षा परिणाम आने के बाद कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। वहीं हजारों बच्चे परिणाम रूकने के बाद स्कूलों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान करने के बजाय स्कूल संचालक उन्हें बोर्ड में जाने की सलाह दे रहे हैं। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने एक सप्ताह में परिणाम आने की घोषणा की थी, लेकिन अब वे चुप्पी साध कर बैठी हैं।

कुछ बच्चों ने बताया कि उनका परीक्षा परिणाम बोर्ड द्वारा रोक दिया गया है। स्कूल जाने पर उन्हें शिक्षा बोर्ड कार्यालय जाने की सलाह दी जाती है। सरकारी अथवा निजी स्कूलों में यही सुनने को मिल रहा है। कुछ निजी स्कूल संचालकों ने बताया कि सीबीएसई और हरियाणा बोर्ड ने कुछ बच्चों का परीक्षा परिणाम रोक रखा है। जिससे बच्चों को परेशानी हो रही है।

### उच्चशिक्षा विभाग तैयार

**उच्चशिक्षा** विभाग ने सभी कॉलेजों को उपलब्ध सीटों, फीस व सब्जेक्ट आदि की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश किए हैं। विभाग ने 12 से 30 अगस्त तक दाखिला प्रक्रिया पूरी करने की घोषणा की है। आवेदनों की जांच 13 से 22 अगस्त तक जारी रहेगा। 23 व 24 अगस्त को मेरिट लिस्ट तैयार करने का समय मिलेगा और 25 अगस्त को पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। पहली लिस्ट के आधार पर 28 अगस्त तक छात्र फीस जमा करनी होगी। 29 अगस्त को दूसरी मेरिट लिस्ट तैयार कर 30 अगस्त को जारी किया जाएगा। 31 अगस्त तक फीस जमा की जा सकेगी। एक सितंबर को पोर्टल दोबारा से आवेदन करने के लिए खोला जाएगा।

### कॉलेजों में सीटें

**स्नातक** कोर्सेज में शहर के कॉलेजों में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए के कई विकल्प मौजूद हैं। सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन के साथ इसकी जानकारी जल्द ही कॉलेजों द्वारा दाखिला पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। नेहरू कॉलेज में 1600 सीटें, राजकीय कॉलेज खेड़ी गुजरान में 320 सीटें, तिगांव कॉलेज में 700 सीटें, राजकीय कन्या कॉलेज बल्लभगढ़ में 540 सीटें, राजकीय कन्या कॉलेज नचौली में 240 सीटें, राजकीय कॉलेज मोहना में 260 सीटें, डीएवी कॉलेज में 1900 सीटें, दयानंद कॉलेज में 1190 सीटें व अग्रवाल कॉलेज में 1980 सीटों पर दाखिले होंगे।

### ये दस्तावेज होंगे जरूरी

**विद्यार्थियों** को 15 तरह के दस्तावेज व जानकारी आवेदन के साथ उपलब्ध करानी होगी। इनमें फैमिली आईडी, आधार कार्ड, 10वीं व 12वीं का प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, आरक्षित श्रेणी को जाति प्रमाण पत्र, यदि 12वीं क्लास के बाद कुछ समय के लिए पढ़ाई छोडी है तो गैप इयर सर्टिफिकेट, पासपोर्ट साइज फोटो, इनकम सर्टिफिकेट, चरित्र प्रमाण पत्र, ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर, भिवानी शिक्षा बोर्ड को छोड़कर किसी अन्य बोर्ड से 12वीं क्लास पास की है तो माइग्रेशन सर्टिफिकेट, बैंक खाते की फोटो कॉपी, ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी के लिए सर्टिफिकेट व एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट शामिल हैं।

## लोक अदालत : जेल में निपटाए 30 केस

**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाईएस राठौर के दिशा निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जिला जेल नीमका में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। 48 केसों में से 30 केसों का निपटारा जोकि चोरी व मारपीट से संबंधित थे मौके पर ही कर दिया। यानी कि जेल में बंद दिनों को सजा मानकर कटी कटी सजा पर यदि आरोपी किसी दूसरे केस में वांछित न हो तो ऐसे 30 हवालाती बंदियों को छोड़ने का आदेश दिया। मंगलेश कुमार चौबे ने विचाराधीन बंदियों को कहा कि जाने अनजाने में जो गलती हुई है, उनका सुधार करते हुए अपना समय अच्छे काम में लगाएं ताकि आपका आने वाला भविष्य ठीक हो सके।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का शुभारंभ 18 को : मनोहर लाल

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी जिला उपायुक्तों को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए उपायुक्त जितेंद्र कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, डीएफएससी अशोक रावत सहित अन्य अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना को अन उत्सव के रूप में प्रदेश में हर्ष और उल्लास के साथ मना कर योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।


मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अन्न उत्सव योजना का शुभारंभ 18 अगस्त को 10.30 बजे किया जाएगा और यह पूरे उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक सरकारी दुकान पर एक सरकारी कर्मचारी अवश्य हो, चाहे वह किसी भी विभाग का हो और एक जनप्रतिनिधि की ड्यूटी अवश्य सुनिश्चित की जाए। इसमें जिला परिषद के सदस्य पंचायत समिति सदस्य, शहरों में वार्ड पार्षद, सरपंच, पंच आदि सभी को शामिल किया जाए।

मुख्यमंत्री मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इसके अलावा विधायक व सांसद तथा मंत्री गण को भी अन्न उत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल अवश्य किया जाए। अन उत्सव के दौरान जिला में एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और इसके अलावा पूरे हर्ष और उल्लास के साथ यह अन्न उत्सव क्रियान्वित किया जाए। इस योजना के तहत सभी गरीब परिवारों को आगामी नवंबर माह तक यह राशन फ्री में दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार द्वारा अन्य दाल और चीनी देने वाला अतिरिक्त राशन भी नियमित रूप से लोगों को मिलता रहेगा। उपायुक्त जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिला में आगामी 18 व 19 अगस्त को अन्न उत्सव दो दिवसीय यह कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसके लिए हर शॉप पर जिस भी सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी उसका नाम मोबाइल नंबर का विवरण भी लिखा जाएगा।

उपायुक्त जितेंद्र कुमार ने बताया कि जिला में 700 राशन की सरकारी दुकानें हैं। इनमें बल्लभगढ़ में 270, फरीदाबाद ओल्ड में 190, एनआईटी में 240 दुकानें शामिल हैं। इनमें 471107 गेहूं के बैग बाटे जाएंगे। इनमें पांच किलो के 92426 और 10 किलो के 378687 बैग बाटे जाएंगे। इसके लिए तीनों सप्लायर से बात हो गई है। एडीसी सतबीर मान को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी चौपाल में अन्न उत्सव के रूप में आयोजन किया जाएगा। जिसमें मंत्री गण, विधायक गण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जिला फरीदाबाद में 193759 राशन कार्ड है।

# खुलासा: प्रेम प्रसंग में बेटी ने दोस्त संग की थी मां की हत्या

## नाबालिग लड़की दोस्त के साथ करना चाहती थी शादी, मां कर रही थी विरोध




**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए एक नाबालिग लड़की सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपांशु उम्र 18 वर्ष निवासी बुलंदशहर एवं एक नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष निवासी फरीदाबाद के रूप में हुई है।

गत 10-11 जुलाई को उड़िया कॉलोनी, डबुआ में रहने वाले विशाल ने पुलिस को शिकायत दी कि रात को किसी ने उसकी मां सुधा की हत्या कर दी है। जिस पर हत्या का मामला थाना डबुआ में दर्ज कर जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई थी। क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने मामले को जल्द सुलझाने के लिए टीम गठित कर जांच शुरू की। टीम ने केस का खुलासा करते हुए आरोपी दीपांशु को तीन अगस्त एक और आरोपी किशोरी को बुधवार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई। आरोपी दीपांशु ने बताया कि वह और मृतका सुधा पत्नी स्वर्गीय प्रेमपाल उम्र 45 वर्ष की नाबालिग पुत्री दोनों पिछले दो साल से प्यार करते हैं और शादी करना चाहते थे, लेकिन मृतका सुधा उनके खिलाफ थी। जिससे दोनों ने सुधा को मारने की योजना बनाई। 10 जुलाई को दीपांशु नींद की गोलियां लेकर आया और अपनी प्रेमिका को दे दी। लड़की ने निम्बू पानी में नींद की गोलियां अपनी मां को खिला दी। रात साढ़े 12 बजे दीपांशु ने वीडियो कॉल के जरिये पहले तकिये से मुंह दबाने और फिर चुन्नी से गला दबाने के लिए कहा। दीपांशु के कहे अनुसार लड़की ने अपनी मां की हत्या कर दी। क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। अदालत ने दीपांशु को जेल में भेज दिया और नाबालिग लड़की को बाल सुधारगृह करनाल भेजने के निर्देश दिए। पुलिस टीम में निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक ब्रहम प्रकाश, सहायक उप निरीक्षक राजबीर सिंह, सिपाही अनिल कुमार, सिपाही अजमेर, सिपाही नकुल, सिपाही प्रीतम, सिपाही सुरेन्द्र (ड्राइवर) मौजूद थे।


# संक्षिप्त समाचार

## डीएवी 14 के बच्चों ने मारी बाजी



**फरीदाबाद।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। पिछले वर्षो की तरह इस बार भी डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-14 फरीदाबाद के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कुहुक कथुरिया ने 98.8 प्रतिशत, मान्या बिन्दल ने 98.8 प्रतिशत लुकेश कुमार मिश्रा ने 98.4 प्रतिशत, अक्षित शानडिल्या ने 98.4 प्रतिशत, सत्यम गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय की प्राधानाचार्य अनिता गौतम ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों व समस्त शिक्षा वर्ग को बधाई देते हुए कहा है कि कक्षा 10वीं के छात्रों के कठोर परिश्रम व लगन ने उन्हें बेहतर परिणाम दिलाया हैं। उन्होंने छात्रों को उनके भावी उज्जवल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं दी हैं।

## डीएवी इंस्टीट्यूट और अवडाना सर्विसेज के बीच एमओयू



**फरीदाबाद।** डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद ने छात्रों को करियर के अवसर प्रदान करने और छात्रों के मूल्यांकन और समग्र विकास के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए अवडना सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन है जो सहयोगात्मक सीखने और कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेगा। अवडना सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के क्लस्टर डेवलपमेंट मैनेजर यूनिक मदान ने आश्वासन दिया कि यह समझौता ज्ञापन निश्चित रूप से डीएवीएम को बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट तक पहुंचने में मदद करेगा, जिससे छात्रों को बेहतर करियर के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। अवडना सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के क्लस्टर डेवलपमेंट मैनेजर महेंद्र मनरल ने कहा कि छात्र अपने पोर्टल का उपयोग करके सहयोगात्मक शिक्षा के लिए क्विज, वाद-विवाद और सत्र जैसी विभिन्न गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। इस अवसर पर स्थानापन्न प्राचार्य डॉ. रितु गांधी अरोड़ा ने बेहद खुशी बयां करते हुए सभी के प्रयासों की सराहना की जिसमें कॉर्पोरेट रिसोर्स सेल (सीआरसी) विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा कौल और टीम के सदस्य डॉ. जूही कोहली, पूजा सचदेवा, हरीश वर्मा व रूची धुन्ना व एमओयू कमेटी के सदस्य डॉ. सुनीता बिश्नोई, सीए भवाना खत्री व पूजा सचदेवा जिन्होंने समझौते के मसौदे की समीक्षा करते हुए सभी तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की।

## बोहरा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम



**फरीदाबाद।** सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें चावला कालोनी स्थित बोहरा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। पूरे स्कूल में 10वीं कक्षा के सक्षम ठाकुर ने 96.8 प्रतिशत, दिव्यांशु झां ने 94.8 प्रतिशत तथा अक्षत गर्ग 92.8 प्रतिशत अंक प्रात किए। स्कूल में 157 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। वहीं 333 छात्र-छात्रा ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। इसी तरह स्कूल में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत घोषित किया। शगुन पाण्डे ने 96.8 प्रतिशत कॉमर्स में लिए। चिराग ने 95.8 प्रतिशत (कॉमर्स), भावना ने 96.4 प्रतिशत (मेडिकल) शौर्या चौबे 96.2 प्रतिशत (नॉन मेडिकल) अंक प्रात किए। जिसमें स्कूल के 25 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। वहीं 68 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। बोहरा चेरीटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन महेन्द्र बोहरा, स्कूल के प्राचार्य अजय भट्टाचार्य ने बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बोहरा चेरीटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन महेन्द्र बोहरा, स्कूल के प्राचार्य अजय भट्टाचार्य ने बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 17 साल से फरार चल रहा इनामी बदमाश गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने आरोपी बलबीर उर्फ टीटू को लुधियाना पंजाब से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी की पहचान बलबीर उर्फ टीटू निवासी ईशर नगर शिमलापुरी लुधियाना, पंजाब के रूप में हुई है। बताते चलें कि आरोपी ने 9 मई 1996 को थाना एनआईटी फरीदाबाद की मर्केट में संजय खान को जो रजाई भरने का काम करता था। आरोपी ने शिकायतकर्ता संजय खान पर नुकीले हथियार से पेट पर वार किया था जिससे उसको गहरी चोट आई थी। जिसका मुकदमा हत्या के प्रयास सहित थाना एनआईटी में दर्ज किया। पुलिस टीम ने बताया कि आरोपी को थाना एनआईटी की पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था जोकि अदालत ने आरोपी को 18 सितंबर 2000 को 9 साल की सजा सुनाई थी। आरोपी ने 2004 तक 4 साल की सजा काटकर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से जमानत ले ली। आरोपी अपना मकान व सामान बेचकर रातों-रात फरार हो गया था, जिसकी तलाश के लिए पिछले 17 साल से गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा रहे थे। आरोपी बलबीर को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी राकेश सिंह ने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त की। आरोपी को लुधियाना पंजाब से क्राइम ब्रांच 48 व थाना एसजीएम नगर की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

# कोरोना : दो दिन में छह पॉजिटिव



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीज एक बार फिर सामने आने लगे है। पिछले दो दिनों में जहां जांच किट समाप्त होने से आरटीपीसीआर जांच की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ दो दिनों में छह पॉजिटिव मरीज सामने आए है।

मंगलवार को एक साथ चार मरीज और बुधवार को दो मरीज सामने आने से कोविड-19 के मरीजों की संख्या का आंकड़ा जिले में 99781 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में फिलाल एक्टिव केसो की संख्या 14 है। जिसमें आठ मरीज अस्पतालों में और छह होम आईसोलेशन में रह रहे हैं। इनमें चार मरीज ऑक्सीजन पर है। जिले में बुधवार को 2139 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें 1048 लोगों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में अब तक जांच | : 1014953 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99781 |
| अब तक नेगेटिव | : 914123 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1048 |
| आक्सीजन पर है | : 04 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99051 |

## लापता तीन बच्चे रेलवे स्टेशन से बरामद किया

**फरीदाबाद।** बता दें कि घटना पुलिस चौकी सेक्टर आठ क्षेत्र की है। जहां छह से 11 वर्ष के तीन बच्चे घर के बाहर खेलते समय लापता हो गये। पता चलते ही परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस एक्शन में आयी और एएसआई जमशेद अली के नेतृत्व में एक टीम गठित की।

एएसआई ने सिपाही राकेश के साथ मिलकर लापता बच्चों को ढूंढने में पूरा प्रयास लगा दिया। तभी किसी ने पुलिस को बताया कि तीनों बच्चे फरीदाबाद रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। पुलिस टीम बिना देरी किये फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची। तलाश के दौरान पुलिस को तीनों बच्चे रेलवे स्टेशन परिसर से बाहर निकलने वाले रास्ते के पास जाते दिखे। पुलिस ने तीनों को अपनी सुरक्षा में ले लिया और उसे थाना ले आई। थाना में बच्चों के परिजनों को बुलाया। सभी कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पुलिस ने बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया। अभिभावकों ने फरीदाबाद पुलिस का हृदय से आभार जताया।

# पौधारोपण कर सुरक्षा भी करें : यादव

## सांसे मुहीम पर्यावरण के क्षेत्र में कर रही है सराहनीय कार्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना जहां एक नई बीमारी के साथ आई वही इस बीमारी ने संसार के प्राणियों को बहुत कुछ सिखाने का काम भी किया। कोरोना महामारी के दौरान बहुत से परिवारों ने अपनों को भी खो दिया था। जो लोग कोरोना महामारी के दौरान इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे सांसे मुहिम के द्वारा उन लोगों की याद में सेक्टर 12 डीसी ऑफिस के सामने पौधारोपण किया गया जा रहा है जो सराहनीय कार्य है। उपायुक्त जितेंद्र यादव बुधवार को त्रिवेणी लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे।


डीसी जितेंद्र यादव ने कहा कि लोगों अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए ताकि आने वाले भविष्य के लिए हम शुद्ध वायु दे सकें उपायुक्त महोदय ने सांसे मुहिम की प्रशंसा करते हुए बताया की सांसे मुहिम पर्यावरण के क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है और मेरी कोशिश रहेगी कि सभी फरीदाबादवासी, प्रसाशन, एनजीओ सभी के साथ मिलकर शहर को ज्यादा से ज्यादा हरा बनाने का प्रयास करेंगे।

इस दौरान सांसे मुहिम के संयोजक जसवंत पवार ने कहा कि सांसे मुहिम का एक ही लक्ष्य है कि हर व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाएं और उस पौधे की अपने बच्चे की तरह देखभाल करके उसे वृक्ष बनाएं, पवार ने बताया कि सांसे मुहिम के द्वारा आज का पौधारोपण हमारे शहर के वो समाजसेवी लोग जिन्होंने इस महामारी मैं बिना किसी डर के समाज की सेवा करते करते अपने प्राणों की आहुति दे दी, हम नमन करते है उन सभी योद्धाओं को जो आज हमारे बीच तो नहीं परंतु हमारे दिलों में रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी योद्धाओं के परिवार वालों के हाथ से पौधे लगवाए हैं ताकि उनका लगाव इन पौधों के साथ लगा रहे और पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जोकि एडब्ल्यूसी सॉफ्टवेयर कंपनी प्रवीण माहेश्वरी के द्वारा दिए गए। इस मौके पर, जज्बा फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु भट्ट, समाजसेवी सोनू रावत, दीपक आजाद, गौरव ठाकुर, राहुल वर्मा, नेहा, सुनीता रानी, लता सिंगला, राहुल सहगल, परसोत्तम सैनी, बृजेंद्र सोरौत, जसवंत पवार मौजूद रहे।

# युवाओं को सशक्त बनाने को हर हित स्टोर योजना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## योजना के पहले चरण में प्रदेश भर में खोले जाएंगे 2000 स्टोर



**युवाओं** को रोजगार और उद्यमिता के साथ सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा हर हित स्टोर योजना शुरू की है। जिसका उद्देश्य उचित मूल्य पर दैनिक आवश्यकता के उत्पादों की सर्वोत्तम गुणवत्ता की बिक्री को बढ़ावा देना है।

योजना का मुख्य उद्देश्य: उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि हर हित स्टोर युवा फ्रेंचाइजी के साथ-साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, सरकारी सहकारी संस्थानों, किसान उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूहों को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। हरियाणा को बेरोजगार मुक्त, रोजगार युक्त बनाने के उद्देश्य से इन स्टोरों को खोलने से एक आवश्यकता पैदा होगी और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की संभावना भी बढ़ेगी और एक ऐसा परिस्थितिकी तंत्र तैयार होगा जो युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करे। ये स्टोर न केवल सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, बल्कि सरकारी सहकारी समितियों के लिए बाजार तक पहुंच के लिए एक गेम-चेंजर भी साबित होंगे। इन स्टोरों के खुलने से राज्य सरकार का प्रदेश के युवाओं को नौकरी तलाशने वाले के बजाय नौकरी देने वाला बनाने का लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा।

**कैसे करें आवेदन :** फ्रेंचाइजी नीति के तहत इन स्टोरों के लिए आवेदन करने के इच्छुक लोग इसके लिए आवश्यक नियमों और शर्तों का विधिवत पालन करने के बाद आवेदन कर सकते हैं। नीति के अनुसार, 18-35 आयु वर्ग के लोगों, महिलाओं, विशेष विकलांग व्यक्तियों और मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के तहत सत्यापित लोगों को वरीयता दी जाएगी। एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों के युवा सदस्यों और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परिवार पहचान पत्र योजना के तहत सत्यापित किए गए युवा सदस्यों को भी इस हर हित स्टोर योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।

**कॉर्पोरेट घरानों की शर्तें :** युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न ब्राण्डों के गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित उत्पाद जो इन स्टोरों में उपलब्ध कराये गये हैं। हरियाणा कृषि उद्योग निगम लिमिटेड ने 51 बड़े कॉरपोरेट घरानों के साथ व्यापार की शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो इन स्टोरों में अपने गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराएंगे। रिटेल स्टोर के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए इन स्टोरों को संपूर्ण आईटी सपोर्ट सिस्टम के साथ सक्षम किया जाएगा। सभी बिक्री पॉइंट ऑफ सेल सिस्टम के माध्यम से की जाएगी। मशीन के माध्यम से माल को स्कैन करने से बिलिंग, ऑनलाइन भुगतान, सामग्री का विवरण रखने और स्टॉक ऑर्डर करने में सुविधा होगी।

**दूसरे चरण में :** पहले चरण में हरियाणा ने 2000 स्टोर खोलने की योजना बनाई है और दूसरे चरण में 5000 स्टोर खोलने का लक्ष्य है। हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड 3000 की आबादी वाले प्रति गांव, नगर निगम में कम से कम प्रति वार्ड और नगरपालिका में 10000 की आबादी वाले वार्डों के समूह में कम से कम एक फ्रेंचाइजी आवंटित करेगा।

## संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल की हुई बैठक

**फरीदाबाद।** संयुक्त ट्रेड यूनियन काउंसिल की मीटिंग एटक कार्यालय में कामरेड विशंभर सिंह की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में एटक से बेचू गिरी, आरएन सिंह, सीटू से लालबाबू शर्मा और निरंतर पाराशर, हिंद मजदूर सभा से राजपाल डांगी, इंटक से हुक्म चंद बैनीवाल और राम बाबू, इकटू से जवाहरलाल और हरियाणा बैंक एम्पलाइज फेडरेशन से कृपाराम शर्मा ने भाग लिया। ज्वॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल के कन्वीनर कामरेड लालबाबू शर्मा ने राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने नौ अगस्त 2021 को भारत बचाओ, देश बचाओ, सार्वजनिक क्षेत्र बचाओ और आम नागरिक के अधिकार बचाओ के नारे के तहत देशव्यापी आंदोलन के आह्वान पर प्रकाश डाला। उसके बाद सभी संगठनों के नेताओं ने अपने विचार रखे और अंत में फैसला हुआ कि 9 अगस्त की तैयारी के लिए राष्ट्रीय, राज्य व फरीदाबाद के समस्याओं को लेकर हैंड बिल निकाल कर, गेट मीटिंग, साईड मीटिंग व विचार गोष्ठी द्वारा आम लोगों में प्रचार प्रसार किया जाए।

# समस्याओं को लेकर रियल एस्टेट कारोबारियों ने सौंपा मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**बहुत** सारे रियल एस्टेट कारोबारी एवं प्लाट सेलर एवं परचेजर ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद विभाग द्वारा बायोमेट्रिक की तारीख और समय निश्चित कर दिए जाने के बावजूद सिर्फ इसलिए परेशान हैं क्योंकि उनकी फाइलें वहीं की वहीं अटकी रहती हैं।


फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि उन्हें खुद आकर अपने रसूख से या अन्य माध्यम से उसे आगे न भिजवाना पड़ रहा है। जो इन अन्य माध्यमों से परिचित नहीं हैं। उन्हें दोबारा रि-शेड्यूल कराना पड़ता। इस चक्कर में नई तारीख आठ से 10 दिनों बाद ही मिलती है। इसलिए वे जल्दी ही मंत्री मूलचंद शर्मा अथवा कृष्ण पाल गुर्जर से मिलने की योजना बना रहे हैं।

फीवा पदाधिकारियों एवं एचएसवीपी की ग्रीवेंस कमेटी सदस्यों ने प्रशासक एवं सम्पदा अधिकारी से अपनी प्रथम मुलाकात में ही यह मांग की थी कि ऐसी फाइलों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस की चेकिंग सुबह 9 से 10 के बीच में कर ली जाए। अन्यथा लोग परेशान होते रहेंगे और शिकायत भी करेंगे। कुछ लोगों ने आरटीआई के माध्यम से सबूत एकत्र करने की भी योजना बना ली है। आज भी कुछ फाइलें जानबूझकर पेंडिंग कर रखी है। इन मुद्दों पर फीएवा का प्रतिनिधिमंडल प्रधान अकाश गुप्ता व महासचिव गुरमीत सिंह के नेतृत्व में उप प्रधान मुकेश चौधरी, हंसराज अहूजा, नवीन धमीजा, रोहताश चहल, उमाशंकर गर्ग ने नवनियुक्त प्रशासक एचएसवीपी मोनिका गुप्ता से उनके कार्यालय में बुक्का भेंट कर सम्मानित करने के बाद एक मांग पत्र सौंप कर उन्हें सभी समस्याओं से अवगत कराया।

# कोविड की तीसरी लहर

## सतर्कता आवश्यक

**कोविड**-19 की तीसरी लहर लगभग आ गई है, ऐसे में सरकार को फौरन कठोर निर्णय लेने चाहिए। इंडियन इंस्टीट्यूट आफटेक्नोलोजी हैदराबाद व कानपुर के शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की तीसरी लहर देश पर किसी समय हमला बोल सकती है और वह इसी महीने आ सकती है। हालांकि, उनके इस दावे ने थोड़ी राहत दी है कि यह लहर बहुत छोटी हो सकती है जो अक्टूबर में शिखर पर होगी और तब लगभग 1,50,000 मामले रोज आने की आशंका है। दूसरी लहर में रोज लगभग चार लाख मामले आते थे, अत: उसकी तुलना में तीसरी लहर निश्चित रूप से छोटी होगी। लेकिन मुद्दा यह है कि क्या देश को अगस्त में निरोधक लाकडाउन की आवश्यकता है तथा ऐसे निर्णय के अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेंगे। तीसरी लहर के बारे में शोर-शराबे की शुरुआत जुलाई में दूसरी लहर शुरू होने के समय से ही जारी है। इसके बाद राज्यों ने चरणबद्ध अनलाक की प्रक्रिया शुरू की है। वर्तमान समय में देश से अधिकांश नियंत्रण हटाए जा चुके हैं तथा केवल उच्च पाजिटिविटी दरों वाले कुछ जिलों व कंटेनमेंट क्षेत्रों में नियंत्रण जारी हैं। अधिकांश राज्यों में शिक्षा संस्थान भी खुलने वाले हैं, जबकि कुछ अन्य में वे लगभग एक पखवाड़े से काम कर रहे हैं। हालांकि, मुंबई जैसे शहरों में कुछ नियंत्रणों के बावजूद सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था शत-प्रतिशत क्षमता से काम कर रही है। शहरी, अर्ध-शहरी तथा ग्रामीण वाणिज्यिक व औद्योगिक उद्यम सामान्य कामकाज करने लगे हैं। देश में चौथे सीरो सर्वे के बाद सामान्य रूप से विश्वास बहाल हुआ है जिसके अनुसार जनसंख्या के दो-तिहाई हिस्से में एंटीबाडी पाई गई हैं। इसके साथ ही कोरोना से ठीक हुए लोग हैं जिनमें एंटीबाडी हैं। इस प्रकार अब केवल 40 करोड़ लोगों को ज्यादा खतरा है।



धीमी गति के बावजूद अब पूर्ण टीकाकृत लोगों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन एक लापरवाही की भावना भी है तथा लोग सुरक्षा प्रोटोकालों पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्या छोटी तीसरी लहर का पूर्वानुमान सरकारों और जनता को और ज्यादा लापरवाह बना देगा? पहली दो लहरों के प्रति सरकारों का दृष्टिकोण केवल प्रतिक्रियात्मक था। हालांकि, पिछले दो महीनों से लगता है कि उन्होंने स्वयं को संगठित किया है, चिकित्सा ढांचे को बेहतर बनाया गया है तथा अन्य तरीकों से भी तीसरी लहर से मुकाबले की तैयारी हो रही है। सरकार को फौरन कुछ निर्णय लेने की आवश्यकता है। पहला, यह तय करना जरूरी है कि देश में तीसरी लहर आने के पहले या उसके बाद नियंत्रण कब फिर से लागू किए जाएंगे। तर्क दिया जा रहा है कि हर व्यक्ति तीसरी लहर का अनुमान लगा रहा है, ऐसे में बिजनेस, कार्यालय, संस्थान और स्कूल क्यों खोले जा रहे हैं, जबकि उनको थोड़े दिनों में बंद किया जाना है। दूसरा, क्या नियंत्रणों पर निर्णय उस समय तक टाला जा सकता है, जब तक विशेषज्ञ इसकी पुष्टि न कर दें कि टीकाकरण व एंटीबाडी की उपस्थिति ने नए संक्रमणों का प्रभाव कुंद कर दिया है। तर्क है कि यदि ज्यादा खतरनाक तथा आसानी से फैलने वाले डेल्टा प्लस स्वरूप की बहुलता तीसरी लहर में हो तो क्या होगा। तीसरा, स्कूलों के पुन: खुलने तथा 18 वर्ष से छोटे बच्चों का टीकाकरण बिल्कुल न होने के कारण क्या उनको तीसरी लहर का खतरा अधिक नहीं होगा। वैश्विक महामारी टास्क फोर्स ने सरकार को सलाह दी है कि उसे इन सरोकारों को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करना चाहिए। तीसरी लहर का पूर्वानुमान जारी रहेगा, पर इससे हमारी सतर्कता कम नहीं होनी चाहिए ताकि हम किसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हो सकें।

# बिजली व्यवस्था में सुधार की अनिवार्यता

**डिस्काम पर नियंत्रण ढीला करने से राजनीतिक पार्टियों के हाथ से वह औजार निकल जाएगा जिसके द्वारा वे चुनाव के समय जनता को सस्ती या मुफ्त बिजली का वादा करती हैं।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



पिछले साल तक बिजली वितरण कम्पनियों-डिस्काम के पुनर्गठन संबंधी अनेक घोषणायें हुई हैं। इनमें बिजली व्यवस्था में सुधारों से जुड़ा बिजली संशोधन कानून, 2020, वितरण की परिणामोन्मुख योजना-आरएलआरबीएसडी तथा डिस्काम को 2020 में दिया जाने वाला 90,000 करोड़ रुपये का विशेष कर्ज शामिल है जिसे बाद में बढ़ा कर 1,30,000 करोड़ कर दिया गया था। इसे राष्ट्रीय बिजली नीति, 2021 के नए प्रारूप में शामिल किया गया है। प्रमुख सुधार उपायों में बिजली वितरण के लिए सक्षम बाजार तैयार करना, वितरण बिजनेस को लाइसेंस मुक्त करना, इसमें प्रतियोगिता लाना तथा उपभोक्ता को 'खुली पहुंच' के माध्यम से अपना सप्लायर चुनने का अधिकार देना शामिल है। इसके साथ ही सब्सिडी के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी लागू करना, बिजली मूल्य वृद्धि की सीमा निर्धारित करना, डिस्काम को भुगतान को लेटर आफक्रेडिट-एलओसी से जोड़ना तथा घाटे वाली डिस्काम को अनुदान देने से इनकार करना, आदि भी सुधारों में शामिल हैं। डिस्काम राष्ट्रीय ताप विद्युत बिजली निगम-एनटीपीसी आदि पीएसयू द्वारा पैदा बिजली के बहुत बड़े हिस्से के साथ स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी तथा राज्य बिजली बोर्डों-एसईबी स्टेशनों द्वारा तैयार बिजली खरीदते हैं। इन पर बिजली खरीद समझौतों-पीपीए के माध्यम से राज्य सरकारों का नियंत्रण व स्वामित्व है। इनमें से अधिकांश पीपीए का 25 साल का दीर्घकालीन समझौता है। इससे केवल पांच प्रतिशत बिजली का ही व्यापार होता है।

राज्य सरकारें कुछ खास उपभोक्ताओं को बिजली बेचने का आदेश डिस्काम को देती हैं जिनमें गरीब परिवार व किसान शामिल हैं। यह बिजली खरीद, परिवहन व वितरण पर आने वाली लागत के एक हिस्से पर या मुफ्त दी जाती है। उपरोक्त समूहों को दी जाने वाले बिजली से भयानक नुकसान होता है। यह एग्रीगेट टेक्निकल व कामर्शियल-एटीएंडसी नुकसानों के कारण और बढ़ जाता है जिनमें से अधिकांश बिजली चोरी है। आईपीपी-पीएसयू को एक लागत-प्लस फार्मूले के अंतर्गत टैरिफ की अनुमति पीपीए के अंतर्गत दी जाती है जिससे राजस्व में कमी और बढ़ती है। इन तीन आयामों के खतरनाक जोड़ से डिस्काम को लगातार बढ़ते घाटे का सामना करना पड़ता है। यह घाटा 2015-16 में 52,000 करोड़ था जो नवंबर, 2015 में उज्ज्वल डिस्काम एश्योरेंस योजना के अंतर्गत मिले भारी बेलआउट पैकेज के कारण 2017-18 में 17,000 करोड़ रह गया। इसके बाद यह घाटा बढ़ कर 2019-20 में 30,000 करोड़ तथा 2020-21 में 58,000 करोड़ हो गया। इस पृष्ठभूमि में हमें सुधार उपायों का विश्लेषण करना चाहिए।

बिजली वितरण की सक्षम बाजार के लिए सुधार पूर्वशर्त हैं ताकि तैयार की जाने वाली बिजली का बड़ा हिस्सा खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध हो। लेकिन दीर्घकालीन रूप से 95 प्रतिशत बिजली पीपीए से बंधी होने के कारण इस पर सोचा भी नहीं जा सकता है। परिवारों व उद्योगों को सप्लाई करने वाले पूरे नेटवर्क का स्वामित्व व नियंत्रण डिस्काम के पास है अत: ऐसे में निजी उद्यमों को अनुमति देना असंभव है। इसमें ट्रांसमिशन लाइनें, फीडर लाइनें व ट्रांसफार्मर शामिल हैं।

खुली पहुंच के लिए संशोधित बिजली कानून, 2003 में प्राविधान किया गया था। इस नीति के अंतर्गत पांच साल के भीतर, यानी 2008 तक 1 मेगावाट से अधिक वाले बड़े उपभोक्ताओं को सप्लायर चुनने का अधिकार देना था। लेकिन कानून के दूसरे प्राविधान के अंतर्गत ऐसे उपभोक्ताओं को वितरक बदलने की स्थिति में संबंधित एसईबी को 'खुली पहुंच सरचार्ज'-ओएसी देना पड़ता। राज्य सरकारों ने इस कमी का लाभ उठा कर अब तक एसईबी की रक्षा की है जो उद्योगों से मनमाना दाम वसूल कर रही हैं। सरचार्ज को अधिक रख कर तथा उसे कम करने की चिन्ता किए बिना उन्होंने उपभोक्ताओं को एक दाम पर बिजली देना सुनिश्चित किया है।

यह दर उनके द्वारा एसईबी को किए भुगतान से अधिक होती है। यह स्थिति आर्थिक रूप से ठीक नहीं है। उन्होंने रेलवे को भी नहीं बख्शा है जो हर साल बिजली खरीद पर 12,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करती है। रेलवे एक्ट के अंतर्गत उसे एक 'डीम्ड' लाइसेंसी के रूप में बिजली वितरण व सप्लाई का अधिकार मिल जाता है क्योंकि वह बिजली अपने उपभोग के लिए खरीदता है तथा सरचार्ज भुगतान से बाहर है। इसके बावजूद उसे ओएसी देना पड़ता है क्योंकि राज्य उसे 'एनओसी' देने के तैयार नहीं है जो विकल्प प्राप्त करने के लिए जरूरी है। डीबीटी के अंतर्गत राज्य सरकारें सीधे लक्षित लाभार्थियों को सब्सिडी देती हैं, हालांकि डिस्काम इस प्रकार अपने दाम तय करती हैं कि उससे खरीद, व्हीलिंग व वितरण का पूरा खर्च वसूल हो जाए तथा बिक्री पर घाटा न उठाना पड़े। उनको उद्योगों व बिजनेसों से अधिक पैसा लेने की अनुमति भी है क्योंकि इससे पसंदीदा उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने का बोझ उठाया जाता है। प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण के माध्यम से डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त किया जा सकता है जिससे उनको चोरी पर लगाम लगा कर खर्च घटाने में आसानी होगी। इस व्यवस्था में 'खुल पहुंच' सुनिश्चित करना आसान होगा।

इन सकारात्मक लाभों के बावजूद केन्द्र सरकार डीबीटी लागू करने की हिम्मत नहीं दिखा सकी है। वास्तव में किसानों ने स्वयं को बिजली संशोधन कानून, 2020 के अंतर्गत लाने का भारी विरोध किया है जिससे सरकार ने यथास्थिति बनाए रखने का वादा किया है। यदि किसानों को भारी रियायत पर या मुफ्त बिजली देने की वर्तमान व्यवस्था जारी रही तो यही स्थिति परिवारों के लिए भी होनी चाहिए क्योंकि आप समाज के विभिन्न वर्गों को सब्सिडी देने के दो अलग तरीके नहीं अपना सकते हैं। इसलिए फिलहाल डीबीटी की कोई उम्मीद नहीं है। डिस्काम द्वारा बिजली सप्लाई खर्च वसूल न कर पाने की केवल 15 प्रतिशत लागत ही उपभोक्ताओं पर डाली जा सकती है। इस प्रकार किसानों या परिवारों से वसूल न की जा सकने वाली धनराशि का केवल 15 प्रतिशत ही उद्योगों व बिजनेसों को बिजली कीमत बढ़ा कर वसूल किया जा सकता है। हालांकि, उद्योग कीमत में थोड़ी वृद्धि स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन इससे व्यवस्था ठीक नहीं होगी और अंतत: उनको बेलआउट पैकेज के लिए सरकार के पास जाना होगा। जहां तक एलसी व्यवस्था का सवाल है, बैंक गारंटी देते हैं कि खरीदार द्वारा विक्रेता को समय पर सही भुगतान हो जाएगा। यदि खरीदार भुगतान करने में अक्षम हो तो बैंक उससे पूरी लागत वसूल करेगा तथा इसके लिए उपलब्ध सारे विधिक विकल्प अपनाएगा। इस प्रकार राज्य स्वामित्व वाले डिस्काम के लिए बैंक को चुनौती देना आसान नहीं होगा। जहां तक घाटे वाले डिस्काम को कर्ज देने से इनकार करने का मामला है, उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि वे किसी न किसी तरह सहायता प्राप्त कर लेंगे।

संक्षेप में कहा जाए तो अब तक उठाए गए उपरोक्त कदम केवल सतही हैं क्योंकि राजनेताओं में अन्य कठोर कदम उठाने की हिम्मत नहीं है, जबकि यही असली सुधार ला सकते हैं। इसका कारण यह है कि डिस्काम को उन बंधनों से मुक्त करना होगा जो सभी पार्टियां उन पर लगाती हैं। इसका कारण चुनाव के समय जनता के विभिन्न वर्गों को सस्ती या मुफ्त बिजली देने का वादा है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि हम सुधारों के बारे में घोषणायें सुनते रहेंगे जो संकट से निकालने की जरूरत पड़ने पर डिस्काम में भारी पूंजी निवेश का एक बहाना भर होंगे।

उदय, 2015 के अंतर्गत डिस्काम को 4,00,000 करोड़ का पैकेज दिया गया था, पर उनको अभी बेची गई हर बिजली यूनिट पर 0.42 रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है तथा उन पर 31 मार्च, 2021 को 4,50,000 करोड़ का कर्ज हो गया था। आरएलआरबीएसडी के अंतर्गत सरकार 3,00,000 करोड़ और खर्च करेगी, पर इससे घाटा समाप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है। इस प्रकार वर्तमान दुष्चक्र जारी रहेगा।

# सेना का राजनीति से दूर रहना बेहतर

**दीपक सिन्हा**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति, डोनाल्ड ट्रम्प, हमेशा कट्टरपंथी अधिकार के करीबी संबंधों के साथ संदिग्ध नैतिक और नैतिक अखंडता के व्यक्ति होने की प्रतिष्ठा रखते हैं। फिर भी, ऐसे लोग थे जिन्होंने 2016 में उन्हें वोट दिया क्योंकि वे वास्तव में मानते थे कि वह दो बुराइयों में से कम थे, और दृढ़ता से महसूस किया कि उनके जैसा ''बाहरी व्यक्ति'' ही ''वाशिंगटन दलदल'' को निकालने में सक्षम था, एक वाक्यांश जिसका संकेत था वाशिंगटन सत्ता अभिजात वर्ग के आसपास प्रतीत होता है कि व्यापक भ्रष्टाचार। वे निश्चित रूप से राष्ट्रपति के रूप में उनके नीरस प्रदर्शन से निराश हुए होंगे, विशेष रूप से उनके धूर्तता और स्वार्थ की हद तक। ट्रम्प के सत्ता में अंतिम वर्ष पर, दो पुलित्जर पुरस्कार विजेता वाशिंगटन पोस्ट के पत्रकारों, खोजी कर्मचारी लेखक कैरोल लियोनिग और व्हाइट हाउस ब्यूरो के पूर्व प्रमुख फिलिप रूकर द्वारा हाल ही में एक किताब में इन्हें नंगे रखा गया है, जिसका शीर्षक है ''आई अलोन कैन फिक्स इट''। एक उपयुक्त अगली कड़ी, और बोधगम्य और रोशन के रूप में, ''एक बहुत स्थिर प्रतिभा'' है।

उनकी नवीनतम पुस्तक के सबसे आकर्षक पहलुओं में से एक उस तरीके से संबंधित है जिसमें ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष, जनरल मार्क मिले ने राष्ट्रपति ट्रम्प के चुनाव परिणामों को पलटने के अपने 'बिग लाई' को थपथपाने के बेशर्म प्रयासों का जवाब दिया कि चुनाव डेमोक्रेट्स द्वारा व्यापक धोखाधड़ी का सहारा लेकर चोरी की गई थी। उनकी कानूनी चुनौतियों को सरसरी तौर पर खारिज किए जाने के बावजूद, वह आज भी इन आरोपों को हवा दे रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है कि उनके समर्थकों को उकसाने की परिणति 6 जनवरी को चुनाव परिणामों को औपचारिक रूप देने के लिए कैपिटल हिल में कार्यवाही को बाधित करने के लिए एक हिंसक लेकिन निष्फल प्रयास में हुई।

इससे पहले, कोई याद कर सकता है, जनरल मिले को सैन्य दिग्गजों, राजनेताओं और मीडिया द्वारा अनजाने में सेना को राजनीति में घसीटने के लिए, वर्दी में, ट्रम्प के कुख्यात ''बाइबिल फोटो सेशन'' में सेंट जॉन्स चर्च में उपस्थित होने के लिए उकसाया गया था। इसके तुरंत बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को नस्लीय समानता के लिए प्रदर्शन करते हुए जबरन बेदखल कर दिया गया। वास्तव में, यह कि उन्होंने अपने निर्णय की त्रुटि के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी, यह उनकी स्पष्टता, अखंडता और चरित्र की ताकत की मात्रा को दर्शाता है।



इसके बाद उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई शुरू की कि ट्रम्प द्वारा पेंटागन के भीतर प्रमुख पदों पर अपनी खुद की कमी को नियुक्त करने के बावजूद सेना को राजनीतिक क्षेत्र में नहीं घसीटा गया। अगर लेखकों की माने तो उन्होंने ट्रंप की तुलना हिटलर से की और 6 जनवरी के विद्रोह को अमेरिका के लिए 'रीचस्टैग मोमेंट' के रूप में संदर्भित किया। ट्रम्प के बल के माध्यम से सत्ता से चिपके रहने के प्रयासों पर, उन्होंने कथित तौर पर संयुक्त प्रमुखों में अपने सहयोगियों से कहा ''वे कोशिश कर सकते हैं, लेकिन वे सफल नहीं होने जा रहे हैं ... आप सेना के बिना ऐसा नहीं कर सकते . आप सीआईए और एफबीआई के बिना ऐसा नहीं कर सकते। हम बंदूक वाले हैं।''

उनके कार्यों से यह सबक मिलता है कि हमारे सैन्य नेतृत्व को इसे आत्मसात करना अच्छा होगा। यह अकल्पनीय है कि हमारे वरिष्ठ सैन्य पदानुक्रम लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के नेतृत्व के प्रति इस तरह के टकरावपूर्ण रवैये को अपना सकते हैं, या कभी भी, चाहे उनके कार्य कितने भी उकसावे हों, या असंवैधानिक हों। 1977 के आपातकाल के दौरान सेना द्वारा प्रदर्शित अलगाव एक उदाहरण है। यह सच है कि जनरल थिम्मैया, फील्ड मार्शल मानेकशॉ और कुछ अन्य ऐसे भी रहे हैं जिन्होंने रीढ़ की हड्डी प्रदर्शित की है और सरकार के निर्देशों का विरोध किया है, लेकिन ये बहुत कम हैं और उनके दायरे में केवल पेशेवर मामलों तक ही सीमित हैं। इसके अलावा, हाल तक, सेना का वरिष्ठ नेतृत्व यह सुनिश्चित करने में काफी सतर्क रहा है कि उसकी कार्रवाई पूरी तरह से निष्पक्ष, गैर राजनीतिक, धर्मनिरपेक्ष और संवैधानिक मानकों के भीतर हो। वास्तव में, यह उनके इस तरह के व्यवहार का पालन था जिसने सेना को देश के भीतर सबसे लोकप्रिय और सम्मानित संस्थान बना दिया।

दुर्भाग्य से, जबकि हमारी सेना का बड़ा हिस्सा अराजनीतिक और धर्मनिरपेक्ष बना हुआ है, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल बिपिन रावत के कार्यों और सार्वजनिक बयानों ने यह धारणा बनाई है कि सेना के वरिष्ठ नेतृत्व का अत्यधिक राजनीतिकरण हो गया है। फिर तथ्य यह है कि कुछ बहुत ही वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी वर्दी उतारने के तुरंत बाद सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर लिया है।

जबकि सत्तारूढ़ अभिजात्य वर्ग के भीतर कुछ लोग घटनाओं के इस मोड़ को अपने वैचारिक कारण के लिए लाभप्रद के रूप में देख सकते हैं, और वास्तव में ''गहन चयन'' की प्रक्रिया के माध्यम से सैन्य व्यवस्था पदानुक्रम के भीतर इस बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं, जैसा कि कुछ आरोप लगाते हैं, वे अच्छी तरह से अधिक काट सकते हैं वे चबा सकते हैं। अगर इतिहास से कुछ सीखना है, तो वह यह है कि एक बार जब सेना राजनीति में आ जाती है, तो वह सत्ता में बैठे लोगों की दासी बनकर संतुष्ट नहीं होगी। जैसा कि जनरल मिले ने इतनी वाक्पटुता से कहा, वे बंदूक वाले हैं! उदाहरण के लिए हमें बस अपने पड़ोस को करीब से देखने की जरूरत है।

सेना का राजनीतिकरण करने से बचना राजनीतिक प्रतिष्ठान के हित में होगा। एक बेकाबू राक्षस बनाना, जो उसे खिलाने वाले हाथ को काटेगा, वह सरासर मूर्खता के अलावा और कुछ नहीं है। सरकार और विधायिका के लिए अच्छा होगा कि ऐसे नियम बनाए जाएं जो सेना और यहां तक कि सिविल सेवाओं के सदस्यों को उचित कूलिंग-ऑफ अवधि के बिना राजनीति में शामिल होने से रोकें। यह उन्हें, विशेष रूप से सेना को, राजनीति से बचाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

## आप की बात

### भारत का बढ़ता प्रभाव

**मौजूदा** भारतीय राजनीति और उसका शीर्ष नेतृत्व आज दुनिया में पिछले 75 सालों के इतिहास में अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। भारतीय विदेश नीति की कूटनीतिक सफलता ही है कि उसकी दुनिया के देशों में गहरी पैठ बनी है। अनुकुल होती परिस्थितियों के बीच भारतीय प्रधानमंत्री को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करने का मौका मिला है जो देश के लिए गौरवशाली क्षण है। भारत सरकार लगातार वसुधैव कुटुंबकम को लेकर दुनिया के देशों का सहयोग करती आई है।राजनीतिक, आर्थिक और सामयिक मुद्दों का सर्वमान्य हल भारतीय विदेश नीति का हिस्सा रहा है। कोरोना काल में दवाओं की पूर्ति और सहयोग को लेकर भारत की भुमिका प्रभावी रही है। अमेरिका, रूस, जर्मनी, ब्रिटेन, इजरायल सहित तमाम संपन्न राष्ट्र भारतीय नीति के कायल हुए हैं।इन्हीं भावनाओं और सहयोग का ही नतीजा है कि भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में भी सिरमौर बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करने का मौका मिला है। निश्चित रूप से इसे भारत की नियत और चरित्र का संतुलन ही कहा जाएगा। अब ऐसे अवसर ही हमारी संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्यता का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

### जरूरत जल संरक्षण की

**ग्लोबल** वार्मिंग के कारण ऋतु चक्र में बदलाव नजर आ रहा है। हमारे देश में अतिवृष्टि एवं अना वृष्टि के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं से देश के विभिन्न राज्य जूझ रहे हैं। भूभाग पर उपलब्ध जल का 70त्न व्यय कृषि कार्यों में होता है। शेष पाली का इस्तेमाल निस्तार एवं पेयजल के रूप में किया जाता है। हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को पानी की कम खपत वाली फसलों को उगाने हेतु प्रोत्साहन देने की नीति तर्कसंगत प्रतीत होती है। साथ ही कृषकों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धतियों को अपनाने हेतु भी प्रेरित करने की आवश्यकता है। कम पानी की सिंचाई योजनाओं पर सरकार को अनुदान देखकर किसानों को इन्हें अपनाने हेतु प्रेरित करना चाहिए। फसल चक्र में बदलाव से एवं अल्प पानी की पैदावार को बढ़ावा देखकर किसान भी फसलों के लिए पानी की व्यवस्था करने के तनाव से कुछ हद तक निजात पा सकते हैं। भूजल स्तर गिरने एवं अनियमित वर्षा चक्र के कारण जल स्त्रोतों में पानी का संचय पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में पानी की बचत को एक अभियान के रूप में अपनाकर कृषक प्रकृति के संरक्षण हेतु अपना अहम योगदान दे सकते हैं।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### केरल की कारस्तानी

**केरल**, जो सर्वाधिक कोरोना-ग्रस्त प्रदेश है, की सरकार ऐसी एकमात्र सरकार है, जिसने पिछले 5 मास में 3 बार दावा किया। कि उसने कोविड पर विजय प्राप्त कर ली है, किन्तु राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार आज भी कोविड के सर्वाधिक सक्रिय केस केरल में ही हैं। वहां गत 3 सप्ताह में संक्रमण की वृद्धि दर 1.40 प्रतिशत बढ़ी है। 6 जिलों में संक्रमण 10 प्रतिशत से भी अधिक है। केरल में देश की केवल 2.6त्न आबादी रहती है, और कुल राष्ट्रीय कोविड मोतों का 32 प्रतिशत वहीं है। वहां अस्पतालों में जगह नहीं है। लोग बरामदों, गलियारों और बाहरी मैदानों में जमीन पर पड़े हुए बिना डॉक्टर, बिना नर्स और बिना इलाज भगवान को प्यारे हो रहे हैं। इन सबके बावजूद विजयन सरकार ने ईद पर लोगों को खुली छूट दे दी। और जब इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने उसे लताड़ लगाई तो बेशर्म सरकार ने अपने कदम को उचित ठहराया। किसी भाजपा-शासित राज्य में कोविड के कारण केरल जैसी दुर्दशा हुई होती तो पूरा मीडिया उसके पीछे पड़ गया होता।

– **अजय मित्तल**, मेरठ


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैंने** असम पुलिस को मिजोरम से राज्यसभा के सम्माानित सदस्य, वनलावेना, के खिलाफ प्राथमिकी वापस लेने का निर्देश दिया है।

– **हेमंत बिस्वा सरमा**
असम के मुख्यमंत्री



**तालिबानी** लड़ाकों में कौन सा बदलाव आया है? वे अधिक क्रूर, अधिक दमनकारी और अधिक गैर-मुसलमान बन गए हैं।

– **अशरफ गनी**
अफगानिस्तान के राष्ट्रपति



**भाजपा** का अंत निकट है और जो लोग पार्टी मुख्यालय पर बुरी नजर डाल रहे हैं वे वर्ली के गटरों में गोते लगाते पाएं जाएंगे।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

# गोरखपुर एम्स के निर्माण कार्यों को अक्टूबर तक पूरा करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराते हुए उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि मैनपावर बढ़ाकर गोरखपुर एम्स के निर्माण कार्यों को अक्टूबर तक शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सितम्बर तक जंगल कौड़िया में निर्माणाधीन महाविद्यालय को पूर्ण कर लिया जाए ताकि समय से उसका लोकार्पण कराया जा सके।

● सितम्बर तक जंगल कौड़िया में निर्माणाधीन महाविद्यालय को पूरा किया जाए



मुख्यमंत्री गोरखपुर में आहूत एक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने गोरखपुर-.निचलौल मार्ग के कार्य को अगस्त तक तथा मोहद्दीपुर-जंगल कौड़िया मार्ग के कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला जेल बाइपास के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि गोरखपुर-वाराणसी मार्ग को दिसम्बर तक तथा नौसढ़ से पैडलेगंज तक के सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत हर हाल में पूर्ण कर लिया जाये। मुख्यमंत्री ने एम्स के अधूरे कार्यों को अक्टूबर तक पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को देते हुए कहा कि अक्टूबर में इसका लोकार्पण कराया जाना है। उन्होंने रामगढ़ताल में फैली जलकुम्भी को शीघ्र हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने इंसेफेलाइटिस की समीक्षा के दौरान कहा कि जिस क्षेत्र से इंसेफेलाइटिस केसेज आ रहे हो वहां इस बीमारी के उपचार के समस्त उपाय किय जाए। सीएचसी, पीएचसी पर ईटीसी इंसेफलाइटिस ट्रीटमेन्ट सेण्टर को क्रियाशील रखा जाए ताकि उपचार में मरीज को सुविधा मिले। ऑक्सीजन संयंत्रों के स्थापना कार्य की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी नियमित मॉनीटरिंग की जाए। कार्य की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने गीडा की समीक्षा के दौरान सीईओ गीडा को निर्देशित किया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे अधिक से अधिक लैण्ड बैंक स्थापित किये जाएं। लैण्ड बैंक जितना विशाल होगा निवेशकों को उद्यम स्थापना के लिए आमंत्रित करना उतना सुगम होगा। निवेशकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध ढंग से निस्तारण किया जाए। यदि किसी प्रकरण में उच्च स्तर पर निर्णय लिये जाने की आवश्यकता हो तो तत्काल सम्बन्धित उच्चाधिकारी के संज्ञान में लाकर समस्या का निराकरण कराया जाए ताकि निवेशक को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। उन्होंने कहा कि गीडा को विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाए।

वहीं एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के शानदार प्रबंधन में इंसेफेलाइटिस के सफल नियंत्रण का अनुभव काम आया। उन्होंने बताया कि कोरोना के सेकेंड वेव को हमनें काबू में कर लिया है। तीसरी लहर को लेकर हमारी तैयारी पूरी है। 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी में आज एक्टिव केस 600 ही हैं। करीब दस जिलों में एक भी केस नहीं है। सीएम ने कहा कि सेकेंड वेव में यूपी 700 मीट्रिक टन ऑक्सीजन से 25 करोड़ लोगों की सेवा कर रहा था जबकि 800 मीट्रिक टन ऑक्सीजन पाने वाले दिल्ली में पौने दो करोड़ आबादी की भी देखभाल नहीं हो पा रही थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सुरक्षा सम्मान स्वाबलंबन उनकी सरकार की प्राथमिकता है इसी दृष्टिगत 2020 में मिशन शक्ति शुरुआत की गई उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में महिला समूह द्वारा संचालित बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी जैसा प्रयोग गोरखपुर बस्ती मंडल, अयोध्या व आसपास तथा बदायूं व आसपास के क्षेत्रों में भी शुरू किया जाएगा। इसके लिए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर ने 2 साल में 800 करोड़ का बिजनेस करते हुए 6 करोड़ का शुद्ध लाभ कमाया है। महिलाओं की शिक्षा व उनकी आत्मा के भरता के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। प्रदेश में 30,000 बालिकाएं पुलिस में भर्ती की गई राज्य में सवा लाख शिक्षकों की भर्ती में 55 प्रतिशत की हिस्सेदारी महिलाओं की है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को जनपद बलरामपुर में स्थित देवी पाटन मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए।

# बीजेपी दलितों-शोषितों का उत्थान करने वाली पार्टीः स्वतंत्र देव

● रीता बहुगुणा का घर जलाने के आरोपी पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह सहित कई भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** चुनाव 2022 से पहले बसपा के पूर्व विधायक और दबंग छवि रखने वाले जितेंद्र सिंह बबलू ने बहुजन समाज पार्टी का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने बबलू की सदस्यता ग्रहण कराई। अयोध्या के बीकापुर से विधायक रहे जितेंद्र सिंह बबलू पर बीजेपी सांसद रीता बहुगुणा जोशी के घर जलाने का भी आरोप है। स्वतंत्र देव सिंह ने विभिन्न राजनैतिक दलों व सामाजिक क्षेत्र से आए नेताओं व समाजसेवियों को भाजपा में शामिल करते हुए कहा कि भाजपा की गौरवशाली परम्परा में जनकल्याणकारी योजनाओं व निर्णयों से गरीब, वंचित, शोषित व उपेक्षित वर्ग को सम्मान, न्याय, उनके जीवन की खुशहाली के लिए सत्ता माध्यम मात्र है। उन्होंने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने प्रदेश की एकता-अखण्डता तथा राजनैतिक मूल्यों के लिए जीवन का बलिदान दिया। भाजपा वंशवाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, परिवारवाद वाली पार्टी नहीं है बल्कि दलित, शोषित, वंचित, आदिवासी के उत्थान के लिए दिन-रात काम करने वाली पार्टी है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता मोदी-योगी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जनकल्याण के लिए सेवा भाव से काम करता है। इसलिए बूथ पर काम करने वाला कार्यकर्ता भी एक दिन प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित किसी भी दायित्व पर पहुंच सकता है। उन्होंने आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी की रीति-नीति और सिद्धान्त के अनुरूप कार्य करते हुए मोदी-योगी सरकार की नीतियों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने और उसका प्रचार-प्रसार करने के लिए योजनापूर्वक कार्य करे। स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा की पट्टिका पहनाकर बसपा से पूर्व विधायक जितेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष तथा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पंकज मोहन सोनकर आजमगढ़, बसपा के पूर्व को-आर्डिनेटर मनोज शर्मा गाजियाबाद, बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी प्रवेश सिंह रायबरेली के साथ ही सेवानिवृत्त एयर कोमोडोर श्याम शंकर तिवारी तथा समाज सेविका डा बीना लवानियां को भाजपा परिवार में शामिल कराया। मंच का संचालन प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

# जुलाई में मिला कुल 12655.85 करोड़ रुपए का राजस्वः खन्ना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पेट्रोल-डीजल पर लगाए गए वैट व सेस की दर अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम

**प्रदेश के** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2021-22 के जुलाई में कुल 12655.85 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वर्ष 2020-21 के जुलाई में 10675.42 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार जुलाई 2021 में गत वर्ष के जुलाई 2020 की तुलना में 1980.43 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत जुलाई 2021 में कुल 4697.99 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष जुलाई 2020 के माह में प्राप्ति 4120.62 करोड़ थी। वैट के अन्तर्गत जुलाई 2021 में 2328.34 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष जुलाई 2020 में प्राप्ति 1903.54 करोड़ थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में पेट्रोल और डीजल पर लगाए गए वैट व सेस की दर सबसे कम है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल पर कर की दर 20.14 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 13.07 रुपए प्रति लीटर है जबकि अन्य राज्यों जैसे राजस्थान में पेट्रोल पर राज्य कर 29.90 व डीजल पर राज्य कर 21.83 रुपए प्रति लीटर, आंध्र प्रदेश में पेट्रोल पर 28.36 व डीजल पर 21.65 रुपए प्रति लीटर, उड़ीसा में पेट्रोल पर 24.01 रुपए व डीजल पर 20.89 रुपए व तमिलनाडु में पेट्रोल पर 24.22 रुपए व डीजल पर 17.78 रुपये प्रति लीटर राज्य कर है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार महाराष्ट्र में पेट्रोल पर राज्य कर 29.54 रुपए व डीजल पर 20.81 रुपए, छत्तीसगढ़ में पेट्रोल पर 20.84 रुपए व डीजल पर 19.74 रुपए प्रति लीटर जबकि तेलंगाना में पेट्रोल पर 26.53 रुपए व डीजल पर 20.30 रुपये प्रति लीटर तथा झारखंड में डीजल पर 17.48 रुपए प्रति लीटर राज्य कर के रूप में लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में पेट्रोल पर 22.71रुपए तथा डीजल पर 15.35 रुपए प्रति लीटर जबकि पंजाब में पेट्रोल पर 23.93रुपए व डीजल पर 14.91 रुपए तथा दिल्ली में पेट्रोल पर 23.52 रुपए व डीजल पर 13.12 रुपये प्रति लीटर राज्य कर के रूप में वसूल किया जा रहा है।

# बैंक खातों से लाखों की ऑनलाइन ठगी करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** एडीजी साइबर क्राइम राम कुमार के निर्देश पर साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पूरे प्रदेश में पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में साइबर क्राइम थाना प्रयागराज की पुलिस ने ऑनलाइन बैंक खातों से लाखों की धोखाधड़ी करने वाले दो जालसाजों को धर दबोचा। प्रदेश पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि घनश्याम निवासी 67-85 बी खलासी लाइन्स थाना कीडगंज प्रयागराज के खाते से आनलाइन धोखाधड़ी के माध्यम से 1563580 रुपए निकाल लिए गए थे। इस संबंध में उनकी ओर से दर्ज कराई गई शिकायत पर गंभीरता पूर्वक जांच पड़ताल की गई। साइबर क्राइम की टीम ने इस जालसाजी को अंजाम देने वाले व्यक्ति के बारे में तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए जानकारी एकत्र की गई।

# लम्बित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रमुख सचिव आवास ने की अभिकरणों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक

**प्रमुख सचिव** आवास दीपक कुमार ने अभिकरणों के विभागाध्यक्षों के साथ वर्चुवल बैठक करते हुए जनहित गारण्टी पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव ने कहा कि पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाये। प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों द्वारा इसकी नियमित रूप से समीक्षा की जाये। जनहित गारण्टी पोर्टल से संबन्धित प्रकरणों की समीक्षा मुख्यमत्री के कार्यालय से भी की जाती है। इसलिए इसमें किसी भी प्रकार से शिथिलता न बरती जाये। उन्होने यह भी कहा कि ऐसे प्रकरण जो अधिक समय से आवेदक के स्तर पर औपचारिताएं पूर्ण न किये जाने के कारण लम्बित है को एक नियत अवधि में निरस्त किये जाने का प्राविधान पोर्टल पर किया जाये तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि आवेदन पत्र के साथ अनावश्यक औपचारिकताएं आवेदक से पूर्ण न करायी जाएं। इस अवसर पर विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा सेवावार प्राप्त प्रकरणों को भी प्रस्तुत किया।

इसी प्रकार आवंटित संपतियों के आनलाइन किये जाने की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव आवास ने विकास परिषदए समस्त विकास प्राधिकरणों एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों के अन्तर्गत योजनाओं में आवंटित सम्पतियों का सम्पूर्ण विवरण आन लाइन किये जाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। महाधिवक्ता उप्र की वेबसाइट पर लम्बित वाद, प्रतिशपथ-पत्र के विवरण की समीक्षा करते हुए कहा कि महाधिवक्ता की वेबसाइट में लम्बित वादों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए- निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत शपथ पत्र दाखिल कराया जाये।

# थारू व अन्य जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की समय सारिणी जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रमुख** सचिव समाज कल्याण के रवीन्द्र नायक ने कहा कि शैक्षिक सत्र 2021-22 में मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 में अध्ययनरत थारू एवं अन्य जनजाति के छात्र एवं छात्राओं को वर्तमान वित्तीय वर्ष में छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों का मास्टर डाटा बेस में शामिल करने के लिए 2 अगस्त से 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन लिया जाए। उन्होंने बताया कि छात्रवृति के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष 2 अगस्त से 15 अगस्त तक समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना होगा। इस अवधि के दौरान सम्बन्धित जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचना भरकर व अपलोड कर डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित कर लें। सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक समस्त विद्यालयों में स्वीकृत सीटों की संख्या का शत प्रतिशत ऑनलाइन सत्यापन कर लें।

# तकनीकी व रोजगार परक शिक्षा समय की मांगः राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने कहा कि तकनीकी और रोजगार परक शिक्षा आज के समय की मांग है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव एवं नवाचार के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति 2020 इसकी ओर बढ़ाया गया एक अति महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल बुधवार को जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के प्रशासनिक भवन के राजभवन से ऑनलाइन शिलान्यास के साथ ही आयोजित कार्यक्रम को अवसर को सम्बोधित कर रही थीं। राज्यपाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया और इसके निकटतम जनपद के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का निकटस्थ स्थान है और ऐसे छात्र जो कम संसाधनों में उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हैं, उनके लिए अपने जनपद में ही शिक्षा मिलना एक सुखद अहसास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचनाओं के विस्तार में निरंतर सहयोगी है। प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए धनराशि आंवटित की जा चुकी है। इस नवनिर्माण से कार्य सम्पादन में सुविधा होगी। इसी क्रम में राज्यपाल ने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था से निर्मित प्रशासनिक भवन के हस्तांतरित करने की तिथि का निर्धारण करा लिया जाये। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय स्तर पर एक ऐसी समिति का गठन कर लिया जाये जो समय-समय पर निर्माण कार्य का अवलोकन करके गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने ये भी निर्देश दिया कि भवन निर्माण सम्बन्धित सभी आवश्यक प्रपत्र भवन का नक्शा, व्यय विवरण आदि सूचनाएं विश्वविद्यालय के कुलपति अथवा उपकुलपति आवश्यक रूप से अपने पास रखें जिसे मांगे जाने पर प्रस्तुत भी कर सकें।

राज्यपाल ने प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु उपलब्ध करायी गई भूमि की चाहरदिवारी निर्मित कराने का निर्देश दिया। जिससे वह स्थल निर्विवाद रह सके। उन्होंने कहा कि भवन के परिसर में अभी से पौधरोपण कर दिया जाये जिससे भवन निर्माण पूर्ण होने तक पेड़ बड़े हो जायें और विद्यार्थियों को उनकी छाया में अध्ययन का लाभ मिल सके। विश्वविद्यालय में चलने वाले डिप्लोमा कोर्सेज पर विचार व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को एक साल तक के डिप्लोमा पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र अवश्य दिया जाये, जिससे वह अपने रोजगार हेतु उसका उपयोग कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए रोजगार परक शिक्षण में वृद्धि करने, एप बनाने, डिजाइनिंग प्रशिक्षण पर जोर दिया।

# खादी बोर्ड व फ्लिपकार्ट का साथ ग्रामीण उद्यमियों के लिए बना वरदान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कोविड महामारी की दूसरी लहर में दोनों संस्थाओं ने मिलकर 60 लाख लोगों तक पहुंचाई आवश्यक वस्तुएं

● राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय मार्केट में उत्पादों के विपणन के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के कारीगरों व उद्यमियों को संस्थाओं से जोड़ा जा रहाः नवनीत सहगल

**उत्तर प्रदेश** में कोविड19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान लाकडाउन की अवधि में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं फ्लिपकार्ट द्वारा मिलकर लगभग 60 लाख व्यक्तियों तक आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की गई। मुख्य रूप से मेघदूत ग्रामोद्योग के हर्बल उत्पाद तथा आयुष क्वाथ, इम्यूनिटी बूस्टर काढा, हैण्ड सैनिटाइजर, नीम वटी, गिलोय वटी, च्यवनप्राश आदि के माध्यम से लोगो को उनकी आवश्यकता के अनुसार घरों में पहुंचाने का कार्य किया गया।

इस कार्य को फ्लिपकार्ट ने 40 कर्मचारियों की विशेष टीम बना कर अंजाम दिया। अप्रैल-मई माह में लॉकडाउन के दौरान मेघदूत हर्बल द्वारा लगभग एक करोड़ की कीमत के लगभग 30 हजार उत्पादों का विक्रय किया गया। इसका सीधा लाभ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे तथा मदद की आशा को संजोये व्यक्तियों को प्राप्त हुआ और लाखों लोगों के जीवन को बचाने में सहायक हुआ। इस सफलता का दूसरा पहलू यह रहा है कि मेघदूत ग्रामोद्योग के साथ साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की उन तमाम इकाइयों को प्रोत्साहन मिला तथा इन इकाइयों से जुड़े कामगारों का आर्थिक संवर्धन हुआ जो कहीं न कहीं इन उद्यमियों के आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने में सहायक हुआ।

अपर मुख्य सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग डा. नवनीत सहगल के अनुसार शासन का यह लक्ष्य है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जो छोटे-छोटे कारीगर-उद्यमी हैं, उन्हें आनलाइन मार्केटिंग करने वाले अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसे सिंस्थाओं से जोड़ने से राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट में उत्पादों के विपणन में आसानी होगी, जिससे ग्रामीण उद्यमियों द्वारा उत्पादित उत्पाद का बेहतर मूल्य भी उन्हें प्राप्त होगा। साथ ही उनकी आय में वृद्धि भी होगी। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से यूपी खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं फ्लिपकार्ट के मध्य एमओयू किया गया है। और सरकार की मंशा के अनुरुप बोर्ड का यह प्रयास है कि विपणन के बेहतर अवसर पैदा करके लोगो को आत्मनिर्भर बनाया जायेंए जिससे प्रदेश के सर्वांगीण आर्थिक विकास में एक अच्छा योगदान प्राप्त हो सकें।

# कांग्रेस शुरू करेगी भाजपा गद्दी छोड़ो अभियान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश अध्यक्ष** अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी के आवाहन पर अगस्त क्रांति दिवस (9 अगस्त) और 10 अगस्त को कांग्रेस पार्टी भाजपा गद्दी छोड़ो अभियान का आरंभ करेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को हुई बैठक में यह फैसला किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी द्वारा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मंहगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, महिला सुरक्षा और प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर मार्च और प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की हठधर्मिता के कारण प्रदेश का किसान दुखी व निराश है और अन्ना जानवरों से परेशान होकर आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार पर गन्ना किसान का 14 हजार करोड़ से अधिक का समर्थन मूल्य बकाया है और साथ ही साथ किसानों को खाद, बिजली व डीजल भी मंहगी कीमतों पर दिया जा रहा है। युवाओं की समस्याओं को उठाते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बढ़ती हुई बेरोजगारी के चलते युवा सड़कों पर आंदोलित है और कभी मुख्यमंत्री आवास तो कभी बीजेपी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहा है।

# मायावती ने भाजपा पर लगाया कोरोना प्रोटाकाल के राजनीतिकरण का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने भारतीय जनता पार्टी पर कोरोना प्रोटाकाल के राजनीतिकरण का आरोप लगाया है। मायावती ने कहा है कि किसी भी चुनाव व कार्यक्रम में बीजेपी के नेताओं, मंत्रियों आदि के लिए उत्तर प्रदेश व अन्य कही भी कोरोना नियमों की कोई पाबन्दी नहीं है। उन्हें हर प्रकार के कार्यक्रम में कोरोना नियमों के उल्लंघन व उसकी धज्जियाँ उड़ाने की पूरी छूट है। लेकिन इस मामले में विपक्ष की पार्टियों के लिए इनके नियम दूसरे हैं। बसपा द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर चलाये जा रहे प्रबुद्ध सम्मेलन के तहत एक दिन पूर्व कोरोना प्रोटाकाल को लेकर कासगंज में दर्ज केस को लेकर बुधवार को बसपा सुप्रीमो भाजपा पर हमलावर दिखीं। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रबुद्ध सम्मेलनों के आयोजनों की लगातार हो रही चर्चा से बीजेपी सहित अन्य सभी विरोधी पार्टियों की भी नींद उड़ी हुई है जो इस सम्बंध में उनकी लगातार होने वाली क्रियाओं व प्रतिक्रियाओं आदि से साफतौर पर आँका व समझा जा सकता है और जिस पर प्रदेश की जनता व मीडिया की भी खास नजर है। प्रबुद्ध वर्ग की इसमें बड़ी जोशपूर्ण व ज़ोरदार भागीदारी को भाजपा ने अब अपने लिए इसे खतरे की घण्टी मान लिया है, ऐसी लोगों में यह आम चर्चा है। और ऐसा इसलिए भी यह प्रतीत हो रहा है कि क्योंकि अब उन्होंने इस कार्यक्रम के विरूद्ध खुलकर सरकारी मशीनरी का भी दुरुपयोग करना शुरू कर दिया है।

# सपा साइकिल यात्रा निकालकर दिखाएगी अपना दमखम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** चुनाव 2022 में उतरने से पहले समाजवादी पार्टी संगठन की किलेबंदी मजबूत करने के साथ ही प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार हो गई है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी 5 अगस्त को जनेश्वर मिश्र की जयंती पर प्रदेश भर में साइकिल यात्रा निकालकर अपना विरोध जताने वाली है। वहीं दूसरी ओर बलिया में ब्राह्मणों का एक बड़ा सम्मेलन करके पूर्वांचल में अपनी धमक दिखाने की योजना बना चुकी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार 5 अगस्त को समाजवादी आंदोलन के वरिष्ठ नेता रहे जनेश्वर मिश्र की जयंती के अवसर पर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में राजधानी में साइकिल यात्रा पर निकलेंगे। दो हजार से ज्यादा युवा कल राजधानी की सड़कों पर समाजवादी पार्टी के झण्डों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ साइकिल चलायेंगे। जबकि पूर्व सांसद डिम्पल यादव कन्नौज में साइकिल यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 5 अगस्त की साइकिल यात्रा को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार के पांच वर्ष पूरे होने को हैं लेकिन इस पूरी अवधि में विकास तो कहीं दिखा नहीं हर तरफ तबाही ही दिखाई दी हैं उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने समय और संसाधन का दुरूपयोग करके लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई है।

# प्रदेश के 43.20 लाख गन्ना किसानों को एम किसान पोर्टल से जोड़ा गया

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के गन्ना किसानों को एम किसान पोर्टल से संबद्ध किया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 43.20 लाख गन्ना किसानों को इस पोर्टल से जोड़ा गया है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि एम किसान पोर्टल के माध्यम से गन्ना खेती व विपणन से जुड़े नवीनतम विधाओं और सूचनाओं की जानकारी किसानों को मोबाइल फोन पर ही उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने बताया कि आसानी से उपलब्ध हो रही जानकारी से ही गन्ना किसानों ने गन्ना बुवाई विधि में भी परिवर्तन किया है और ट्रेंच विधि अपनाई है। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि आधुनिक जानकारी और विभिन्न विधियों के उपयोग से गन्ना किसानों द्वारा की जा रही गन्ने की खेती में कम लागत आ रही और किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है।

# बोम्मई की सरकार में 29 मंत्री हुए शामिल

भाषा। बेंगलुरु


**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के करीब एक सप्ताह बाद बसवराज बोम्मई ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया जिसमें 29 मंत्रियों को शामिल किया गया है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राजभवन में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बोम्मई ने अपने मंत्रिमंडल में पुराने चेहरों को ही तरजीह दी है और 23 ऐसे विधायकों को मंत्री बनाया है जो पूर्ववर्ती बीएस एदियुरप्पा मंत्रिमंडल में भी मंत्री थे जबकि छह नए चेहरों को शामिल किया गया है। एदियुरप्पा मंत्रिमंडल में शामिल गोविंद कारजोल (मुधोल), केएस ईश्वरप्पा (शिमोगा), आर अशोक (पद्मनाभनगर), सीएन अश्वथ नारायण (मल्लेश्वरम), बी श्रीरामुलु (मोल्कालमुरु), उमेश कट्टी (हुक्केरी), एसटी सोमशेखर (यशंवतपुर), के सुधाकर (चिक्काबल्लापुरा) और बीसी पाटिल (हीराकेरुर) को बोम्मई ने भी अपनी सरकार में जगह दी है। उन्होंने एदियुरप्पा सरकार में शामिल जेसी मधुस्वामी (चिक्कनयाकनाहल्ली), प्रभु चौहान(औरद), वी सोमन्ना (गोविंदराज नगर),एस अंगारा (सुल्लिया), आनंद सिंह (विजयनगरा), सीसी पाटिल (नारगुंड), एमटीबी नागराज (विधान पार्षद) और कोटा श्रीनिवास पुजारी (विधान पार्षद) को भी दोबारा मंत्री बनाया है। इनके अलावा वी सुनील कुमार (करकला), अरगा जनेंद्र(तीर्थहल्ली), मुनिरत्ना (आरआर नगर), हलप्पा अचार (एलबुर्गा), शंकर पाटिल मुनेनकोप (नवलगुंडा) और बीसी नागेश (टिपतुर) नए चेहरे हैं जिन्हें बोम्मई सरकार में जगह मिली है।

गौरतलब है कि एदियुरप्पा के इस्तीफे के बाद बोम्मई को पिछले सप्ताह भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था और 28 जुलाई को उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। बोम्मई सरकार में शामिल नए कैबिनेट मंत्रियों में लिंगायत समुदाय के आठ, वोक्कालिगा के सात, अन्य पिछड़ा वर्ग के सात, अनुसूचित जाति के तीन, ब्राह्मण समुदाय के दो, अनुसूचित जनजाति-रेड्डी समुदाय का एक-एक मंत्री हैं जबकि एक महिला को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। बोम्मई ने अपने वादे को पूरा करते हुए वर्ष 2019 में कांग्रेस और जनता दल (एस) छोड़कर भाजपा में आए 10 विधायकों को अपने मंत्रिमंडल में जगह दी है। इन विधायकों के पाला बदलने से राज्य में भगवा पार्टी की सरकार बनी थी।

एदियुरप्पा सरकार में पाला बदलकर आने वाले 11 विधायकों को मंत्री बनाया गया था जिनमें से श्रीमंत पाटिल और आर शंकर को बोम्मई मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई है जबकि मुनिरत्ना को मंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण समारोह से पहले बोम्मई ने स्पष्ट किया था कि पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर उनके मंत्रिमंडल में कोई उप मुख्यमंत्री नहीं होगा। उन्होंने कहा कि एदियुरप्पा के छोटे बेटे और कर्नाटक में भाजपा इकाई के उपाध्यक्ष बी वाई विजएंद्र भी शपथ लेने वाले मंत्रियों में शामिल नहीं हैं।

## पूर्व विधायक के बेटे के मेंगलुरु स्थित आवास पर एनआईए ने छापा मारा

**मेंगलुरु।** एनआईए के अधिकारियों ने उल्लाल से पूर्व विधायक बी एम इदिनब्बा के बेटे के आवास पर बुधवार सुबह छापा मारा। बेंगलुरु से सुबह आए अधिकारियों ने तुरंत जांच शुरू कर दी। इदिनाब्बा का बेटा बी एम बाशा इस घर में अपने परिवार के साथ रहता है। छापेमारी की कार्वाई इस संदेह के आधार पर की गई कि परिवार के सीरिया स्थित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के साथ कथित संबंध हैं। 25 अधिकारियों का दल चार कारों में सवार होकर आज सुबह उल्लाल के मस्तिकत्ते पहुंचा। दल को शहर की पुलिस सुरक्षा दे रही है। उनके मुताबिक ऐसा संदेह है कि बाशा की बेटी, जो कई वर्ष पहले केरल से लापता हो गई थी, आईएसआईएस में शामिल हो चुकी है। बाशा रियल एस्टेट कारोबारी हैं। उनके दो बेटे विदेश में रहते हैं। उनके परिजनों ने कथित तौर आईएसआईएस से जुड़े यूट्यूब चैनलों को सब्सक्राइब किया हुआ था और बताया जाता है कि उक्त संगठन के प्रति उनकी सहानुभूति है।



शिमला में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने को जाते हुए।

# पूर्व मंत्री गोलमा देवी ने आंबागढ किले के मंदिर में पूजा अर्चना की

**जयपुर।** जयपुर के आंबागढ किले में स्थित मंदिर में ध्वज को लेकर उपजे विवाद के बाद बुधवार को पूर्व मंत्री गोलमा देवी ने अपने समर्थकों के साथ पूजा अर्चना की। पिछले माह उपजे विवाद के बाद सरकार ने मंदिर में प्रवेश बंद कर दिया गया था जिसे आज से पुन: खोल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व रविवार को विवादों के बीच भाजपा के राज्यसभा सांसद और गोलमा देवी के पति किरोडी मीणा ने आंबागढ के किले की दीवार पर आदिवासी झंडा लगाया था ओर सरकार से मांग की थी कि मंदिर में लोगों का प्रवेश पुन: शुरू किया जाए।

चूंकि किरोडी मीणा अभी दिल्ली में हैं इसलिए उनकी पत्नि और समाज के अन्य लोगों के साथ मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। पिछले माह आदिवासी समाज के कुछ युवकों ने आंबागढ किले के मंदिर के पास लगे एक भगवा झंडे पर आपत्ति करते हुए इसे हटा दिया था। युवकों का समर्थन करते हुए निर्दलीय विधायक रामकेश मीणा ने हिंदुत्ववादी संगठनों पर आदिवासी समाज की संस्कृति के साथ छेडछाड करने का आरोप लगाया जिस पर विवाद उत्पन्न हुआ और इस संबंध में ट्रांसपोर्ट नगर थाने में दो अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की गई।

हिंदुत्ववादी संगठनों का विरोध देख सांसद किरोडी मीणा ने घोषणा की थी कि वे एक अगस्त को आंबागढ जाएंगे। इसे देखते हुए किला क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था लेकिन किरोडी मीणा ने पुलिस को चकमा देकर रविवार अलसुबह पहाडियो के रास्ते होते हुए किले की पीछे वाली दीवार पर पहुंच कर आदिवासी झंडा फहरा दिया जिस पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। हिरासत के दौरान मीणा ने मांग की थी कि मंदिर में प्रवेश पुन: शुरू किया जाए जिस पर राज्य सरकार ने मंगलवार को निर्णय लेते हुए बुधवार सुबह 8 से 4 बजे तक मंदिर प्रवेश की अनुमति दी।

# समिति के समन के खिलाफ अदालत में परमबीर सिंह की याचिका

### ● महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला

**मुंबई।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी परमबीर सिंह ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित एक सदस्ईय आयोग द्वारा उन्हें तलब किए जाने के आदेश को चुनौती दी है। प्रदेश सरकार ने राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए यह आयोग गठित किया है। आयोग ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त को बयान दर्ज करवाने के लिए अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। सिंह ने अपनी याचिका में आयोग की जांच की वैधानिकता को भी चुनौती दी है।

याचिका में कहा गया है कि आयोग को सौंपा गई जांच का दायरा उच्च न्यायालय और शीर्ष अदालत पहले ही तय कर चुकी है।

याचिका में सिंह ने उच्च न्यायालय से यह घोषणा करने का अनुरोध किया है कि जांच आयोग को सौंपी गई जांच का दायरा न्यायसंगत है और इसलिए आयोग द्वारा जांच के लिए कुछ शेष नहीं बचा है।

उन्होंने याचिका में आयोग के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगाने और छह अगस्त को पेश होने केलिए उन्हें जारी समन के अमल पर रोक लगाकर उन्हें अंतरिम राहत प्रदान करने की मांग की है। महाराष्ट्र सरकार ने इस साल 30 मार्च को पूर्व न्यायमूर्ति के यू चांदीवाला की अध्यक्षता में एक सदस्ईय उच्च स्तरीय जांच आयोग गठित किया था जिसे राज्य के पूर्व गृह मंत्री और राकांपा नेता अनिल देशमुख के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोपों की जांच करनी है।

सिंह ने अपनी याचिका में कहा कि आयोग की इस बात की जांच कर अपना नतीजा सौंपना है कि क्या देशमुख ने कोई अपराध किया है जैसा कि सिंह ने 20 मार्च 2021 को मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में आरोप लगाया है।

उन्होंने दावा किया कि उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में देशमुख की याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें सीबीआई द्वारा उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की मांग की गई थी। याचिका के मुताबिक अदालत ने तब कहा था कि राकांपा नेता के खिलाफ प्रथमदृष्टया संज्ञेय अपराध का मामला बनता है। हालांकि, राकांपा के नेता ने कुछ भी गलत करने से इंकार किया है। देशमुख ने सिंह द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की प्रारंभिक जांच सीबीआई को सौंपने के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद इस साल अप्रैल में राज्य के गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## निर्वाचन नामावली को आधार से जोड़ने का आयोग का प्रस्ताव विचाराधीन: रीजीजू

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया कि एक ही व्यक्ति के विभिन्न स्थानों पर नामांकन दाखिल करने के जोखिम को नियंत्रित करने के लिए निर्वाचन नामावली को आधार से जोड़ने का निर्वाचन आयोग का प्रस्ताव विचाराधीन है। लोस में सजदा अहमद के प्रश्न के लिखित उत्तर में विधि एवं न्याय मंत्री किरण रीजीजू ने यह जानकारी दी। विधि मंत्री ने बताया कि हाल के दिनों में चुनाव सुधारों के मुद्दे पर विधि आयोग ने पूर्ण रूप से जांच की थी। आयोग ने विभिन्न पक्षकारों के साथ परामर्श करने के बाद निर्वाचन सुधारों के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए अपनी 244वीं और 255वीं रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। अन्य बातों के अलावा आरोप तय होने पर चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने का विषय, चुनावी वित्त पोषण, पेड न्यूज जैसे मुद्दे शामिल हैं। भारत के निर्वाचन आयोग ने एक ही व्यक्ति के विभिन्न स्थानों पर नामांकन दाखिल करने के जोखिम को नियंत्रित करने के लिए निर्वाचन नामावली को आधार से जोड़ने का प्रस्ताव किया है।

## क्विक न्यूज

### रीवा में ट्रक से 1.5 करोड़ का गांजा जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के रीवा जिले में पुलिस ने एक ट्रक से करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत का 952 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांजे की एक बड़ी खेप उत्तर प्रदेश से आ रही है। इसके बाद मंगलवार को रीवा जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर मऊगंज थाना क्षेत्र के चक चौराहे पर एक कंटेनर ट्रक को तलाशी के लिए रोका गया। वाहन की तलाशी में पुलिस को 53 बोरी गांजा बरामद हुआ जिसे चालक की सीट के पास एक केबिन में छिपाया गया था। पुलिस ने दावा किया कि जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। ट्रक में सवार दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ट्रक की निगरानी और पुलिस की मौजूदगी पर नजर रखने के लिए ट्रक के आगे चल रहे बाइक सवार दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थ के अलावा छह मोबाइल फोन, ट्रक और बाइक भी जब्त किए हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे जांच की जा रही है।

### लापता पायलटों की तलाश के लिए दोबारा अभियान शुरू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में स्थित रणजीत सागर बांध में दुर्घटनाग्रस्त हुए सेना के हेलीकॉप्टर के पायलटो का पता लगाने के लिए बुधवार को दोबारा तलाश अभियान शुरू किया गया। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि हादसा मंगलवार की सुबह हुआ था लेकिन रात की वजह से बचाव अभियान को रोक दिया गया था। हेलीकॉप्टर बांध से निर्मित जिस झील के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हुआ वह पंजाब के पठानकोट से 30 किलोमीटर दूर स्थित है और इसपर पंजाब और जम्मू-कश्मीर सरकार का संयुक्त स्वामित्व है। अभियान में नौसेना के गोताखोरों को भी लगाया है। जहां पर हादसा हुआ है, वहां पर बांध से बनी झील की गहराई करीब 200 फीट मापी गई है। कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आर सी कोतवाल ने बताया कि सुरक्षाबलो और नौकाओ द्वारा शुरू किए गए तलाशी अभियान के दौरान मंगलवार को हेलीकॉप्टर के मलबे के कुछ टुकड़े मिले थे। चश्मदीदों ने बताया कि हेलीकॉप्टर झील के ऊपर उड़ रहा था तभी अचानक नीचे गिरा और पानी में डूब गया। मंगलवार को तलाशी अभियान के दौरान एक हेलमेट, दो बड़े आकार के बैग, एक जूता, एक पहचानपत्र और हेलीकॉप्टर के कुछ हिस्से बरामद हुए थे।

### हरसिमरत कौर और रवनीत बिट्टू के बीच तीखी नोकझोंक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि कानूनों के मुद्दे पर बुधवार को शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल और कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू के बीच संसद परिसर में तीखी नोकझोंक हुई। पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल संसद परिसर में कृषि कानूनों का विरोध करते हुए तख्ती लेकर खड़ी थी। उसी दौरान वहां से गुजर रहे बिट्टू उनके पास पहुंच गए। दोनों नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने दोनों नेताओं के बीच हुई इस नोकझोंक का वीडियो शेयर किया। वीडियो में बिट्टू अकाली दल की नेता पर केंद्रीय मंत्री रहते हुए तीनों कृषि कानून पारित कराने का आरोप लगाते दिख रहे हैं, जबकि हरसिमरत इसका प्रतिवाद करती नजर आ रही है। हरसिमरत ने काले कानून रद्द करो के नारे भी लगाए। लोकसभा में बसपा के नेता रितेश पांडेय और कुछ अन्य सांसद भी कृषि कानूनों के विरोध में हरसिमरत के साथ खड़े थे।

### मुंबई में कोरोना वायरस के 63 नए मामले, नौ की मौत

**मुंबई।** मुंबई मे बुधवार को कोरोना वायरस से पीड़ति 363 नए मरीज मिले जबकि नौ और संक्रमितो की मौत हो गई। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि महानगर में कुल मामले 7,36,022 हो गए है जबकि मृतको का आंकड़ा 15,920 पहुंच गया है। आर्थिक राजधानी मे मंगलवार की तुलना मे नए मामलो व मौतो की संख्या में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को 288 नए मामले आए थे और तीन संक्रमितों ने दम तोड़ा था। शहर में लगातार 20 दिन से कोविड के दैनिक मामलो की संख्या 500 से कम है जबकि इस दौरान होने वाली मौतो की संख्या तीन से 14 के बीच रही है। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटे मे 34,114 नमूनों की जांच की गई है। बीएमसी के अधिकारी ने बताया आज 438 मरीजों को अस्पतालो से छुट्टी दी गई है जिसके बाद संक्रमण से मुक्त होने वाले मरीजो की संख्या 7,13,161 पहुंच गई।

### एनसीबी ने ऑस्ट्रेलिया भेजी जा रही स्यूडोएफेड्रिन जब्त की

**चेन्नई।** एनसीबी ने बताया कि चेन्नई मे कूरियर के सामान से पांच किलोग्राम स्यूडोएफेड्रिन बरामद की गई है। इस खेप को ऑस्ट्रेलिया भेजा जा रहा था। खुफिया जानकारी के आधार पर मंगलवार को कूरियर कंपनी के दफ्तर से इस प्रतिबंधित पदार्थ को जब्त किया। एनसीबी के जोनल निदेशक अमित घवाते द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, एजेंसी के अधिकारियो को चाय की केतली मे छुपाकर रखा गया सफेद रंग का पदार्थ मिला जिसकी जांच में पता चला कि वह स्यूडोएफेड्रिन है। इसे ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स भेजा जा रहा था। एनडीपीएस कानून 1985 के तहत स्यूडोएफेड्रिन नियंत्रित पदार्थ है। इस बाबत दो लोगो को गिरफ्तार किया गया है, जिनमे से एक गिरोह का सरगना है।



नई दिल्ली में जनता दल सेक्यूलर के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा पूर्व जेडीयू नेता शरद यादव से मुलाकात करते हुए।

# दो मिजो मंत्री और गृह सचिव सीमा विवाद को लेकर असम के साथ वार्ता करेंगे

भाषा। आइजोल

**मिजोरम** के तीन प्रतिनिधि- गृहमंत्री लालचामलियाना, भू राजस्व एवं बसावट मंत्री लालरुआत्किमा और गृह विभाग के सचिव वनलालंगईसाका- अंतर राज्य सीमा विवाद के समाधान के लिए असम के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। यह जानकारी शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को दी। मिजोरम के मुख्य सचिव लालनुमाविया चुआउंगो ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दोनों राज्यों के मंत्रियों और अधिकरियों की बैठक बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11 बजे यहां आइजोल क्लब में होगी। असम में मौजूद सूत्रों ने बताया कि राज्य की हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार कैबिनेट मंत्री अतुल बोरा और अशोक सिंघल को वार्ता के लिए भेजेगी।

गौरतलब है कि दोनों राज्यों के बीच जारी सीमा विवाद ने 26 जुलाई को खूनी संघर्ष का रूप ले लिया था जिसमें असम पुलिस के छह कर्मी और एक आम नागरिक की मौत हो गई जबकि घटना में करीब 50 लोग घायल हुए। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरामथंगा ने ट्विटर के माध्यम से कहा कि वह दोनों राज्यों की बैठक में समाधान निकलने को लेकर आशांवित हैं।

उन्होंने ट्वीट किया, कल, पांच अगस्त 2021 को वरिष्ठ मंत्री के नेतृत्व में असम सरकार के प्रतिनिधि वरिष्ठ मंत्री के नेतृत्व वाले मिजोरम सरकार के प्रतिनिधिमंडल से मिलेंगे। मैं आश्वस्त हूं कि इससे सीमा विवाद के समाधान के लिए अहम कदम उठाने पर सहमति बनेगी। उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों ने तनाव कम करने के लिए बैठक करने का फैसला किया। इससे पहले सरमा ने सोमवार को माइक्रोब्लॉगिंग साइट के माध्यम से घोषणा की थी कि वह शांति के लिए अपने दो कैबिनेट मंत्रियों को आइजोल भेजेंगे।

सरमा ने यह घोषणा मिजोरम के समकक्ष जोरामथंगा द्वारा सोशल मीडिया पर की गई इस घोषणा के बाद की कि उन्होंने राज्य पुलिस को पड़ोसी राज्य के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने का निर्देश दिया है। इसके बाद असम के मुख्यमंत्री ने भी अपने राज्य में कोलासिब के उपायुक्त लालथलंगलियाना और सब-डिविजनल पुलिस अधिकारी थेरटी हरांगचल के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की घोषणा की। इस बीच, असम सरकार द्वारा कथित तौर पर घोषित आर्थिक नाकेबंदी बुधवार को 10वें दिन में प्रवेश कर गई। दरअसल कछार जिले से मिजोरम में प्रवेश करने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 306 गत 26 जुलाई से बंद है।

# बिहार में सात अगस्त से आठवीं तक के खुलेंगे स्कूल

**पटना।** बिहार में कोरोना वायरस संक्रमण में गिरावट देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूल खोलने का फैसला किया है। प्रदेश में नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए जहां 7 अगस्त से कक्षाएं शुरू होंगी वहीं पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 16 अगस्त से वर्ग का संचालन होगा। सरकार ने 07 अगस्त से 25 अगस्त तक सभी दुकानों को साप्ताहिक बंदी के साथ खोलने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को ट्वीट कर कहा, नौवी से दसवीं कक्षा 7 अगस्त से एवं पहली से आठवीं कक्षा 16 अगस्त से खुलेगी। कोचिंग संस्थान छात्रों की 50 प्रतिशत उपस्थिति (एक दिन छोड़कर) के साथ कार्य कर सकेंगे। उन्होंने कहा, कोरोना संक्रमण में कमी को देखते हुए दिनांक 07 अगस्त से 25 अगस्त तक सभी दुकानों को साप्ताहिक बंदी के साथ खोलने का निर्णय लिया गया है। प्रतिबंधों के साथ सिनेमा हॉल एवं शॉपिंग मॉल भी खुलेंगे।

नीतीश ने कहा, सार्वजनिक वाहनों को पूर्ण क्षमता के साथ चलने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा, विद्यालयों में बच्चों को कोविड अनुकूल व्यवहार की जानकारी दी जाएगी। लोगों को अब भी कोविड संबंधी सावधानी बरतनी चाहिए। इस बीच मुख्यमंत्री ने आज पटना शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर कोविड प्रोटोकॉल के पालन का जायजा लिया। बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 46 नए मामले सामने आए। प्रदेश में बुधवार को उपचाराधीन मरीजों की संख्या 365 थी। पिछले साल कोरोना महामारी की शुरूआत के बादा से बिहार में बुधवार तक 9646 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 725023 लोग संक्रमित हुए हैं।

# मैं निराश था लेकिन नेता लंबे समय तक शोक नहीं मना सकते: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के दो साल बाद और 234 दिनों तक नजरबंद रखे गए नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि शुरूआत में बहुत निराश रहने के बाद उन्होंने महसूस किया कि एक नेता के तौर पर उन्हें लंबे समय तक शोक मनाने का अधिकार नहीं है और वह अपने मूलभूत संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे लोगों को निराश नहीं कर सकते।

संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द किए जाने के दो साल पूरे होने की पूर्व संध्या पर पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच अगस्त (2019) को जो कुछ किया गया था उसने ज्यादातर लोगों को स्तब्ध कर दिया था, जिन्हें इस कदम से अचानक, अप्रत्याशित और असंवैधानिक झटका लगा था। केंद्र सरकार ने दो साल पहले जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों--जम्मू कश्मीर और लद्दाख-- के रूप में विभाजित कर दिया था।

उमर सात महीने तक नजरबंद रहे थे और इस कार्वाई को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी। उन्होंने उन दिनों का याद करते हुए कहा, मैं एक बहुत ही थका हुआ और निराश व्यक्ति था। यहां तक कि मैं मौजूदा स्थिति में संभव बुनियादी राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहा था। लेकिन जैसा कि कहा जाता है, यदि आप इंद्रधनुष देखना चाहते हैं, तो आपको बारिश को तो सहना ही होगा। इसलिए, यहां मैं लोगों के लिए जो सर्वश्रेष्ठ कर सकता हूं, कर रहा हूं।

उमर ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए काफी कुर्बानी दी है। उन्होंने कहा, हमारे सैकड़ों कार्यकर्ता और कई नेता आतंकवादियों की गोलियों का शिकार बन गए। नेकां उपाध्यक्ष ने अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को केंद्र द्वारा रद्द कर दिए जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में दी गई चुनौती का जिक्र करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है और उच्चतम न्यायालय पर विश्वास है, जिसने कहा है कि यदि इसमें (चुनौती में) दम हुआ तो वह घड़ी की सूई को पीछे ले जाएगा। मैं आश्वस्त हूं कि किसी न किसी दिन जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के लोगों को न्याय जरूर मिलेगा।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के मुख्य धारा के नेताओं के साथ 24 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक पर एक सवाल के जवाब में उमर ने कहा कि पहल को जमीनी स्तर पर ले जाने की जरूरत है ताकि सार्थक परिणाम मिल सके। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने दिल्ली और जम्मू कश्मीर के बीच स्पष्ट रूप से दूरी घटाने की बात कही थी, शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से। हम अब उस बैठक के फॉलो-अप की शुरूआत होने का इंतजार कर रहे हैं।



पटियाला में पीपीसीसी अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस करते हुए

# बाजार नई ऊंचाई पर, सेंसेक्स 54 हजार के पार

भाषा। मुंबई

**सकारात्मक** वैश्विक संकेतों के बीच वित्तीय शेयरों में जोरदार बढ़त के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 546 अंक बढ़कर पहली बार 54,000 के ऊपर बंद हुआ। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक अपने सर्वकालीन उच्च स्तर 54,465.91 पर पहुंचा और फिर 546.41 अंक यानी 1.02 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 54,369.77 पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 128.05 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़कर 16,246.85 के अपने सर्वकालीन उच्च स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले निफ्टी ने कारोबार के दौरान 16,290.20 उच्चतम स्तर को छुआ।

सेंसेक्स में लगभग पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ एचडीएफसी शीर्ष पर रहा। इसके अलावा कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में

### ● 546 अंक चढ़ा सेंसेक्स

शामिल थे। दूसरी ओर टाइटन, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, मारुति और भारती एयरटेल में गिरावट रही। सेंसेक्स में 16 शेयर गिरावट के साथ तथा 14 बढ़कर बंद हुए। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि वित्तीय शेयरों में उछाल के बल पर घरेलू शेयर बाजार ने नई ऊंचाई को छुआ। उन्होंने कहा कि बाजार की तेजी में वित्तीय शेयर ही एकमात्र प्रेरक शक्ति थे। एसबीआई के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद यह तेजी शुरू हुई। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,504 करोड़ रुपए रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बताया कि इस दौरान खराब ऋणों में गिरावट से उससे

बीएसई सेंसेक्स अगस्त 2021 4




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| एचडीएफसी | 4.77 | टाइटन | -2.14 |
| कोटक महिन्द्रा | 3.74 | नेस्ले | -1.39 |
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.58 | अल्ट्रा टेक सीमेंट | -1.19 |
| स्टेट बैंक | 2.37 | सन फार्मा | -1.16 |
| एचडीएफसी बैंक | 2.12 | मारुति सुजुकी | -1.09 |

एनएसई निफ्टी अगस्त 2021 4




| टॉप गेनर | | टॉप लूजर | |
|---|---|---|---|
| एचडीएफसी | 4.59 | ग्रासिम | -2.47 |
| कोटक महिन्द्रा | 3.89 | टाइटन | -2.13 |
| आईसीआईसीआई बैंक | 3.14 | टाटा मोटर्स | -1.84 |
| स्टेट बैंक | 2.16 | अदानी पोर्ट्स | -1.64 |
| एचडीएफसी बैंक | 2.15 | हिंडाल्को | -1.58 |

पीटीआई ग्राफिक

मदद मिली। एसबीआई का एनपीए जून के अंत में घटकर 5.32 प्रतिशत रह गया, जो पिछले साल जून के अंत में 5.44 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए भी जून 2020 में घटकर 1.7 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.8 प्रतिशत था। मोदी ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक शेयर बाजारों से सकारात्मक संकेतों ने भी निवेशकों की भावनाओं को मजबूत किया। वाटरफील्ड एडवाइजर्स में सूचीबद्ध निवेश के मुख्य निवेश अधिकारी निमिश शाह ने कहा कि कॉरपोरेट परिणाम सभी क्षेत्रों में उम्मीद के अनुरूप आए हैं। उन्होंने कहा कि कम आधार प्रभाव के कारण कॉरपोरेट ऑय के नतीजे बेहतर दिख रहे हैं और स्थानीय निवेशकों के दांव लगाने से बाजार में सकारात्मक माहौल दिखाई दे रहा है।

शाह ने कहा कि जहां एक ओर विदेशी निवेशकों ने जुलाई में इक्विटी बाजारों से 11,000 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की, वहीं घरेलू संस्थानों ने 21,000 करोड़ रुपए का निवेश किया। घरेलू संस्थानों में म्यूचुअल फंडों लगभग 13,900 करोड़ रुपए का योगदान दिया। क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई बैंकेक्स, वित्त और बिजली सूचकांक 2.60 फीसदी तक चढ़े, जबकि दूरसंचार, रियल्टी और टिकाऊ उपभोक्ता सूचकांक में गिरावट हुई। व्यापक बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 1.06 प्रतिशत तक की गिरावट हुई। एशियाई बाजारों में शंघाई, हांगकांग और सियोल बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि तोक्यो में गिरावट रही।

## इस साल की पहली छमाही में 710 लेनदेन के जरिए करीब 40.7 अरब डॉलर के सौदे

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 की दूसरी लहर के प्रभाव के बावजूद इस वर्ष की पहली छमाही में करीब 40.7 अरब डॉलर के सौदे हुए। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की भारत में सौदेः 2021 के लिए मध्यावधि समीक्षा एवं परिदृश्य-मजबूती और पुनरूद्धार शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार एक जनवरी से 15 जून के दौरान, कंपनियों ने 710 लेनदेन के जरिए 40.7 अरब डॉलर मूल्य के सौदों की घोषणा की। यह 2020 की दूसरी छमाही में मूल्य के लिहाज से दो प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार इस साल जनवरी-जून की अवधि में निजी इक्विटी (पीई) गतिविधियां 26.3 अरब अमेरिकी डॉलर के अब तक के उच्चतम स्तर को छू गई, जो एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। सौदे से जुड़ी गतिविधियों में उछाल अरबों डॉलर के अधिग्रहण और स्टार्ट-अप द्वारा बड़ी राशि जुटाने से जुड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया कि निजी इक्विटी (पीई) निवेशक अपना ध्यान वृद्धि की मजबूत संभावना दिखाने वाले प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों पर भी केंद्रित कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### काजीगुंड-बनिहाल सुरंग यातायात परीक्षण के लिए खोली गईः गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि काजीगुंड और बनिहाल के बीच 8.5 किलोमीटर सुरंग को यातायात परीक्षण के लिए खोल दिया गया है। इस सुरंग से जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा के समय में लगभग 1.5 घंटे और दूरी में 16 किलोमीटर की कमी होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि समुद्र तल से 5,800 फीट की ऊंचाई पर बनी यह सुरंग जवाहर सुरंग की जगह लेगी और हर मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। उन्होंने ट्वीट किया, ...काजीगुंड और बनिहाल के बीच 8.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का काम पूरा हो चुका है और परीक्षण के लिए यातायात को खोला गया है। गडकरी ने कहा कि इससे जम्मू और श्रीनगर के बीच यात्रा के समय में लगभग 1.5 घंटे और दूरी में 16 किलोमीटर की कमी होगी।

### भारत को दूरसंचार क्षेत्र में तीन निजी कंपनियों की जरूरत, सरकार से समर्थन की उम्मीदः एयरटेल सीईओ

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल के सीईओ गोपाल विट्टल ने बुधवार को कहा कि भारत जैसे बड़े देश को दूरसंचार क्षेत्र में तीन निजी कंपनियों की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार गंभीर वित्तीय संकटै से जूझ रहे उद्योग को राहत देने के लिए कदम उठाएगी। यह टिप्पणी वोडाफोन आइडिया के अस्तित्व बनाए रखने के संघर्ष के बीच अहम है। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने इस साल जून में कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) में समूह की हिस्सेदारी सरकार या किसी अन्य इकाई को सौंपने की पेशकश की थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कंपनी का अस्तित्व बना रहे। एयरटेल के सीईओ ने कहा, मुझे लगता है कि सिर्फ राष्ट्रीय दृष्टिकोण से, एक ऐसी उद्योग संरचना सही होगी जहां तीन कंपनियां न केवल बनी रहें, बल्कि प्रगति करें और निश्चित रूप से सरकारी कंपनी हमेशा मौजूद रहे। विट्टल ने कहा, मुझे लगता है कि एक देश के रूप में हमें तीन कंपनियों की जरूरत है... यह 1.3 अरब लोगों के साथ काफी बड़ा देश है, जो इस बाजार में तीन (निजी) कंपनियों को आसानी से समायोजित कर सकता है।

### करूर वैश्य बैंक का पहली तिमाही का शुद्ध लाभ मामूली वृद्धि के साथ 109 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक (केवीबी) ने बुधवार को बताया कि 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ मामूली वृद्धि के साथ 109 करोड़ रुपए रहा। बैंक ने एक साल पहले की समान अवधि में 106 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। करूर वैश्य बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक की कुल आय वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में घटकर1,596 करोड़ रुपए रह गई, जो इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में1,693 करोड़ रुपए थी। हालांकि, बैंक की शुद्ध ब्याज आय पहले के 562 करोड़ रुपए से 14 प्रतिशत बढ़कर 638 करोड़ रुपए हो गई। केवीबी ने कहा कि इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.55 फीसदी रहा। बैंक का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) यानी फंसा कर्ज 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही में कुल कर्ज का 7.97 प्रतिशत रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 8.34 प्रतिशत था। हालांकि शुद्ध एनपीए आलोच्य तिमाही में बढ़कर 3.69 प्रतिशत हो गया जो एक साल पहले 2020-21 की इसी तिमाही में 3.44 प्रतिशत था।

### प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के लिए एक चार्टर तैयार करने का काम जारीः सेबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कहा कि निवेश प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के लिए एक चार्टर तैयार करने पर काम जारी है। चार्टर निवेशकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों तथा शिकायत निवारण तंत्र पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष अजय त्यागी ने नियामक की वार्षिक रिपोर्ट 2020-21 में कहा, केंद्रीय बजट 2021-22 में घोषित निवेशक चार्टर को तैयार करने का काम जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक सेबी के लिए एक चार्टर और बाजार नियामक द्वारा विनियमित संस्थाओं के लिए अलग चार्टर का प्रस्ताव किया गया है। इसके साथ ही चार्टर में निवेशक संबंधी विभिन्न गतिविधियों के लिए समय-सीमा निर्धारित करने का प्रस्ताव किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेशक चार्टर न केवल निवेश प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाने में मदद करेगा, बल्कि बाजार में निवेशकों को बेहतर ज्ञान के साथ निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। निवेशकों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2021-22 में वित्तीय निवेशकों के लिए एक निवेशक चार्टर पेश करने का प्रस्ताव रखा था।

### रिजर्व बैंक ने पुराने नोट की खरीद, बिक्री के फर्जी प्रस्तावों को लेकर आगाह किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को लोगों को आगाह किया कि वे अनधिकृत संस्थाओं द्वारा कमीशन के आधार पर पुराने नोटों और सिक्कों की खरीद या बिक्री के फर्जी प्रस्तावों के झांसे में न आएं। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि यह उसके संज्ञान में आया है कि कुछ तत्व धोखाधड़ी से भारतीय रिजर्व बैंक के नाम, लोगो का इस्तेमाल कर रहे हैं और पुराने बैंक नोटों और सिक्कों की खरीद तथा बिक्री से संबंधित लेनदेन के लिए विभिन्न ऑनलाइन/ऑफलाइन मंच के जरिए जनता से शुल्क/कमीशन की मांग कर रहे हैं। बयान में कहा गया, यह स्पष्ट किया जाता है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस तरह के काम नही करता और कभी भी किसी भी प्रकार के शुल्काकमीशन की मांग नही करता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने साथ ही किसी भी संस्थानाकंपनीाव्यक्ति आदि को इस तरह के लेनदेन में अपनी ओर से शुल्काकमीशन लेने के लिए अधिकृत नही किया है। रिजर्व बैंक ने जनता को सतर्क रहने और इस तरह के धोखाधड़ी वाले प्रस्तावों के माध्यम से पैसे निकालने के लिए उसके नाम का इस्तेमाल करने वाले तत्वों का शिकार न होने की सलाह दी।

### केरल में सॉफ्टवेयर लैब स्थापित करेगी आईबीएम

**तिरुवनंतपुरम।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आईबीएम ने बुधवार को घोषणा की कि वह कोच्चि में एक सॉफ्टवेयर लैब स्थापित करने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री पी विजयन ने आईटी कंपनी के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। घोषणा के एक दिन पहले मुख्यमंत्री विजयन, आईबीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल और, आईबीएम इंडिया सॉफ्टवेयर लैब्स के उपाध्यक्ष गौरव शर्मा ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए की गई एक बैठक में राज्यों के डिजिटल मिशन को तेज करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा की थी। आईबीएम सॉफ्टवेयर लैब्स अग्रणी वैश्विक नवाचार केंद्र है जो अगली पीढ़ी के सॉफ्टवेयर पोर्टफोलियो और क्लाउड पेशकशों को विकसित और वितरित करते है। विजयन ने राज्य के आईटी विकास में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आईबीएम को धन्यवाद देते हुए कहा, निःसंदेह, आईबीएम का यह विस्तार केरल में आईटी क्षेत्र के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के कर्मचारी निजीकरण के विरोध में हड़ताल पर गए

भाषा। नई दिल्ली

**सार्वजनिक क्षेत्र** की सामान्य बीमा (पीएसजीआई) कंपनियों के कर्मचारी बुधवार को सरकारी बीमा कंपनियों के निजीकरण के विरोध में एक दिन की देशव्यापी हड़ताल कर रहे हैं। पीएसजीआई कंपनियों के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे की सोमवार को बैठक हुई और इन कंपनियों के निजीकरण के सरकार के फैसले का विरोध करने का फैसला किया।

अखिल भारतीय सामान्य बीमा कर्मचारी संघ के महासचिव के गोविंदन ने कहा कि यूनियनों ने लोकसभा में साधारण बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक, 2021 को पारित किए जाने के खिलाफ एक दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पीएसजीआई की सभी चार कंपनियों के कर्मचारी दिन भर की हड़ताल में हिस्सा ले रहे हैं। पेगासस जासूसी और अन्य मुद्दों पर विपक्षी दलों के लगातार विरोध के बीच लोकसभा ने सोमवार को बिना चर्चा के विधेयक को पारित कर दिया। यह विधेयक बुधवार को चर्चा और पारित होने के लिए राज्यसभा में आने वाला है। इस विधेयक के पारित होने के बाद केंद्र सरकार किसी बीमा कंपनी में 51 प्रतिशत से कम हिस्सेदारी रख सकती है यानी उसका निजीकरण किया जा सकता है। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआईआईईए) ने कहा कि इन उपायों के चलते सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की सभी चार सामान्य बीमा कंपनियों और पुनर्बीमाकर्ता जीआईसी री का निजीकरण कर सकेगी। एआईआईईए ने कहा, वित्त मंत्री का यह तर्क हास्यास्पद लगता है कि यह निजीकरण नहीं है, बल्कि अधिक से अधिक निजी भागीदारी की दिशा में उठाया गया कदम है। गौरतलब है कि पीएसजीआई कंपनियां प्रीमियम संग्रह और दावा निपटान के मामले में पहले पांच स्थान पर काबिज हैं।

## एसबीआई का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 55 प्रतिशत बढ़कर 6,504 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 55 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,504 करोड़ रुपए रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बताया कि इस दौरान खराब ऋणों में गिरावट से उससे मदद मिली। बैंक ने 2020-21 की अप्रैल-जून तिमाही में 4,189.34 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक बैंक की कुल एकल आय 2021-22 की पहली तिमाही में बढ़कर 77,347.17 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 74,457.86 करोड़ रुपए थी। एसबीआई का एनपीए जून के अंत में घटकर 5.32 प्रतिशत रह गया, जो पिछले साल जून के अंत में 5.44 प्रतिशत था। इसी तरह शुद्ध एनपीए भी जून 2020 में घटकर 1.7 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.8 प्रतिशत था।

## न्यायालय ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान के लिए जनहित याचिका पर केंद्र, 11 राज्यों से जवाब मांगा

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने गन्ना उत्पादक किसानों के बकाए के भुगतान को लेकर एक पूर्व सांसद की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को केंद्र और उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र समेत 11 गन्ना उत्पादक राज्यों से जवाब मांगा। जनहित याचिका में चीनी मिलों को गन्ने की आपूर्ति के 14 दिन के भीतर किसानों को बकाए का भुगतान करने के लिए एक व्यवस्था बनाने का आग्रह किया गया है। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने महाराष्ट्र के पूर्व लोकसभा सांसद राजू अन्ना शेट्टी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर की दलीलों पर गौर किया।

वकील ने कहा कि गन्ना आपूर्तिकर्ताओं को देश भर में आपूर्ति के 14 दिनों के भीतर उनके बकाया का भुगतान किया जाना चाहिए, जैसा कि



इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश में भी यह बात कही गई है। पीठ ने ग्रोवर की दलीलें सुनने के बाद कहा, नोटिस जारी करें। इसे तीन सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। ग्रोवर ने उन राज्यों की ओर ध्यान दिलाया जो किसानों को भुगतान करने में बुरी तरह चूक करते रहे हैं। वरिष्ठ वकील ने आरोप लगाया कि चीनी मिलें धन का दूसरे उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल कर रही हैं। वे किसानों को भुगतान नहीं कर रही हैं और इसलिए किसानों के बकाया की वसूली के लिए उनका चीनी का भंडार जब्त कर लेना चाहिए। उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति अधिनियम के अनुसार, गन्ना उत्पादकों को 14 दिनों के भीतर उनकी बकाया राशि और निर्धारित समय अवधि के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर ब्याज का भुगतान करना अनिवार्य है। उच्चतम न्यायलय ने केंद्र, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के अलावा पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, गुजरात, बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु को भी नोटिस जारी किया। उसने चार गन्ना खरीद कंपनियों से भी जवाब मांगा जिनमें बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, इंडियन शुगरमिल्स एसोसिएशन, केन एग्रो एनर्जी (इंडिया) लिमिटेड और इंडियन सुक्रोज लिमिटेड हैं। शेट्टी ने अपनी जनहित याचिका में इस तरह की बकाया राशि को बढ़ते जाने से रोकने और किसानों को दुष्चक्र में फंसने से बचाने के लिए गन्ने की फसल की कीमत के भुगतान के लिए एक व्यवस्था स्थापित करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

## जुलाई में लगातार तीसरे महीने सेवा क्षेत्र में गिरावटः पीएमआई

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप और स्थानीय प्रतिबंधों के कारण व्यावसायिक गतिविधियों, नए ऑर्डर और रोजगार में बड़े पैमाने पर कमी के चलते भारत के सेवा क्षेत्र में जुलाई में लगातार तीसरे महीने गिरावट हुई। मौसमी रूप से समायोजित भारत सेवा कारोबार गतिविधि सूचकांक जुलाई में 45.4 अंक रहा, जो जून में 41.2 अंक था। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। आईएचएस मार्किट में अर्थशास्त्र की संयुक्त निदेशक पोलीन्ना डी लीमा ने कहा, इस समय कोविड-19 महामारी को लेकर बना माहौल सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन पर भारी पड़ रहा है, जबकि यह क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जुलाई के आंकड़े कुछ हद तक निराशाजनक हैं, हालांकि गिरावट की रफ्तार कुछ कम हुई है।



गुमला जिले के घाघरा गांव में अपने खेत में धान के पौधे रोपतीं महिला किसान

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत दर बरकरार रखने का अनुमान

भाषा। मुंबई

**प्रमुख नीतिगत** दरों को निर्धारित करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा को अंतिम रूप देने के लिए अपनी तीन दिवसीय बैठक शुरू की। विशेषज्ञों का मानना है कि मुद्रास्फीति के दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ब्याज दरों पर यथास्थिति का विकल्प चुन सकता है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के प्रस्तावों को जारी करेंगे।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदर्स्इय एमपीसी में तीन बाहरी सदस्य भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई मौद्रिक नीति के मोर्चे पर कोई बड़ा फैसला करने से पहले थोड़ा और इंतजार करेगा, क्योंकि केंद्रीय बैंक का ध्यान मुद्रास्फीति के प्रबंधन के साथ ही आर्थिक वृद्धि को बल देने पर भी है। केंद्रीय बैंक ने जून की नीति बैठक में प्रधान ब्याज दर को चार प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। यह लगातार छठी बार था, जब एमपीसी ने ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखी। ब्रिकवर्क रेटिंग्स के मुख्य आर्थिक सलाहकार एम गोविंद राव ने कहा कि एमपीसी ने मई 2020 से प्रमुख नीतिगत दरों को अपरिवर्तित रखा है। उन्होंने आगे कहा, हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई एमपीसी रेपो दर को चार प्रतिशत पर बनाए रखते हुए हाल में शुरू हुए पुनरूद्धार का समर्थन जारी रखेगी। हमें यह भी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक चेतावनी देगा और स्थिति की बारीकी से निगरानी करने की जरूरत पर जोर देगा। हाउसिंग डॉट कॉम, मकान डॉट कॉम और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के समूह सीएफओ विकास वधावन ने कहा, हमें उम्मीद है कि आरबीआई अपनी मौद्रिक नीति में यथास्थिति बनाए रखेगा।

## पेज 1 का शेष

### रवि दहिया...

करने में सफल रही। महिला हॉकी टीम ने साहसिक प्रदर्शन किया लेकिन वह विश्व में दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना को जीत से नहीं रोक पाई। भारत के पास अभी भी कांस्य पदक जीतने का मौका है जिसके लिए शुक्रवार को उसका सामना तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से होगा। भारत के लिए गुरजीत कौर ने दूसरे मिनट में गोल किया लेकिन अर्जेंटीना के लिए कप्तान मारिया बारियोनुएवा ने 18वें और 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। गोल्फ में अदिति अशोक ने शानदार शुरूआत करके पहले दिन चार अंडर 67 का स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया। अदिति अभी दुनिया की नंबर एक गोल्फर नैली कोरडा के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन की मेडेलेने सैगस्ट्रोम से एक शॉट पीछे हैं। भारत की दीक्षा डागर ने पांच बोगी की और कोई बर्डी नहीं लगा सकी। वह संयुक्त 56वें स्थान पर हैं।

### संसद में...

फिर सरकार से आग्रह करता है कि वह संसदीय लोकतंत्र का सम्मान करे और चर्चा के लिए तैयार हो। पेगासस और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर पिछले कई दिनों से संसद के दोनों सदनों में गतिरोध बना हुआ है। 19 जुलाई से मॉनसून सत्र आरंभ हुआ था। लेकिन, अब तक दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित रही है। विपक्षी दलों का कहना है कि पेगासस जासूसी मुद्दे पर पहले चर्चा कराने के लिए सरकार के तैयार होने के बाद ही संसद में गतिरोध खत्म होगा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष की मांग को खारिज करते हुए शुक्रवार को लोकसभा में कहा था कि यह कोई मुद्दा ही नहीं है।

### बीआरओ ने...

डेमचोक को जोड़ने वाला एक सीधा वैकल्पिक मार्ग है। इससे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहतर होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस सड़क का निर्माण माउंट एवरेस्ट बेस कैंप से अधिक ऊंचाई पर किया गया है, जबकि नेपाल में साउथ बेस कैंप 17,598 फीट की ऊंचाई पर है, जबकि तिब्बत में नॉर्थ बेस कैंप 16,900 फीट है। सड़क का निर्माण सियाचिन ग्लेशियर की ऊंचाई 17,700 फीट और लेह में खारदुंग ला दर्रा 17,582 फीट की ऊंचाई से काफी ऊपर किया गया है। इस सड़क के माध्यम से स्थानीय आबादी तक पहुंच बनाने के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा, पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रखवाली करने वाले सैनिकों को आवश्यक साजो सामान के लिए सुविधा प्रदान करेगी। पिछले डेढ़ साल से एलएसी पर तीन बिंदुओं पर तनाव के साथ गतिरोध जारी है। यह सड़क सैनिकों को भोजन और अन्य वस्तुओं के अलावा हथियारों, गोला-बारूद की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चति कराएगी।

### विलय के...

(ईओआई) आमंत्रित करने के लिए प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) 27 जनवरी, 2020 को जारी किया था। कोविड महामारी के कारण ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि समय-समय पर बढ़ती गई। आखिरी बार घोषित तारीखों के मुताबिक ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 14 दिसंबर, 2020 थी। वित्तीय बोलियां जमा करने के लिए इसी साल 30 मार्च को लेनदेन सलाहकार द्वारा शेयर खरीद समझौते (एसपीए) के मसौदे के साथ प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) को क्यूआईबी के साथ साझा किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट...

के मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने सेवा से बर्खास्त कर दिया था। यही नहीं, टेपिंग के निशाने पर पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी के कनिष्ठ वकील एम. थंगाथुराई का फोन नंबर भी था। थंगथुराई और रोहतगी को जब द वायर ने इस बारे में बताया तो दोनों आश्चर्यचकित रह गए। पेगासस टेपिंग सूची में क्रिश्चियन मिशेल, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी आदि के वकीलों के फोन नंबर भी शामिल हैं।

### कंपनियां व...

भूमि पर आवश्यक अवसंरचनाासुविधाएं होनी चाहिए। आवेदनकर्ता को साथ ही राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में केंद्र चलाने के लिए पर्याप्त संसाधनों का प्रबंधन करने को लेकर अपनी वित्तीय क्षमता दिखानी होगी। दिशा-निर्देशों के मुताबिक राज्य सरकारों को भी मान्यता प्राप्त चालक प्रशिक्षण केंद्रों और मान्यता प्रदान करने के तंत्र के प्रावधानों का व्यापक प्रचार करना होगा। मंत्रालय ने कहा कि मनोनीति प्राधिकरण डीटीसी की मान्यता के लिए मंजूरी देने की पूरी प्रक्रिया आवेदन जमा होने के 60 दिन के भीतर पूरी करेंगे।

### तृणमूल के...

और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आ गए थे और पेगासस जासूसी मुद्दे को लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। वे इस मुद्दे पर सदन में चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे थे। नायडू ने सदन में तख्तियां प्रदर्शित करने पर आपत्ति जताई और आसन की अवज्ञा कर हंगामा करने वाले सदस्यों से नियम 255 के तहत सदन से बाहर जाने को कहा। उन्होंने स्वयं किसी का नाम नहीं लिया और राज्यसभा सचिवालय से इन सदस्यों के नाम देने को कहा। बाद में एक संसदीय बुलेटिन में बताया गया कि जिन छह सदस्यों को पूरे दिन के लिए निलंबित किया गया है उनमें तृणमूल की डोला सेन, मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विश्वास, शांता छेत्री, अर्पिता घोष एवं मौसम नूर शामिल हैं। बुलेटिन में कहा गया, राज्यसभा के ए सदस्य तख्तियां लेकर आसन के समक्ष आ गए, आसन की आज्ञा का पालन नहीं किया और आज सुबह उनका आचरण पूरी तरह से अनुचित था। सभापति ने उन्हें नियम 255 के तहत सदन से बाहर निकल जाने के लिए कहा था। इसमें कहा गया कि ये छह सदस्य दिन की शेष बैठक में भाग नहीं लेंगे। गौरतलब है कि नियम 255 के तहत नाम लिए जाने पर सदस्यों को पूरे दिन के लिए सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया जाता है।

### स्वदेशी पोत...

और मेक इन इंडिया पहल में यह एक गौरवान्वित करने वाला और ऐतिहासिक क्षण है। यह विमानवाहक जहाज करीब 262 मीटर लंबा और 62 मीटर चौड़ा है और इसे कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने निर्मित किया है। जून में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विमानवाहक जहाज के निर्माण की समीक्षा की थी। इस जहाज पर 30 लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर तैनात किए जा सकते हैं। युद्धपोत पर मिग-29के लड़ाकू विमानों और केए-31 हेलीकॉप्टरों का एक बेड़ा होगा। भारत के पास अभी सिर्फ एक विमानवाहक जहाज आईएनएस विक्रमादित्य है। भारतीय नौसेना, हिंद महासागर क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की चीन की बढ़ती कोशिशों के मद्देनजर अपनी संपूर्ण क्षमता महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर जोर दे रही है। हिंद महासागर, देश के रणनीतिक हितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं के लिए मुआवजे को दो लाख तक बढ़ाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** चार अगस्त (भाष) सरकार ने हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए मुआवजे की राशि को 25,000 रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने का प्रस्ताव रखा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने हिट एंड रन सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुआवजे की राशि बढ़ाने के लिए एक योजना प्रस्तावित की है। जिसमे सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000 रुपए का मुआवजा देने का प्रस्ताव रखा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 के दौरान देश में हुई कुल 4,49,002 सड़क दुर्घटनाओं में 1,51,113 लोगों की मौत हुई थीं। मंत्रालय ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हिट एंड रन दुर्घटना पीडि़तों के मुआवजे के लिए योजना में बदलाव की जरुरत है। गंभीर चोट के लिए 12,500 रुपए से 50,000 रुपए और मृत्यु के लिए 25,000 रुपए से बढ़ाकर 2,00,000 रुपए। यह योजना 1989 में बनी हर्जाना योजना की जगह लागू की जाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल में राज्यसभा में बताया कि वर्ष 2019 के दौरान दिल्ली में हिट एंड रन सड़क दुर्घटनाओं में 536 लोग मारे गए और1,655 लोग घायल हो गए। मंत्रालय ने इस प्रस्तावित योजना के लिए 30 दिनों में हितधारकों से टिप्पणी भी मांगी है।

# कांसे के लिए जर्मनी से भिड़ेगा भारत

## ● मुकाबला आज

**भाषा** । टोक्यो

**सेमीफाइनल** में मिली हार को भुलाते हुए भारतीय पुरुष हाकी टीम को 41 साल बाद ओलंपिक में पदक जीतने का सपना पूरा करने के लिए गुरुवार को रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जर्मनी के खिलाफ तीसरे चौथे स्थान के प्लेआफ मुकाबले में अपने डिफेंस को मजबूत रखना होगा। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत को सेमीफाइनल में विश्व चैम्पियन बेल्जियम ने 5-2 से हराया। बेल्जियम का फोकस पेनल्टी कॉर्नर बनाने पर था और टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल कर चुके अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने हैट्रिक लगाई। भारत पर शुरू ही से दबाव बनाते हुए उन्होंने भारतीय रक्षण को भी छितर बितर कर दिया। पूरे मैच में भारत ने 14 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिनमें से आठ आखिरी क्वार्टर में गए। आठ बार की चैम्पियन भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में जीता था। भारतीय डिफेंडरों को अब जर्मनी के खिलाफ ऐसी गलती करने से बचना होगा जो उन्होंने बेल्जियम के खिलाफ की। टीम में चार विश्व स्तरीय ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार और अमित रोहिदास के होते हुए भी भारतीय टीम पांच में से एक ही पेनल्टी कॉर्नर तब्दील कर सकी।

भारतीय टीम को सर्कल के भीतर अनावश्यक भिड़ंत से भी बचना होगा। कप्तान मनप्रीत सिंह को चौथे क्वार्टर में कार्ड मिला और बेल्जियम को दो पेनल्टी कॉर्नर भी। रैंकिंग के आधार पर दोनों टीमों में ज्यादा फर्क नहीं है। भारत तीसरे और जर्मनी चौथे स्थान पर है लेकिन जर्मनी को हराना भारत के लिए आसान नहीं होगा। सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से हारी जर्मन टीम यहां खुद को साबित करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने 2017 हॉकी विश्व लीग फाइनल्स के कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी को 2-1 से हराया था लेकिन उस समय जर्मनी के शीर्ष खिलाड़ी उस टीम में नहीं थे। भारत के बाद जर्मनी ने सबसे ज्यादा चार ओलंपिक स्वर्ण जीते हैं। दोनों के बीच ओलंपिक में 11 बार मुकाबला हुआ है।




# पदक के लिए ब्रिटेन से मुकाबला करेंगी महिलाएं

**भाषा** । टोक्यो

**अपनी** दिलेरी और जुझारूपन से इतिहास रच चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम का ओलंपिक में पहली बार स्वर्ण जीतने का सपना दुनिया की दूसरे नंबर की टीम अर्जेंटीना ने बुधवार को सेमीफाइनल में 2-1 से जीत के साथ तोड़ दिया। भारतीय खिलाड़ियों के दिल इस हार से जरूर टूटे होंगे लेकिन उनका सिर फख्र से ऊंचा होगा क्योंकि ओलंपिक जाने से पहले किसी ने उनके अंतिम चार में पहुंचने की कल्पना भी नहीं की थी। भारत के पास अभी भी कांस्य पदक जीतने का मौका है जिसके लिए शुक्रवार को उसका सामना तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से होगा। भारतीय टीम के कोच सोर्ड मारिन ने मैच के बाद कहा टीम ने हार के बाद वापसी करना सीख लिया है और अर्जेंटीना से मिली हार इतिहास है क्योंकि अब टीम का ध्यान ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने पर लगा है।

गुरजीत कौर ने दूसरे मिनट में गोल किया लेकिन अर्जेंटीना के लिए कप्तान मारिया बारियोनुएवा ने 18वें और 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किए। इससे पहले भारतीय टीम ने तीन बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया को क्वार्टर फाइनल में ।. 0 से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय टीम 1980 के मास्को ओलंपिक में छह टीमों में चौथे स्थान पर रही थी। उस समय पहली बार ओलंपिक में महिला हॉकी को शामिल किया गया था और राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबले खेले गए थे। फाइनल में अर्जेंटीना का सामना नीदरलैंड से होगा।



हार के बाद निराश महिला हाकी खिलाड़ी

भारत को दूसरे ही मिनट में गुरजीत ने बढत दिलाई जिसने क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी विजई गोल दागा था। कप्तान रानी ने भारत को पेनल्टी कॉर्नर दिलाया जिसे गुरजीत ने गोल में बदला। इसके तीन मिनट बाद ही हालांकि अर्जेंटीना ने बराबरी का मौका गंवाया। मारिया जोस ग्रानाटो बाएं फ्लैंक से गेंद लेकर आगे बढी और सर्कल के भीतर घुस गई हालांकि मुस्तैद भारतीय डिफेंडरों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। अर्जेंटीना को जवाबी हमलों के बीच आठवें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बेकार गया। पहले क्वार्टर में भारतीयों ने गेंद पर नियंत्रण और बचाव दोनों में बाजी मारी। लेकिन दूसरे क्वार्टर में तस्वीर उलटी थी और अर्जेंटीना के तेवर बदले हुए थे। इसका फायदा उन्हें तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला जिसे कप्तान मारिया ने गोल में बदला। भारत ने इसी क्वार्टर में फिर बढत बनाने का मौका गंवाया। भारत की हैट्रिक गर्ल वंदना कटारिया ने दाहिने फ्लैंक से अच्छा मूव बनाते हुए सर्कल के भीतर लालरेम्सियामी को गेंद सौंपी जो उस पर नियंत्रण नहीं बना सकी। दूसरे क्वार्टर में भारत को मिले दोनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। अर्जेंटीना को 28वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर आगस्टिना गोरजेलानी के शॉट को दीप ग्रेस इक्का ने बचाया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने आक्रामक शुरूआत की और नेहा ने बाएं फ्लैंक से गेंद लेकर डी के भीतर पहुंचाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इस बीच अर्जेंटीना ने पेनल्टी कॉर्नर की मांग करते हुए अपना रेफरल गंवा दिया। जवाबी हमले में अर्जेंटीना ने पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे गोल में बदलकर मारिया ने टीम को बढत दिला दी। भारत ने इस पेनल्टी के खिलाफ रेफरल भी लिया जो असफल रहा। आखिरी क्वर्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने गोल करने की भरसक कोशिश की लेकिन अर्जेंटीना के डिफेंडरों ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। आखिरी सीटी बजने से कुछ सेकंड पहले सर्कल के बाहर से उदिता की हिट पर नवनीत कौर के शॉट को अर्जेंटीना के डिफेंडर ने बाहर कर दिया।

## एथलेटिक्स स्पर्धा के फाइनल में पहली बार पहुंचे पाक एथलीट

**कराची** । अरशद नदीम पाकिस्तान के ओलंपिक की ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले पहले एथलीट हैं लेकिन अगर उनके भाई ने उन्हें एथलेटिक्स में आने के लिए समझाया नहीं होता तो वह क्रिकेट में अपना भाग्य आजमा रहे होते। पंजाब प्रांत में खानेवाल के करीब छोटे से शहर मियां चन्नू का 24 साल का अरशद प्रतिभाशाली क्रिकेटर था लेकिन रूई और गेंहू के खेतों में काम करने के कारण क्रिकेट के लिए वह काफी समय नहीं निकाल पा रहे थे। उनके भाई अफजल ने कहा कि वह काफी ऊंची कद काठी का खिलाड़ी है, उसे क्रिकेट के लिए काफी समय नहीं मिल पा रहा था, हालांकि वह काफी अच्छा आलराउंडर था। मैंने उसे एथलेटिक्स में आने की सलाह दी क्योंकि इसमें कम समय लगता है। बुधवार को अरशद भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे जो सात अगस्त को होगा।

उन्होंने 85.16 मीटर दूर भाला फेंका। वह ओलंपिक की किसी भी ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले पाकिस्तानी एथलीट हैं।

# राष्ट्रीय कोच की मदद नहीं लेने पर मनिका को कारण बताओ नोटिस

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारतीय** टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने टोक्यो ओलंपिक के दौरान राष्ट्रीय कोच सौम्यदीप राय की मदद लेने से इन्कार करने के लिए मनिका बत्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय किया है।


मनिका के कोच सन्मय परांजपे को टोक्यो में अभ्यास सत्र में आने की अनुमति दी गई थी लेकिन उन्हें स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं मिली थी और इस संबंध में किया गया आग्रह नामंजूर कर दिया गया था। इसके विरोध में मनिका ने एकल मैचों के दौरान टीम के कोच राय से मदद लेने से इन्कार कर दिया था। उन्होंने तीसरे दौर में पहुंचकर इतिहास रचा था। टीटीएफआई के महासचिव अरुण बनर्जी ने कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद कहा कि टोक्यो के लिए रवाना होने से पहले वह अच्छी तरह से जानती थी कि उसके निजी कोच को खेल के दौरान स्टेडियम में आने की अनुमति नहीं है। इसलिए



उसे उस तरह से व्यवहार नहीं करना चाहिए था जैसा उसने किया।

उन्होंने कहा कि हम कल उसे नोटिस जारी करेंगे और मनिका के पास जवाब देन के लिए 10 दिन का समय होगा। उसके आधार पर ही हम आगे की कार्वाई पर निर्णय करेंगे। बैठक में यह भी फैसला किया गया कि यदि खिलाड़ी फिट और उपलब्ध हैं तो उन्हें राष्ट्रीय शिविर में भाग लेना होगा। मनिका ने तीन सप्ताह के ओलंपिक शिविर के दौरान केवल तीन दिन भाग लिया जबकि जी साथियान ने चेन्नई में अपने निजी कोच के साथ अभ्यास करने को प्राथमिकता दी थी।

# महिला गोल्फ में अदिति की शानदार शुरूआत



**भाषा** । टोक्यो

**भारतीय** गोल्फर अदिति अशोक ने ओलंपिक खेलों में शानदार शुरूआत करके पहले दिन बुधवार को चार अंडर 67 का स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। पांच साल पहले रियो ओलंपिक में गोल्फ जगत का ध्यान खींचने वाली अदिति दुनिया की नंबर एक गोल्फर नैली कोरडा के साथ दूसरे स्थान पर हैं।वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन की मेडेलेने सैगस्ट्रोम से एक शॉटपीछे हैं। अदिति ने कहा कि मैने अपेक्षा से बेहतर प्रदर्शन किया। मुझे लगा नहीं था कि इतना स्कोर कर सकूंगी। अदिति शीर्ष पर भी रह सकती थी लेकिन उन्होंने 18वें होल पर बोगी किया। सैगस्ट्रोम ने बोगीरहित पांच अंडर 66 स्कोर किया। अदिति ने पांच बर्डी लगाए और एक बोगी किया। वह महिला गोल्फ के बड़े नामों से आगे रहीं जिनमें गत चैम्पियन इनबी पार्क शामिल हैं। भारत की दीक्षा डागर ने पांच बोगी किए और कोई बर्डी नहीं लगा सकी। वह 56वें स्थान पर हैं। 60 खिलाड़ियों को रोज 18 होल मिलेंगे और कोई कट नहीं होगा यानी सभी खिलाड़ी पूरे 72 होल खेलेंगे।

## आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने वापसी की उड़ान में शराब पीकर बदसलूकी की

**टोक्यो** । आस्ट्रेलिया के रग्बी और फुटबॉल खिलाड़ियों ने टोक्यो से सिडनी लौटने वाली उड़ान में जमकर शराब पी और बदसलूकी भी की जिसकी देश के ओलंपिक दल प्रमुख इयान चेस्टरमैन ने जमकर निंदा की है। चेस्टरमैन ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने वापसी की उड़ान में खराब बर्ताव किया और स्टाफ की बात नहीं मानी। खिलाड़ियों ने खूब शराब पी और एक ने टॉयलेट में उल्टी भी की। खिलाड़ी गुरूवार 29 जुलाई की शाम से ही पार्टी कर रहे थे और उन्हें सिडनी रवाना होना था।

पूर्वोत्तर रेलवे
निविदा सूचना
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या 07/टीएमसी/2021 दिनांक 30.07.2021
प्रमुख मुख्य इन्जीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स हेतु ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित करते हैं :-
**क्र.सं. 1, खुली निविदा संख्या तथा खुलने की तिथि** : 3M215070 खुलने की तिथि 25.08.2021, **संक्षिप्त विवरण** : ट्रैक मशीन के लिए निम्नलिखित स्पेयर्स की आपूर्ति :- (i) ड्रेजर ड्रम डिस्क, **पार्ट संख्या** : प्लासर पार्ट नं. 61.04.519 CPOH/ALD के ड्रांइग व स्पेसीफिकेशन के अनुसार (एक्सेप्टेबल मेक : प्लासर अथवा इक्वीवैलेन्द) की आपूर्ति, **आवश्यक मात्रा** : 03 नग, **संक्षिप्त विवरण** : (ii) कटर बार, **पार्ट संख्या** : प्लासर पार्ट नं. 25.2150.01 RDSO ड्रांइग व स्पेसीफिकेशन के अनुसार (एक्सेप्देबल मेक : प्लासर अथवा इक्वीवैलेन्द) की आपूर्ति , **आवश्यक मात्रा** : 04 नग, **संक्षिप्त विवरण** : (iii) कटर चेन, **पार्ट संख्या** : प्लासर पार्ट नं. 64.08.2000 RDSO ड्रांइग व स्पेसीफिकेशन के अनुसार (एक्सेप्देबल मेक : प्लासर अथवा इक्वीवैलेन्द) की आपूर्ति , **आवश्यक मात्रा** : 03 नग, **संक्षिप्त विवरण** : (iv) वियर प्लेट, **पार्ट संख्या** : प्लासर पार्ट नं. 64.08.1469 RDSO ड्रांइग व स्पेसीफिकेशन के अनुसार (एक्सेप्देबल मेक : प्लासर अथवा इक्वीवैलेन्द) की आपूर्ति, **आवश्यक मात्रा** : 65 नग, (v) आइडल व्हील, **पार्ट संख्या** : प्लासर पार्ट नं. GLF236.3001/UD23.30 01-7SC RDSO ड्रांइग व स्पेसीफिकेशन के अनुसार (एक्सेप्देबल मेक : प्लासर अथवा इक्वीवैलेन्द) की आपूर्ति, **आवश्यक मात्रा** : 02 नग, **प्रेषिती**: सीसेई/टीएमसी कारखाना/गोरखपुर छावनी, **परिदान अवधि** : 90 दिन, **अनुमानित निविदा मूल्य** : रु.1,02,20,395.86, **बयाना राशि** : रु.2,04,410.00
**नोट** :- 1. उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट खुली निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट **http://ireps.gov.in पर निविदा बन्द होने की तिथि को 11:00 बजे तक रहेगी।** 2. उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये की की अपना I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाईट पर पंजीकृत करायें। 3. दर फाइनेन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर, वेन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्न करने पर विचार नहीं किया जायेगा। 4. संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। 5. बयाना राशि ऑनलाईन जमा किया जायेगा। 6. जो निविदाकार अपना आफर देते समय ऐसी शर्ते जो टेण्डर डाक्यूमेन्ट में निहित शर्तो से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहें तो, उन शर्तो का फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिये प्रमाणित दस्तावेज के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर-से-पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्ते देता है तो, ऐसे आफर/निविदा को Summerly Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा। 7. निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरी निविदा प्रपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ें। 8. यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IREPS की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।
1. अधि0अभि0/टीएमसी-I- 9794845264,
2. सीसेई/कम्प्यूटर सेल, - 9794840282,
3. मुकार्याधी/3टी (टीएमसी) - 9794844226
अधि0अभि0/टीएससी/गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू-134
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं. 09794845955 पर एसएमएस करें।
ट्रेनों में बीड़ी /सिगरेट न पियें



टोक्यो में 400 मी. बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अमेरिका की सिडनी मैकलाघन

# बुमराह व शमी ने इंग्लैंड को सस्ते में निपटाया

## ● पहला टेस्ट-पहला दिन

## ● जवाब में भारत ने पहली पारी में बगैर नुकसान के 21 रन बनाए

**भाषा** । नाटिंघम

**जसप्रीत** बुमराह ने अपनी खोई लय हासिल की जबकि मोहम्मद शमी ने अपनी गेंदबाजी में पैनापन दिखाया जिससे भारत ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां इंग्लैंड को पहली पारी में 183 रन पर आउट करके पहला दिन अपने नाम किया।

भारत ने इसके बाद सतर्कता से बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बिना किसी नुकसान के 21 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (40 गेंदों पर नाबाद नौ) और केएल राहुल (39 गेंदों पर नाबाद नौ) ने 13 ओवर तक सहजता से बल्लेबाजी करके टीम को झटका नहीं लगने दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरा इंग्लैंड एक समय तीन विकेट पर 138 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन इसके बाद उसने 45 रन के अंदर अपने आखिरी सात विकेट गंवा दिए। उसकी तरफ से कप्तान जो रूट ने 108 गेंदों का सामना करके सर्वाधिक 64 रन बनाए, जिसमें 11 चौके शामिल हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में बेअसर रहे बुमराह ने अपनी लय दिखाई तथा 46 रन देकर चार विकेट लिए। टीम के तीन अन्य तेज गेंदबाजों शमी (28 रन देकर तीन), शार्दुल ठाकुर (41 रन देकर दो) और मोहम्मद सिराज (48 रन देकर एक) ने उनका अच्छा साथ दिया। रोहित और राहुल ने बेहद सतर्कता बरती और किसी तरह का जोखिम नहीं उठाया। उसकी गेंदबाजी में पैनापन भी नहीं दिखा। दिन के आखिरी ओवर में ओली रोबिन्सन ने राहुल के खिलाफ पगबाधा की विश्वसनीय अपील की। इस पर इंग्लैंड ने रिव्यू भी गंवाया।



जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करके चार विकेट चटकाए

इंग्लैंड ने पहले दो सत्र में दो-दो विकेट गंवाए लेकिन तीसरे सत्र में उसकी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। सैम करेन ने इस बीच नाबाद 27 रन जोड़े लेकिन अन्य बल्लेबाजों के पास भारतीय गेंदबाजों का कोई जवाब नहीं था।

इंग्लैंड ने लंच तक दो विकेट पर 61 रन बनाए और इस बीच सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स (शून्य) और जॉक क्राउली (68 गेंदों पर 27) के विकेट गंवाए। दूसरे सत्र डॉम सिब्ले (70 गेंदों पर 18 रन) और जॉनी बेयरस्टॉ (71 गेंदों पर 29) पवेलियन लौटे। रूट और बेयरस्टॉ ने चौथे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की। बादल छाए रहने और स्विंग मिलने का भारतीय गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। बुमराह ने भारत स्वर्णिम शुरूआत दिलाई। उन्होंने पांचवीं गेंद पर ही बर्न्स को पगबाधा आउट किया। बुमराह ने तीन आउटस्विंगर के बाद लेग स्टंप पर गेंद पिच कराई जो बर्न्स के पैड पर लगी और अपील पर अंपायर की उंगली उठ गई। बल्लेबाज ने डीआरएस लिया लेकिन इसका कोई लाभ नहीं मिला।

### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड पहली पारी: रोरी बर्न्स पगबाधा बो बुमराह 00, डॉम सिब्ले का राहुल बो शमी 18, जॉक क्राउली का पंत बो सिराज 27, जो रूट पगबाधा बो शार्दुल 64, जॉनी बेयरस्टॉ पगबाधा बो शमी 29, डैन लॉरेन्स का पंत बो शमी 00, जोस बटलर का पंत बो बुमराह 00, सैम करेन नाबाद 27, ओली रॉबिन्सन का शमी बो शार्दुल 00, स्टुअर्ट ब्रॉड पगबाधा बो बुमराह 04, जेम्स एंडरसन बो बुमराह 01
अतिरिक्त (बाई 01, लेग बाई 08, नोबॉल 04) 13
कुल (65.4 ओवर में, सभी आउट) 183
विकेट पतन : 1-0, 2-42, 3-66, 4-138, 5-138, 6-145, 7-155, 8-155, 9-160
गेंदबाजी: बुमराह 20.4-4-46-4, शमी 17-2-28-3, सिराज 12-2-48-1,शार्दुल 13-3-41-2, जडेजा 3-0-11-0
**भारत पहली पारी**: रोहित शर्मा नाबाद 09, केएल राहुल नाबाद 09
अतिरिक्त (बाई 01, लेग बाई 01, नोबॉल 01) 03
कुल (13 ओवर में, बिना किसी नुकसान के) 21
गेंदबाजी: एंडरसन 3-1-9-0, ब्राड 5-1-9-0, रॉबिन्सन 4-3-1-0, करेन 1-1-0-0

## भारत-पाक टी-20 विश्व कप मैच 24 अक्टूबर को होने की संभावना

**भाषा** । नई दिल्ली

**चिर** प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप की भिड़ंत 24 अक्टूबर को रविवार के दिन होने की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) हालांकि टूर्नामेंट का अधिकृत कार्यक्रम कुछ दिनों में जारी करेगा।

पता चला है कि आईसीसी अंतिम कार्यक्रम पर फैसला करने से पहले सामान्य तौर पर कार्यक्रम के दो से तीन सेट रखता है। लेकिन भारत-पाक मुकाबले की लोकप्रियता को देखते हुए यह मैच हफ्ते के अंत कराया जा सकता है। इसकी जानकारी रखने वाले आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अभी तक रविवार 24 अक्टूबर के विकल्प की संभावना है क्योंकि पहले हफ्ते के क्वालीफाइंग मैच 17 अक्टूबर से ओमान के मस्कट में शुरू होंगे।

उन्होंने कहा कि इसलिए जब मुख्य राउंड रोबिन के मुकाबले खेल जाएंगे तो भारत-पाक मैच से शुरूआत करना अच्छा होगा जो टीआरपी के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। भारत और पाकिस्तान को ग्रुप दो में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप विजेता न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है।

# अश्विन से बेहतर हैं रविन्द्र जडेजाः हरभजन सिंह

## ● इंग्लैंड के विकेटों पर स्पिनरों का इस्तेमाल कम होगा

**भाषा** । नई दिल्ली

**पूर्व** भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को लगता है कि इंग्लैंड की उछाल लेती पिचों पर स्पिनरों का इस्तेमाल बमुश्किल किया जाएगा लेकिन रविंद्र जडेजा को अपनी विकेट-टू-विकेट गेंदबाजी और शानदार बल्लेबाजी के दम पर हमेशा रविचंद्रन अश्विन पर तरजीह दी जाती।

अश्विन ने अपने पिछले प्रथम श्रेणी मैच में सरे के लिए खेलते हुए छह विकेट चटकाए थे लेकिन बुधवार को उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम में नहीं चुना गया क्योंकि भारत ने चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया।

हरभजन ने कहा कि मुझे लगता है कि अगर आप अश्विन को खिलाते तो पुछल्ले बल्लेबाज ज्यादा हो जाते। आपको नहीं पता कि कितनी स्पिन गेंदबाजी इस्तेमाल की जाएगी। जड्डू (जडेजा) ने चाय तक 50 ओवर में से तीन में गेंदबाजी की है। उन्होंने



कहा कि इसलिए आप जितने ओवर स्पिन में इस्तेमाल करोगे, जड्डू इन ओवर में गेंदबाजी कर सकता है। और हमें इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंच जाना चाहिए कि जड्डू को एकमात्र स्पिनर के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर आप विदेशों के प्रदर्शन को देखो तो जड्डू बेहतर बल्लेबाज रहा है और निचले क्रम में उसका प्रदर्शन मजबूत रहा है। हरभजन ने कहा कि और क्या ऐसा है कि जड्डू ने विकेट नहीं चटकाए हैं? यह श्रृंखला का पहला टेस्ट है, आप जीतना चाहते हो लेकिन साथ ही आप अपना डिफेंस भी तैयार करना चाहोगे। आप बल्लेबाजी के पहलू के फायदे को गंवाना नहीं चाहते और मुझे लगता है कि अगर टीम प्रबंधन इस तरह सोचता है तो यह ठीक है।

# अफगानिस्तान में कार्यवाहक रक्षा मंत्री को मारने का प्रयास

● बम हमले में आठ अन्य लोगों की मौत

● बीस लोग हुए घायल

एपी। काबुल

**अफगानिस्तान** के कार्यवाहक रक्षा मंत्री को निशाना बनाकर किए गए बम हमले में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग घायल हो गए। मंत्री सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हमले की जिम्मेदारी तालिबान ने ली है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट मंगलवार को अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के नजदीक स्थित उच्च सुरक्षा वाले एक इलाके में हुआ। विस्फोट के बाद हुई मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मीरवाइज स्टानेकजई ने बुधवार को कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक वक्तव्य जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली है। यह हमला ऐसे समय हुआ जब आतंकवादी समूह तालिबान ने आक्रमण तेज कर दिया है और देश के दक्षिण एवं पश्चिम हिस्सों में प्रांतीय राजधानियों पर दबाव बना रखा है। मुजाहिद ने बयान में कहा कि हमला अफगान राष्ट्रीय बलों द्वारा विभिन्न प्रांतों में हाल में किए गए हमलों का बदला लेने के लिए किया गया। स्टानेकजई ने कहा कि ऐसा लगता है कि हमला कार्यवाहक रक्षा मंत्री बिस्मिल्ला खान मोहम्मदी के अतिथि-गृह को निशाना बनाकर किया गया, मंत्री सुरक्षित हैं। उनकी पार्टी जमीयत ए इस्लामी के एक नेता ने सूचित किया कि घटना के वक्त मंत्री घर पर नहीं थे और उनके परिजनों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। स्टानेकजई ने कहा कि पांच घंटे तक चली मुठभेड़ में चार हमलावरों को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि विस्फोट शेरपुर इलाके में हुआ जो राजधानी के बेहद सुरक्षित इलाकों में से एक है। यहां सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं।घटना के कई घंटों बाद रक्षा मंत्रालय की ओर से एक वीडियो जारी किया गया जिसमें मोहम्मदी ने कहा कि आत्मघाती हमले में उनके सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। काबुल पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता ने बताया कि इलाके से सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सुरक्षाकर्मियों ने घटना के बाद घर-घर जाकर तलाशी ली। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में नागरिकों पर किए जा रहे हमलों और आतंकवाद की घटनाओं की मंगलवार को कड़े शब्दों में निंदा की, वहीं तालिबान द्वारा सत्ता पाने की कोशिशों पर विरोध जताया। सुरक्षा परिषद ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि अफगान सरकार और तालिबान को राजनीतिक समाधान और संघर्ष विराम की दिशा में प्रगति के लिए एक समावेशी और अफगान नीत शांति प्रक्रिया में मिलकर सार्थक तरीके से काम करना चाहिए।

## भारतीय वायु सेना प्रमुख इजराइल की यात्रा पर

**यरूशलम।** भारतीय वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया इजराइल की तीन दिनों की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां वह दोनों सामरिक साझेदारों की वायु सेनाओं के बीच द्विपक्षीय संबंध को प्रगाढ़ करने पर चर्चा करेंगे। इज़राइली वायुसेना प्रमुख मेजर जनरल अमीकम नॉर्किन के निमंत्रण पर भदौरिया संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से मंगलवार को इज़राइल पहुंचे। भारत, पश्चिम एशिया में इजराइल और यूएई, दोनों देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी रखता है। एक सूत्र ने यरूशलम में कहा, यह यात्रा दोनों सामरिक साझेदारों के बीच सामान्य पेशेवर विचार-विमर्श का हिस्सा है और यह पिछले साल ही होनी थी लेकिन कोविड-19 के चलते इसमें देर हुई। दोनों देशों में महामारी की स्थिति में सुधार होने पर भारतीय वायु सेना प्रमुख हमारे बीच जारी सहयोग की समीक्षा करने के लिए यहां आए हैं। भारतीय वायु सेना ने ट्विटर पर कहा, सामरिक साझेदारों के रूप में, भारत और इज़राइल के बीच मजबूत एवं बहु-आयामी संबंध हैं।

## अफगान शरणार्थियों का बोझ नहीं उठाएंगे: तुर्की

एपी। इस्तांबुल

**तुर्की** के विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को उस बयान के लिए गैर जिम्मेदाराना बताया है जिसमें बाइडन प्रशासन ने कहा कि वह अफगानिस्तान में खतरे का सामना कर रहे अफगान नागरिकों को निकालने में मदद करेगा और किसी तीसरे देश में निर्णय प्रक्रिया में महीनों का वक्त लग सकता है।

तुर्की के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता तंजू बिलगिक ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के बयान से यह लगता है कि तुर्की आवेदन का स्थान है लेकिन उससे कोई विचार विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि तुर्की में कोई और शरणार्थी संकट झेलने की क्षमता नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिका इन लोगों को विमान के जरिए सीधे ले जा सकता है। तुर्की तीसरे देशों की अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां नहीं उठाएगा। उन्होंने कहा कि तुर्की अपने कानूनों का दूसरे देश द्वारा दुरुपयोग नहीं करने देगा। अमेरिका की घोषणा से बड़ा शरणार्थी संकट खड़ा हो सकता है।

गौरतलब है कि अमेरिका के विदेश विभाग ने सोमवार को कहा था कि सरकार अमेरिका में शरणार्थी दर्जे के लिए योग्यता का विस्तार कर रही है। इसके तहत अमेरिकी मीडिया संगठनों, अमेरिका से मदद प्राप्त राहत और विकास एजेंसियों तथा अन्य राहत समूहों के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों को इसमें शामिल किया जाएगा। अमेरिकी सरकार, नाटो के मौजूदा और पूर्व कर्मचारी जो निर्धारित कार्यक्रम के तहत मापदंड पूरा नहीं कर रहे थे, वे भी अब इसके दायरे में आएंगे। हालांकि, इसमें कुछ शर्तें भी शामिल हैं। आवेदकों को निर्णय प्रक्रिया शुरू करने के लिए अफगानिस्तान छोड़ना होगा जिसमें किसी तीसरे देश में और अमेरिका उनके प्रस्थान या वहां रहने का समर्थन करने का इरादा नहीं रखता है।

## वैश्विक स्तर पर कोरोना के 40 लाख नए मामले

**जिनेवा।** वैश्विक स्तर पर पिछले सप्ताह कोविड-19 के 40 लाख नए मामले सामने आए। संक्रमण के मामलों में वृद्धि मुख्य तौर पर पश्चिम एशिया और एशिया में संक्रमण के नए मामले से हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ओर से महामारी पर पेश ताजा बुलेटिन से यह जानकारी मिली। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने बुधवार को बताया कि संक्रमण के मामलों में एक महीने से ज़्यादा समय से वृद्धि हो रही है। हालांकि वैश्विक स्तर पर संक्रमण से मौत आठ फीसदी तक कम हुई है। हालांकि, पश्चिम एशिया और एशिया में मौत के मामले में एक तिहाई से ज़्यादा वृद्धि हुई। पिछले सप्ताह कोविड-19 के सबसे ज़्यादा नए मामले अमेरिका, भारत, इंडोनेशिया, ब्राजील और ईरान से सामने आए हैं। दुनिया में 130 से ज्यादा देशों में डेल्टा स्वरूप से संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिसकी पहचान सबसे पहले भारत में हुई। पिछले एक महीने से संक्रमण में वृद्धि हुई है।

## भारतीय-अमेरिकी समूह ने मनाई अनुच्छेद 370 हटाए जाने की दूसरी वर्षगांठ

● पिछले दो सालों में हुई जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों चालीस प्रतिशत तक की कमी

● दो सप्ताह चलने वाले कश्मीर फारवर्ड कार्यक्रम की शुरूआत

भाषा। वाशिंगटन

**संविधान** के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त किए जाने के दो साल पूरे होने के बीच भारतीय-अमेरिकी नागरिकों के एक समूह ने कहा है कि पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमलों की घटनाओं में 40 प्रतिशत की कमी हुई है। वर्ल्ड हिंदू काउंसिल ऑफ अमेरिका और ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा की पहल हिन्दू पॉलिसी रिसर्च एंड एडवोकेसी कलेक्टिव ने इस मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 29 जुलाई को किया गया था और उसके साथ ही दो सप्ताह तक चलने वाले कश्मीर फारवर्ड कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कैपिटॅल हिल (अमेरिकी संसद भवन परिसर) में आयोजित इस कार्यक्रम के आयोजकों में प्रवासी कश्मीरी और अफगान समुदायों के सदस्य भी शामिल थे। कार्यक्रम के आयोजन के समय अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन भारत की यात्रा पर थे।

समूह ने एक बयान में कहा कि पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की घटनाओं में 40 प्रतिशत की कमी आई है। विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कर्मचारियों, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के पदाधिकारियों और मीडिया जगत के लोगों ने भाग लिया। उन्हें इस क्षेत्र में पाकिस्तान के सैन्य और खुफिया तंत्र द्वारा समर्थित इस्लामी कट्टरपंथियों की बढ़ती उपस्थिति के कारण महसूस किए गए आतंकवाद के हानिकारक प्रभाव की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई।

भारत सरकार ने पिछले सप्ताह संसद में कहा था कि पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हिंसा की घटनाओं की संख्या में कमी आई है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा, "आतंकवादी घटनाओं की संख्या में 2019 की अपेक्षा 2020 में 59 प्रतिशत और जून, 2020 तक की इसी अवधि के साथ तुलना में जून, 2021 तक 32 प्रतिशत की कमी आई है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त कर दिया था।

## लेबनान से इजराइल में तीन रॉकेट दागे गए

**तेल अवीव।** लेबनान की तरफ से इजराइली क्षेत्र में तीन रॉकेट दागे गए और सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। जान-माल के नुकसान पर अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। सेना की इस घोषणा से पहले उत्तरी इजराइल में लेबनान से संभावित रॉकेट हमले की चेतावनी के साथ बुधवार को खतरे का सायरन बजाया गया। टेलीविजन पर खबरों में बताया गया कि इजराइल भी जवाबी गोलीबारी कर रहा है।"नल 12 की खबर के अनुसार, एक रॉकेट खुले इलाके में आकर गिरा और एक अन्य को इजराइल की रक्षा प्रणाली यानी आयरन डोम ने नष्ट कर दिया। ऐसा बताया जा रहा है कि सेना भी जवाबी कार्वाई में तोपें दाग रही है। ये चेतावनियां लेबनान की सीमा से लगते किरयात श्मोना में जारी की गई जहां करीब 20,000 लोगों की आबादी है। इजराइली प्राधिकारियों का मानना है कि लेबनान में स्थित फलस्तीनी समूहों ने गोलीबारी की है।



वाशिंग्टन में कैपिटल हिल पर चल रहे धरने में लोगों से बात करते हुए कोरी बुश



पाकिस्तान के खैबर जिले में अफगानिस्तान की सीमा पर पहरा देते पाकिस्तान के सैनिक

## भारत जैसे देशों को टीका उत्पादन में सक्षम बनाने की कोशिश कर रहे हैं: बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह भारत और अन्य देशों को कोविड-19 रोधी टीकों के निर्माण में सक्षम बनाने के लिए उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। व्हाइट हाउस में मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडन ने कहा कि विश्व में टीकों की कई अरब खुराकों की जरूरत है और अमेरिका करीब आधा अरब (50 करोड़) खुराक उपलब्ध कराने को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, हम टीकों की आधा अरब खुराक उपलब्ध कराने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हम भारत जैसे देशों को स्वयं टीका उत्पादन में सक्षम बनाने की कोशिश कर रहे हैं.... हम इस काम में उनकी मदद कर रहे हैं। इस समय हम यही कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम कोशिश कर रहे हैं और इसके लिए किसी से किसी भी तरह का भुगतान नहीं लिया जा रहा। हम जितना हो सकता है उतना करने की कोशिश कर रहे हैं। बाइडन ने कहा कि कोविड-19 से निपटने की इस लड़ाई में अमेरिका हथियार रूपी टीकों का भंडार बनने को तैयार है, उसी तरह जिस तरह से वह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान लोकतंत्र का शस्त्रागार था। उन्होंने कहा, हम प्रतिबद्धता पर कायम हैं। हमने दुनिया भर में कोविड-19 टीके देने के सामूहिक वैश्विक प्रयास के लिए शुरू की गई कोवैक्स पहल में किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक योगदान दिया है। हमने जापान, भारत, ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी क्वाड साझेदारी के माध्यम से अन्य देशों में टीकों विनिर्माण प्रयासों का समर्थन किया है। बाइडन ने कहा कि जून में अपनी यूरोप यात्रा के दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि अमेरिका फाइज़र के टीके की 50 करोड़ खुराक खरीदेगा और उसे लगभग सौ निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों को दान देगा। इन खुराकों को महीने के अंत में भेजना शुरू किया जाएगा। बाइडन ने कहा, हमने अपनी आठ करोड़ खुराक भी दुनिया को दान देने की घोषणा की थी, जिसका आवंटन शुरू भी हो गया है। अमेरिकी विश्वविद्यालय जॉनसन होपकिन्स के अनुसार, दुनिया में कोविड-19 के मामले 19.9 करोड़ के पार चले गए हैं और संक्रमण से 42.5 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। भारत में अभी तक कोविड-19 के 3,17,69,132 मामले सामने आए हैं और संक्रमण से 4,25,757 लोगों की मौत हुई है।

## इस्लामी अमीरात की बहाली का समर्थन नहीं: यूएनएससी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने कहा कि वह अफगानिस्तान में इस्लामी अमीरात की बहाली का समर्थन नहीं करता है और साथ ही उसने तालिबान द्वारा सैन्य हमले तेज करने के बाद युद्धग्रस्त देश में बढ़ी हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की। इस समय यूएनएससी की अगुवाई भारत कर रहा है। परिषद ने अफगानिस्तान के हेरात में संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ पिछले सप्ताह हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा भी की। परिषद के अध्यक्ष एवं संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि टीएस तिरूमूर्ति की ओर से अफगानिस्तान में बढ़ती हिंसा पर जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद ने पुष्टि की कि संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है और घोषणा की कि वे इस्लामी अमीरात की बहाली का समर्थन नहीं करते हैं।

## यूएई के तट से अपहृत जहाज अपहरणकर्ताओं ने छोड़ा

एपी। फुजैरा (यूएई),

**ओमान** की खाड़ी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के नजदीक से अपहृत जहाज को अपहरणकर्ताओं ने बुधवार को छोड़ दिया। यह जानकारी ब्रिटिश नौसेना ने दी। इसके साथ ही जहाज के बंधक कांड का पटाक्षेप हो गया जिसकी वजह से पश्चिमी एशिया से लगती जल सीमा में तनाव दोबारा बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो गया था।

ब्रिटिश नौसेना के मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने इससे पहले रात में एक जहाज के संभावित अपहरण की आशंका जताई थी जिसका पटाक्षेप हो गया लेकिन इसके साथ ही रहस्य गहरा गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि डामर ढोने वाले जहाज को किसने बंधक बनाया था और क्यों। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर इलाके में ईरान और अमेरिका के तनाव को उजागर कर दिया जो वर्ष 2015 में तेहरान और विश्व शक्तियों के बीच हुए परमाणु समझौते में उत्पन्न गतिरोध को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। गत कुछ सालों में फारस की खाड़ी में तनाव बढ़ा है और पिछले सप्ताह ही इजरायली अरबपति से संबंधित तेल टैंकर पर ओमान के तट के नजदीक ड्रोन से हमला किया गया था जिसमें चालक दल के दो सदस्य मारे गए थे। पश्चिमी देशों ने इसके लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया था जिसके द्वारा पोत को निशाना बनाए जाने की जानकारी है। अधिकारियों ने बताया कि देर मंगलवार पनामा के ध्वज वाले डामर ढोने वाले टैंकर एस्फाल्ट प्रिंसेस पर उस समय अहरणकर्ता चढ़ गए जब वह फुजैरा तट के नजदीक था। ओमानी सेना के आधिकारिक संवाद एजेंसी ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि एस्फाल्ट प्रिंसेस का अपहरण कर किया गया है जिसके बाद रॉयल एयरफोर्स के समुद्री गश्ती विमान और नौसेना के पोत को अंतरराष्ट्रीय जन सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भेजा गया। मरीन ट्रैफिक डॉट कॉम के अनुसार घटना के वक्त मंगलवार को फुजैरा तट पर छह तेल टैंकरों ने स्वत: पहचान प्रणाली से घोषणा की थी कि वे पोत पर से कमान खो चुके हैं। मरीन ट्रैफिक डॉट कॉम के अनुसार उपग्रह से ली गई तस्वीरों में एक जहाज को बुधवार को जस्क बंदरगाह की दिशा में ईरान के तट की ओर बढ़ते देखा गया। ब्रिटिश नौसेना के बयान जारी करने के कुछ ही समय बाद इसे रोक दिया गया और ओमान की दिशा में मोड़ दिया गया। एस्फाल्ट प्रिसेंस के मालिक अमीरात फ्री जोन में पंजीकृत ग्लोरी इंटरनेशनल ने अबतक इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। क्षेत्र में मौजूदा अमेरिका सेना के पांचवे बेड़े और ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया नहीं दी।

## मलेशिया के पीएम ने इस्तीफा देने से इनकार किया

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन ने एक अहम सहयोगी के समर्थन वापस लेने के बाद बुधवार को अपने पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अगले महीने संसद में बहुमत साबित करेंगे। शाही महल में शाह सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह के साथ बैठक के बाद मुहिद्दीन ने राष्ट्रीय प्रसारक को बताया कि शाही घराने ने उन्हें सूचित किया कि सत्तारूढ़ गठबंधन से आठ सांसदों ने उनसे समर्थन वापस ले लिया है। गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (यूएमएनओ) है जिसके 38 सांसद हैं। लेकिन पार्टी के कुछ सांसदों ने प्रधानमंत्री को समर्थन देने से इनकार किया है। यूएमएनओ के अध्यक्ष ने मंगलवार को घोषणा की कि पार्टी के कुछ सांसदों के समर्थन वापस लेने और यूएमएनओ के एक मंत्री के इस्तीफा देने के बाद मुहिद्दीन ने शासन का अधिकार खो दिया है।



अफगानिस्तान के काबुल में हुए धमाके के बाद मौके मौजूद सुरक्षा कर्मी



# शरीर अनुभव से परे

हिंगोरी का कहना है कि शरीर से बाहर के अनुभव कुछ ऐसे तरीकों में से हैं जिनसे लोग सचेत रूप से अपनी आध्यात्मिक प्रगति का आकलन कर सकते हैं

मेरे मामा मृत प्राय अनुभवों (एनडीई) के दौरान अपने खुद के शरीर से बाहर के अनुभव (ओबीई) की कहानी बताने के लिए जीवित रहेंगे। भारत से लौटने पर हीथ्रो हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उन्हें कैंसर का पता चला था। जैसा कि यह उस समय पता चला जब उसका कैंसर उनके कुछ अंगों में फैल गया था, डॉक्टरों ने परिवार को सूचित किया कि उनके कुछ महीनों से ज्यादा जीवित रहने की बहुत कम संभावना है। बीमारी की जटिलताओं के कारण, उन्हें जल्द ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक दोपहर, जैसे ही उनके प्राण निकले, मेरे चाचा ने देखा कि उनका अपना अशक्त शरीर अस्पताल के बिस्तर पर पड़ा था और वह अस्पताल के कमरे की छत के पास तैर रहे थे। उन्होंने देखा कि डॉक्टर उन्हें पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उसकी पत्नी और बच्चे रो रहे थे। वह बोले गए हर शब्द को सुन सकते थे और हर अभिव्यक्ति को देख सकते थे, इससे पहले कि वह अपने शरीर में वापस धकेल दिये जाएं, जिसे उन्होंने सफेद रोशनी की एक विशाल गेंद के रूप में वर्णित किया था।

बीमारी की पुनरावृत्ति के आगे घुटने टेकने से पहले, वह अपने डॉक्टरों के आश्चर्य के लिए, पांच साल तक और जीवित रहेंगे।

## शरीर अनुभव से परे

एक ओबीई, जिसे अतिरिक्त-शारीरिक अनुभव (ईसीई) के रूप में भी जाना जाता है, एक ऐसी घटना है जहां चेतना अलग हो जाती है और मानव शरीर से दूर हो जाती है, और इस प्रकार वह एक वास्तविकता का अनुभव करने में सक्षम होती है जो इस सहजता से कहीं अधिक सूक्ष्म है। इस घटना को सूक्ष्म प्रक्षेपण, सूक्ष्म यात्रा और आत्मा यात्रा के रूप में भी जाना जाता है।

शोधकर्ता रॉबर्ट क्रूकल ने शरीर के बाहर के हज़ारों अनुभवों को यह देखने के लिए संकलित किया कि क्या उन्हें अपने साथ साझा किए गए अद्वितीय अनुभवों में सामान्य तत्व मिल सकते हैं। उनका निष्कर्ष था कि ओबीई किसी भी प्रकार की विश्वास प्रणाली का परिणाम नहीं हैं और यह सांस्कृतिक परवरिश से स्वतंत्र हैं।

ओबीई से पहले के सात सबसे आम तत्व हैं- स्लीप पैरालिसिस; बढ़ी हुई हृदय गति; उष्ण संवेदनाएं; शरीर में कंपन या झुनझुनी; एक गूंजती ध्वनि; सिर पर दबाव (हल्का से गंभीर); डूबने या तैरने, या अप्रत्याशित जुड़ाव और चांदी की रस्सी।

अनेक मृतप्राय और शरीर से इतर के अनुभवकर्ताओं ने उनके भौतिक काया को आध्यात्मिक काया से जोड़ने वाली एक गर्भनाल जैसी रस्सी को देखने का वर्णन किया है। अनेक धार्मिक परंपराएं इस आत्मा-शरीर को जोड़ने वाली रस्सी का वर्णन करती हैं, जिसे आमतौर पर चांदी की रस्सी के रूप में जाना जाता है।

चांदी की रस्सी को चिकना, बहुत लंबा, बहुत चमकीला, प्रकाश से बनी एक लचीली तार जैसा, लगभग एक इंच चौड़ा और भौतिक शरीर पर अनेक संभावित स्थानों में से एक से जुड़ा बताया गया है। अनेक अनुभवी लोगों ने चांदी की रस्सी का खिंचाव महसूस किया है जब वह लगभग अपनी सीमा तक खिंच जाती है।

ओबीई को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है - सहज और प्रेरित।

सहज ओबीई में ऐसे अनुभव शामिल होते हैं जो नींद के दौरान या उसके आस-पास होते हैं। कई मामलों में, जो लोग नींद के कगार पर ओबीई रिपोर्ट होने का दावा करते हैं, या अनुभव से कुछ समय पहले ही सो रहे होते हैं। इनमें से अधिकतर मामलों में व्यक्ति स्वयं को जाग्रत होने का अनुभव करते हैं; उनमें से लगभग आधे नींद पक्षाघात की भावना को नोट करते हैं।

सहज ओबीई का दूसरा रूप निकट-मृत्यु अनुभव (एनडीई) है। कुछ विषयों में गंभीर शारीरिक आघात के समय ओबीई होने की रिपोर्ट मिलती है, जैसे किसी दुर्घटना के दौरान, बड़ी सर्जरी या लगभग घातक बीमारी के कारण उत्पन्न जटिलताओं से। एनडीई में भौतिक शरीर के बाहर होने के छवियां शामिल हो सकती हैं।

> आध्यात्मिक यात्रा साधक के लिए एक उपकरण है। व्यति आध्यात्मिक यात्रा के अनुभवों को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन की गई साधना में संलिप्त हो सकता है । परम ज्ञानी यात्री के लिए आध्यात्मिक यात्रा के अनुभव की सामग्री को साधना संभव है।

एनडीई के समान ही, उच्च ऊंचाई पर चढ़ाई और मैराथन दौड़ जैसी गतिविधियों के दौरान अत्यधिक शारीरिक प्रयास ओबीई को प्रेरित कर सकते हैं। जमीनी और वायु-आधारित दोनों दृष्टिकोणों को एक साथ अनुभव करने से, बाइलोकेशन की भावना को अनुभव किया जा सकता है।

कई लोगों ने गहन ध्यान के दौरान ओबीई की सूचना दी है। ऐसे ओबीई में अक्सर विभिन्न नक्षत्रीय क्षेत्रों की यात्रा और आध्यात्मिक मार्गदर्शकों और गुरुओं से मिलना शामिल होता है।

**प्रेरित ओबीई :** ओबीई को रासायनिक मतिभ्रम, विशेष रूप से विघटनकारियों द्वारा प्रेरित किया जा सकता है। अनेक मानसिक प्रेरणा तकनीकें भी हैं जैसे ध्यान, गहन समाधि के साथ-साथ परिकल्पना जैसे कि व्यक्ति के शरीर से बाहर निकलने हेतु रस्सी पर चढ़ना, अपनी काया से बाहर निकलना, तोप से उड़ाया जाना, और इसी तरह के अन्य दृष्टिकोण।

## आध्यात्मिक यात्रा

आध्यात्मिक यात्रा को कभी-कभी पारलौकिक या परमानंद अनुभव कहा जाता है क्योंकि यह भौतिक इंद्रियों के बजाय ''आंतरिक'' इंद्रियों से संबंधित है। यह भौतिक संसार से प्रत्यक्षतया स्वतंत्र होने की अवस्थाओं से भी संबंधित है। आध्यात्मिक यात्रा आध्यात्मिक साधक के लिए एक उपकरण है। व्यक्ति आध्यात्मिक यात्रा के अनुभवों को प्रेरित करने के लिए डिज़ाइन की गई साधना में संलिप्त हो सकता है । परम ज्ञानी यात्री के लिए आध्यात्मिक यात्रा के अनुभव की सामग्री को साधना संभव है।

## ओबीई के जीवन बदलने वाले लाभ

लोग अपनी आध्यात्मिक पहचान की आंतरिक जागृति और स्वयं की अपनी अवधारणा के पूर्ण रूपांतरण के बारे में बताते हैं। वे खुद को अधिक जागरूक और जीवित के रूप में देखते हैं - ब्रह्मांड के साथ एक होने के नाते। कई लोग दावा करते हैं कि अब मौत से डर नहीं लगता। पूर्वज्ञान, टेलीपैथी, पूर्वाभास, भविष्यवाणी, दिव्यता को देखने की क्षमता और कई अन्य मानसिक क्षमताओं को अक्सर शरीर के परे के अनुभवों से बढ़ाए जाने के बारे में बताया जाता है। इसका कारण वर्तमान में अज्ञात है, लेकिन कई लोग मानते हैं कि यह हमारी आंतरिक ऊर्जा प्रणालियों के साथ लयबद्ध और अधिक खुले होने का एक स्वाभाविक परिणाम है।

शरीर से बाहर होने पर व्यक्तियों द्वारा स्वयं को और दूसरों को ठीक करने की अनेक खबरें हैं। अक्सर यह उपचार शरीर के एक विशिष्ट क्षेत्र को निर्देशित केंद्रित विचार द्वारा शुरू किया जाता है।

मानव चेतना और आत्मा की असीम क्षमताओं के बारे में हमारी सीमित वैज्ञानिक समझ इसी कारण है कि हम अभी भी ओबीई जैसे अनुभवों को असामान्य के रूप में वर्गीकृत करते हैं, भले ही अधिक से अधिक सबूत, मानवता की अधिकांश आबादी को जीवनकाल में कम से कम एक बार शरीर से परे का अनुभव होने की ओर इशारा करते हैं।

व्यक्तिगत अनुभव, जो इस तथ्य की ओर इशारा करते हैं कि हम मृत्यु के बाद भी मौजूद हैं, हमें समझदार और अधिक दृढ़ बनाते हैं।

जीवन और मृत्यु को समझने के निहितार्थ - दो महान रहस्य, जिन्हें हम नियमित रूप से देखते और अनुभव करते हैं लेकिन पूरी तरह से समझने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे हैं - समस्त मानव जाति के लिए दूरगामी होंगे।

**लेखक आध्यात्मिक पुस्तकों की हिंगोरी सूत्र श्रृंखला के लेखक हैं।**

# ईर्ष्या बुराई की जड़ है



बुराई की समस्या ने दार्शनिकों के साथ-साथ आम लोगों को भी भ्रमित कर दिया है। सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ और सर्वव्यापी ईश्वर द्वारा, जिसे परोपकारी और न्यायी माना जाता है, बनाई गई इस दुनिया में बुराई क्यों बनी रहती है? शायद यह एक ऐसा मुद्दा है जिसने संशयवादियों और अज्ञेयवादियों को, साथ ही नास्तिक को भी आस्तिकों को पीटने की छड़ी दी है। अगर ईश्वर है तो आप बुराई की व्याख्या कैसे करते हैं? निश्चित रूप से, एक तार्किक सवाल उठाना है। और हमारे पास अभी भी इसका कोई ठोस जवाब नहीं है। हो सकता है, हमारे पास इसका कोई जवाब न हो, सिवाय उस एक कारण के जो अधिकांश धार्मिक विचारक प्रदान करते हैं - कर्म का सिद्धांत। लेकिन यह भी अनंत वापसी की समस्या का ठोस जवाब नहीं दे सकता है। और यह दुबारा एक ऐसा प्रश्न हो सकता है जो बहुत से परिणाम छोड़ता है। हालांकि, यद्यपि सभी बुराईयों को दार्शनिक रूप से नहीं समझाया जा सकता है, मगर दुनिया में व्याप्त बुराई के एक बड़े हिस्से को मनोवैज्ञानिक रूप से समझाया जा सकता है। और भगवान कृष्ण ने महाभारत के विभिन्न पात्रों को अलग-अलग समय पर अपने अनेक उत्तरों में इसे समझाया है। वह स्वतंत्र इच्छा की क्षमता के बारे में बात करते हैं जिसे मनुष्य को जीवन में अपने कार्यों का मार्गदर्शन करने के लिए दिया गया है। यह इस स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग नहीं कर रहा है जो इस दुनिया में ज्यादातर मामलों में बुराई की ओर ले जाती है। सही और गलत के बीच भेदभाव करने की क्षमता एक विशेष गुण की मांग करती है जिसे केवल संस्कृत शब्द विवेक द्वारा समझाया जा सकता है, जिसका अंग्रेजी में शायद ही कोई समकक्ष शब्द हो। तो, भगवान दुर्योधन की मूर्खता पर टिप्पणी करते हुए कहते हैं कि आदमी की दासता उसकी अपनी अविवेकपूर्ण सोच का परिणाम होती है। विनाश काले विपरीत बुद्धि यही उन्होंने कहा था। और यह ईर्ष्या ही है जो इस अविवेकपूर्णता का मार्गदर्शन करती है। ईर्ष्या उन तीन बुनियादी भावनाओं में से एक है जिनके साथ मनुष्य पैदा होता है, अन्य दो भावनाएं प्रेम और क्रोध हैं। अन्य भावनाएं इन तीनों की अभिव्यक्ति हैं। यह ईर्ष्या ही थी जिसके कारण केन द्वारा एबल की हत्या की गई, जैसा कि बाइबल हमें बताती है। भारतीय पौराणिक ग्रंथों की कहानियां भी इसी तरह की कहानियां बताती हैं कि कैसे ईर्ष्या ने बुराई को जन्म दिया। तो, ईर्ष्या हमेशा इस दुनिया में सदियों से सबसे अधिक बुराई का कारण साबित हुई है। प्राचीन से, मध्यकाल से लेकर आधुनिक काल तक, इतिहास में ऐसे पूर्ण उदाहरण हैं जो इस परिकल्पना की पुष्टि करते हैं। कई राज्य ईर्ष्या के कारण नष्ट हो गए, कई युद्ध ईर्ष्या के कारण लड़े गए। ईर्ष्या अनिवार्य रूप से एक राक्षसी गुण है जो एक फूला हुआ या चोटिल अहंकार से उत्पन्न होती है। अधिकांश समय, बल्कि हर समय ईर्ष्या वास्तविकता की अस्वीकृति और अनुचित कारण का परिणाम है। इस पृष्ठभूमि में आइए हम पेगासस से संबंधित मौजूदा जासूसी विवाद की जांच करें। लोग दूसरों की जासूसी क्यों करते हैं? दूसरों में यह दिलचस्पी क्यों? सरल कारण ईर्ष्या है। दूसरे आदमी के हित में क्या है जो केवल वर्जित महसूस करते हैं। ईर्ष्या असुरक्षा का परिणाम है। किसी की स्थिति को लेकर असुरक्षा। लेकिन जो लोग खतरे को समझते हैं वे ही दोषी नहीं हैं। कुछ निहित स्वार्थों द्वारा संप्रेषित सुझावों और विपरीत संदर्भों द्वारा अक्सर खतरा पैदा होता है। यह कुछ झूठे विश्वासों के परिणामस्वरूप होने वाली एक पागल प्रतिक्रिया है जिसे मानव अहंकार पोषित करता है। डर है कि किसी और की उपस्थिति के कारण किसी की स्थिति खतरे में है। लेकिन यह एक भ्रांति है। जब कोई पद धारण कर रहा है तो वह अपने आप में सीमित जीवन के साथ क्षणिक है, इसे खोने का डर क्यों है। शायद यही समस्या की जड़ है। अस्थायी दुनिया में स्थायी स्थिति की अपेक्षा करना।



प्रमोद पाठक



# ईश्वर की अभिव्यतियां

भगवद् गीता में, अर्जुन भगवान कृष्ण से व्यक्ति के रूप में भगवान की पूजा करने या उसके अप्रकट रूप में भगवान की पूजा करने से संबंधित गुणों के बारे में पूछते हैं। (12.1) भगवान ने उत्तर दिया कि व्यक्ति के रूप में उनकी पूजा करना श्रेष्ठ है। (12.2) क्योंकि भगवान के अव्यक्त रूप की पूजा करके सफलता प्राप्त करना कहीं अधिक कठिन है। (12.5) इसलिए, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हम आम तौर पर भगवान की उनके प्रकट रूपों में पूजा करते हैं। अप्रकट रूप के महान प्रतिपादक आदि शंकराचार्य ने भी ''भज गोविंदम'' ग्रंथों की रचना की ताकि आम आदमी आसानी से भक्ति मार्ग पर चल सके।

भगवान के प्रकट रूपों में उनकी पूजा करने के लिए, हम उनके विभिन्न अवतारों के भगवान की मूर्तियां और तस्वीरें बनाते हैं। इन मूर्तियों और तस्वीरों की मंदिरों व घरों में नियमित रूप से पूजा की जाती रही है। मंदिरों में, मूर्ति की पूजा आमतौर पर ''प्राण प्रतिष्ठा'' समारोह के बाद शुरू की जाती है। बहुत सारे पुजारियों के साथ -जिन्हें विशेष रूप से इस उद्देश्य के लिए आमंत्रित किया जाता है, -बहुत भव्य समारोह आयोजित किया जाता है, अनेक मंत्रों का जाप करते हैं। सरल भाषा में, वे ईमानदारी से भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि मूर्ति को अपनी उपस्थिति के साथ आशीर्वाद दें। लेकिन ईश्वर, सर्वव्यापी, हर जगह मौजूद है। फिर यह प्रार्थना क्यों? इसका उत्तर ''दर्शन'' से प्राप्त किया जा सकता है जो भगवान अपने उन भक्तों को देते हैं, जो उन्हें अपनी तपस्या से प्रसन्न करते हैं। ऐसे भक्तों को अपनी पसंद का कोई वर मांगने की अनुमति होती है। और यदि वर उचित हो तो प्रभु उसे प्रदान करते हैं।

अध्यात्म की राह पर चलना आसान नहीं है। अभ्यासियों को बहुत अधिक सहायता, प्रतिक्रिया आदि की आवश्यकता होती है। यह आशा करते हुए कि उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया गया है, मूर्ति की नियमित पूजा, जिसे अब देवता कहा जाता है, शुरू की जाती है। लेकिन तब क्या होता है अगर नियमित पूजा बंद कर दी जाती है। मंदिर अनुपयोगी हो जाता है या किसी भी कारण से त्याग दिया जाता है। तब परमश्वर की विशेष उपस्थिति का उद्देश्य क्या होगा? कोई नहीं। और, इसीलिए, जैसे ही वह आने के लिए सहमत हुआ, परमेश्वर चला जाता है। और देवता पत्थर की मूर्ति की अपनी मूल पहचान में वापस आ जाते हैं।

भौतिक संसार में भगवान के अवतार सीमित अवधि के लिए ही होते हैं। जब भगवान रामचंद्र ने अपनी उपस्थिति से पृथ्वी ग्रह को आशीर्वाद दिया, तो उन्होंने जिस उद्देश्य / उद्देश्यों के लिए अवतार लिया था, वो पूरा होते ही वे वापस चले

**ईश्वर की कृपा की कोई सीमा नहीं है। अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है कि वह हमारी मदद करने के लिए कई प्रकार से प्रकट होते हैं**

गए। भगवान कृष्ण ने भी वही किया। इसी तरह, मंदिरों में, भगवान की उपस्थिति तब तक होती है जब तक वह अपने उद्देश्य की पूर्ति नहीं करता।

परमेश्वर न केवल मानव जाति पर ऐसे उपकार करता है, बल्कि और भी बहुत कुछ करता है। बल्कि वह हमेशा सजगता से काम में लगा रहता है। (3.23) यद्यपि उसके लिए किसी कर्तव्य की कोई बाध्यता नहीं है। (3.22), वह उन लोगों के प्रति बहुत दयालु है जो उसकी शरण लेते हैं। उनकी कृपा से वे परम शांति प्राप्त करते हैं। (18.62) वह बहुत उच्च अवस्था है। यहां तक कि एक नौसिखिया के लिए भी, जो सिर्फ किसी चीज के लिए प्रार्थना करता है, भगवान उसे प्रतिउत्तर देते हैं। वह उसे कुछ देते हैं जो जरूरी नहीं कि जिसकी प्रार्थना की गई हो। व्यथित व्यक्तियों, जिज्ञासु व्यक्तियों, धन की चाह रखने वालों और बुद्धिमान व्यक्तियों व सभी के द्वारा की गयी पूजा का उचित प्रतिदान मिलता है। जो दुखी हैं उनके लिए ईश्वर किन्हीं माध्यमों से कुछ सहायता की व्यवस्था करता है।

बहुतों को ऐसे अनुभव हुए हैं जब कोई चमत्कारिक रूप से प्रकट हुआ और सहायता प्रदान की। जिज्ञासुओं के लिए, भीतर स्थित भगवान, ज्ञान रूपी दीपक से अज्ञान से उत्पन्न अंधकार का नाश करते हैं। (10.11) धन चाहने वाले भी निराश नहीं होते। (18.78) भगवान अपने कुछ भक्तों को अपना यंत्र बनाकर उनका साथ देते हैं जैसे उन्होंने महाभारत युद्ध में अर्जुन को बनाया था। (11.33) जो लोग ईश्वर के निर्देशों का प्रचार करते हैं, वे उन्हें बहुत खुश करते हैं (18.69), और ईश्वर उन्हें आध्यात्मिक ग्रंथों को लिखने/रचने में भी मदद करते हैं। बहुतों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने जो लिखा वह उनके जरिए लिखा नहीं गया; भगवान ने मदद की। ईश्वर की कृपा की कोई सीमा नहीं है। वह हमारी मदद करने के लिए कई तरह से प्रकट होता है। आइए हम चूकें नहीं।

# कला उपचारक हो सकती है

कला केवल रचनात्मकता तक ही सीमित नहीं है; यह उससे परे है। यह एक ऐसा सेतु है जो हमारे मन, तन और आत्मा को जोड़ता है। सदियों से लोग अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और अपनी समृद्धि में सुधार करने के लिए कला का उपयोग करते थे। कला और आत्मा के बीच के संबंध को अतीत से हासिल जा सकता है जब स्केचिंग, ड्राइंग,

**आरती जावेरी कह रही हैं कि चिकित्सा के रूप में कला इस विचार में निहित तकनीक है कि रचनात्मक अभिव्यति मानसिक कल्याण को बढ़ावा दे सकती है**



पेंटिंग और मॉडलिंग जैसी गतिविधियों का उपयोग भावनाओं, विचारों को व्यक्त करने और तनाव व अवसाद को कम करने के लिए किया जाता था।

कला की उपचार शक्ति निर्विवाद है। कला हमेशा सकारात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और आत्म-विकास का पर्याय रही है। रंग, पैटर्न, और अन्य उन लोगों के लिए चिकित्सा का काम करते हैं जो नकारात्मक भावनाओं से घिरे हुए हैं। ये उन्हें राहत प्रदान करते हैं। कला के उपचार कारक को महसूस करने के लिए आपको पेशेवर होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी अनुभूति कोई भी कर सकता है। यह कुछ रचने की प्रक्रिया में स्वयं को लीन करने का मंत्र है।

कला तन मन और आत्मा पर काम करती है। यह मस्तिष्क के दोनों पक्षों को सक्रिय करने में मदद करती है। चिकित्सा के रूप में कला इस विचार में निहित तकनीक है कि रचनात्मक अभिव्यक्ति मानसिक कल्याण को बढ़ावा दे सकती है। हमारे शरीर के संदर्भ में, इसमें हमारी इंद्रियां, स्पर्श की भावना, गंध और दृष्टि शामिल हैं। इसके मौखिक चिकित्सा से अधिक फायदे हैं क्योंकि इसमें उस सामग्री, बनावट वाली वस्तुओं के साथ काम करना शामिल है जो पूरे शरीर का उपयोग करती हैं, यह इस अनुभव में दिल की धड़कन और मांसपेशियों की गति को नियंत्रित करने में मदद करती है। कला के साथ उपचार इस प्रकार बहुत सुकून भरा हो सकता है। आत्मा के स्तर पर, यह हमें अपनी उत्तम ऊर्जाओं से जुड़ने और अपनी भावनाओं व अवचेतन के बारे में अधिक आत्म-जागरूक बनने में मदद कर सकता है।

**चिकित्सा के रूप में कला आपको निम्न समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकती है :**

- चिंता
- अवसाद
- खानपान अनियमितता
- भावनात्मक कठिनाइयां
- परिवार या संबंध की समस्या
- आधात उपरांत तनाव की समस्या (पीटीएसडी)
- तनाव
- पदार्थ उपयोग विकार

अंतिम उद्देश्य है बर्फ को तोड़ना और अवांछित विषाक्त तत्वों से खुद को मुक्त करना है। चिकित्सा के रूप में कला अन्वेषण करना है। यह जीतने के बारे में नहीं है बल्कि प्रयोग करने के बारे में है।

व्यक्ति पारंपरिक कला से आगे भी विस्तार कर सकता है। गति, संगीत, या लिखित शब्द जैसे रचनात्मक प्रयासों को शामिल करने के लिए कार्डबोर्ड, पुराने कपड़ों, रजाई के कपड़े जैसी सामग्री के साथ खेलें, या दृश्य कला से परे अपनी परिभाषा को व्यापक बनाएं।

कला के साथ स्वयं को जोड़ने से उन तनाव हार्मोन को संतुलित करने में मदद मिल सकती है जो अवसाद और चिंता, मधुमेह और उच्च रक्तचाप सहित कई तरह की बीमारियों के लिए जिम्मेदार हैं। यह सब भारी दवाओं व दुष्प्रभावों की चिंता किए बिना हासिल किया जा सकता है।

तो, कला को अवसर दें कि वो आपके मन, तन और आत्मा को समग्र सकारात्मकता से रंग दे और आपको तनाव से मुक्त करे।

**-लेखक विजुअल कलाकार हैं।**